जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

चूरू

Rashtradoot

फोनः- 256906, 256907, फैक्सः- 01562-256908 वर्षः 16 संख्याः 357 प्रभात चूरू, शनिवार 26 अप्रैल, 2025 पो. रजि. न. चूरू/084/2019-21 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## भारत ने अपने ''रैस्पाँस'' से पाकिस्तान के गले के फंदे को और टाइट किया

### वैसे भी पाकिस्तान की इकोनॉमिक स्थिति पहले ही बड़ी नाज़ुक थी, महँगाई 2025 के प्रारम्भ में 20.8 प्रतिशत हो गई थी, पाकिस्तानी रूपया, अमेरिकी डॉलर की तुलना में गत दो वर्ष में 30 प्रतिशत वैल्यू खो चुका है

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 अप्रेल। पहलगाम में हुआ नरसंहार, जिसमें 26 भारतीय पर्यटकों को एक क्रूर आतंकी हमले में मौत के घाट उतार दिया गया, उपमहाद्वीप की पहले से ही असहज शांति में एक गंभीर मोड़ बन गया है। भारत ने इस हमले के लिए पाकिस्तान-स्थित जिहादी नेटवर्क को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराते हुए कई कड़े दंडात्मक कदम उठाए हैं, जिन्होंने इस्लामाबाद की पहले से ही कमजोर नींव को हिला दिया है। सिंधु जल संधि को निलंबित करना, व्यापार मार्गों को अचानक बंद करना और वीज़ा प्रक्रिया को पूरी तरह से रोक देना, इन सबने पाकिस्तान को आर्थिक, कूटनीतिक और मानसिक रूप से घेर लिया है।

एक ऐसा देश, जो पहले ही बेलगाम महंगाई, भारी विदेशी कर्ज और लगातार राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहा है,

- पाकिस्तान का विदेशों से लिया हुआ ऋण जीडीपी का 40 प्रतिशत हिस्सा हो गया है।
- भारत द्वारा ''इंडस वॉटर ट्रीटी'' के तहत पाकिस्तान को पानी छोड़ने से मना करने से पाकिस्तान कांप गया है, क्योंकि पाकिस्तान का कृषि उत्पाद, उसकी जीडीपी का चौथाई हिस्सा है तथा 40 प्रतिशत जनसंख्या को रोजगार प्रदान करता है।
- पानी बंद होने से फूड सप्लाई प्रभावित होगी तथा इससे जो इकोनॉमिक नुकसान होगा वह जीडीपी के दो प्रतिशत के बराबर होगा।
- ट्रेड रूट्स बंद करने से लगभग 2 अरब डॉलर का नुकसान होगा, पड़ोसी देश से व्यापार तब तक के लिए बंद हो जायेगा, जब तक कि पाकिस्तान आयात के लिए वैकल्पिक रास्ते व स्रोत नहीं ढूंढ़ लेता।
- इस इकोनॉमिक ''डाउन टर्न'' के कारण विदेशी मुद्रा का निवेश, जो पहले ही घट रहा था, और घट जायेगा और इकॉनमी का ''रिवाइवल'' और कठिन होगा।

उसके लिए भारत की यह प्रतिक्रिया एक करारी चोट है। संदेश स्पष्ट है: इसकी कीमत चुकानी होगी-और वह कीमत असहनीय होगी। अब पाकिस्तान चारों तरफ से घिर गया है, और उसकी हुकूमत को घरेलू असंतोष और आर्थिक पतन स्पष्ट नज़र आ रहा है।

पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था, जो पहले ही नाजुक हालत में थी, अब टूटने की कगार पर है। देश गंभीर महंगाई से जूझ रहा है-2025 की शुरुआत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 20.8 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इससे जीवन, यापन की लागत, खासकर कामकाजी और मध्यम वर्ग के लिए, असहनीय हो गई है। पाकिस्तानी रुपया पिछले दो वर्षों में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले करीब 30 प्रतिशत से अधिक गिर चुका है, जिससे आयात महंगा हो गया है और रोज़मर्रा की चीज़ें आम जनता की पहुंच से बाहर हो गई हैं। इसके

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## नाबालिग छात्रा का अपहरण-दुष्कर्म करने वाले शिक्षक को 20 साल की सजा

जयपुर, 25 अप्रैल। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-1 महानगर द्वितीय ने 12वीं कक्षा की छात्रा का अपहरण कर उसके साथ कई बार दुष्कर्म करने वाले अजब सिंह उर्फ अमित को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही, अदालत ने अभियुक्त पर 65 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन अधिकारी जगमोहन अग्रवाल द्वितीय ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त 18 साल से कम उम्र की पीड़िता को उसके माता-पिता की मंजूरी के बिना कथित विवाह व संभोग करने के आशय से बहलाकर कई जगह पर ले गया। उसने कई जगहों पर पीड़िता के साथ संबंध

- नाबालिग छात्रा एक निजी स्कूल में 12वीं कक्षा में पढ़ती थी व अभियुक्त वहाँ पढ़ाता था।

बनाए। यदि इसमें पीड़िता की सहमति भी रही हो तो भी यह अपराध की श्रेणी में माना जाएगा, क्योंकि नाबालिग की सहमति कानून में कोई महत्व नहीं रखती है।

अभियोजन पक्ष की ओर से मातादीन शर्मा ने बताया कि पीड़िता के पिता ने ब्रह्मपुरी पुलिस थाने में 6 अक्टूबर 2018 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उसकी नाबालिग बेटी निजी स्कूल में कक्षा 12वीं में पढ़ती है और अभियुक्त भी वहां पढ़ाता है। उसकी बेटी 5 अक्टूबर को स्कूल से दोपहर दो बजे आ गई थी। उसने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## भारत अब नये हाइड्रो पॉवर प्रोजैक्ट्स पर भी काम शुरु कर रहा है

### यह हाइड्रो पॉवर अब तक लटके हुए थे, पाकिस्तान द्वारा इंडस वॉटर ट्रीटी को आधार बनाकर लगातार आपत्ति जताने के कारण

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 अप्रेल। संक्षिप्त अवधि, मध्यम अवधि तथा दीघकालीन योजनाओं पर काम करते हुये तथा यह सुनिश्चित करने का प्रयास करते हुये कि पाकिस्तान को ''पानी की एक बूँद'' नहीं मिले, भारत ने सिन्धु जल समझौते (इन्डस वॉटर्स ट्रीटी) को स्थगित कर दिया है। इसके अलावा भी, भारत कुछ अन्य उपायों पर विचार कर रहा है, जिनमें उन हाइड्रोपावर प्रोजेक्टों के काम में तेजी लाना शामिल है, जिन पर पाकिस्तान ने, ट्रीटी का हवाला देते हुये, आपत्ति जताई थी। सूत्रों ने कहा कि भारत, पाकिस्तान को हाइड्रोलॉजिकल डेटा उपलब्ध कराना बंद करने की योजना भी बना रहा है। जाहिर है, इस प्रकार के डेटा बाढ़ और सूखा प्रबन्धन के लिये पड़ोसी देश के लिये अति आवश्यक तथा महत्वपूर्ण हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, सरकार ने कुछ और कदम उठाने का भी निर्णय लिया है, जैसे बाँधों की डी-सिल्टिंग, नदियों के पानी का रास्ता एवं दिशा बदलने के तरीकों तथा नये बाँध बनाने के विकल्प।

- साथ ही अब भारत ने पाकिस्तान को इन नदियों में पानी की आवक, बरसात के आंकड़े आदि देना भी बंद कर दिया है। ये हाइड्रोलॉजिकल डेटा पाकिस्तान के लिये बहुत अहमियत रखता है, बाढ़ व सूखे की स्थिति का सामना करने के लिए।
- भारत सरकार इन नदियों पर बने बाँधों पर ''डीसिल्टिंग'' का काम भी शुरु कर रही है तथा नदियों का पानी डाइवर्ट करने के तरीकों, जैसे नये बाँध बनाने की योजनाओं, पर कार्यवाही शुरु कर दी है।
- भारत इस बात की कोशिश में है कि पाँचों नदियों, व्यास, रावी, सतलज, चेनाब, इंडस व झेलम, का पानी पाकिस्तान न पहुँचे।

भारत और पाकिस्तान ने ''सिन्धु जल समझौता'' पर 1960 में हस्ताक्षर किये थे। इस समझौते पर, विश्व बैंक अतिरिक्त हस्ताक्षरकर्ता था। इस समझौते में सिन्धु तथा उसकी सहायक नदियों के पानी को भारत और पाकिस्तान के बीच बराबर बाँटने की कोशिश की गई थी। समझौते के तहत, तीन पूर्वी नदियों-व्यास, रावी और सतलज का पानी भारत को तथा तीन पश्चिमी नदियों - चिनाब, सिन्धु और झेलम का पानी पाकिस्तान को आवंटित किया गया था।

शुक्रवार को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के आवास पर हुई एक मीटिंग में, सर्वसम्मति से यह बात उभर कर आई कि नई दिल्ली को उन सभी चुनौतियों से निपटने के लिये तैयार रहना चाहिये,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी की सावरकर के खिलाफ टिप्पणी पर आपत्ति की

### सुप्रीम कोर्ट ने यह चेतावनी भी राहुल गाधी को दी, कि अगर ऐसी टिप्पणी दोहराई गई तो उनके खिलाफ कार्यवाही करेगा सुप्रीम कोर्ट और इस मुतल्लिक सम्मन भी जारी होंगे

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 अप्रेल। वीर सावरकर के खिलाफ राहुल गांधी की टिप्पणी के लिये शुक्रवार को सर्वोच्च न्यायालय ने उनकी खिंचाई की, लेकिन सम्मनों पर स्टे दे दिया।

अदालत ने गांधी को चेतावनी दी कि अगर उन्होंने इस प्रकार के बयान दिये तो अदालत अपनी ओर से ही कार्यवाही शुरु कर देगी।

अदालत ने राहुल के इस बयान पर कड़ी आपत्ति की कि विनायक दामोदर सावरकर अंग्रेजों के सहयोगी थे तथा अंग्रेज उन्हें पेन्शन देते थे।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता तथा मनमोहन की बैंच ने कहा कि इस स्वतंत्रता सेनानी के खिलाफ दिया गया बयान गैर जिम्मेदाराना है तथा अगर उन्होंने आगे भी ऐसे ही बयान दिये तो अदालत स्वत: संज्ञान कार्यवाही शुरु कर देगी। तथापि,

- कोर्ट ने राहुल गांधी को स्मरण कराया, कि देश की पूर्व प्र.मंत्री व उनकी दादी इंदिरा गांधी ने भी सावरकर को चिट्ठी लिखकर उनकी तारीफ की थी।
- राहुल गांधी ने सावरकर के बारे में कहा था, कि वे ब्रिटिश सरकार के नौकर थे तथा उन्हें ब्रिटिश सरकार से पेंशन भी मिलती थी।

बैंच ने उन सम्मनों पर स्टे दे दिया, जो विवादास्पद बयानों को लेकर उनके खिलाफ चल रहे एक क्रिमिनल केस में एक मजिस्ट्रेट कोर्ट ने जारी किये थे।

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा, ''आपने कानून का एक अच्छा बिन्दु प्रस्तुत किया तथा आपको स्टे मिल जायेगा। लेकिन उनके द्वारा आगे दिये गये ऐसा किसी बयान का स्वत: संज्ञान ले लिया जायेगा। स्वतंत्रता सेनानियों के खिलाफ एक भी शब्द नहीं। उन्होंने हमें आजादी दिलाई और हम उनके साथ इस तरह पेश आयें? नोटिस जारी कीजिये। ऑर्डर पर स्टे (दिया जाता है)।

स्टे देते हुये, बैंच ने यह बात विशेषरुप से कही कि राहुल गांधी की दादी तथा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सावरकर को लिखे पत्रों में उनकी प्रशंसा की थी।

राहुल गांधी की ओर से प्रस्तुत हुये वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी से मुखातिब होते हुये, अदालत ने कहा, ''क्या उन्हें (राहुल) मालूम है कि महात्मा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## पाक नागरिकों को जारी वीज़ा 27 अप्रैल से रद्द

नयी दिल्ली, 25 अप्रैल। भारत ने पाकिस्तानी नागरिकों को जारी मेडिकल वीजा को छोकर अन्य वीज़ा 27 अप्रैल से तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिए हैं ।

केंदीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक आदेश में कहा है कि पाकिस्तानी नागरिकों को जारी दीर्घकालिक , राजनयिक और आधिकारिक वीज़ा रद्द नहीं किए गए हैं। मेडिकल वीजा को भी कुछ राहत दी गई है और ये 29 अप्रैल तक वैध रहेंगे।

- दीर्घकालिक, राजनयिक व अधिकारिक वीज़ा कायम रहेंगे और मैडिकल वीज़ा को भी राहत दी गई है।

आदेश में कहा गया है कि इसके अलावा अन्य सभी श्रेणियों में जारी वीजा 27 अप्रैल से रद्द कर दिए गए हैं।

केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस की और उनसे इन आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'हम तीन दशक से आतंकवादियों को फण्ड कर रहे हैं और सपोर्ट दे रहे हैं'

### पाकिस्तान के रक्षा मंत्री आसिफ ने इंगलैंड की स्काई न्यूज़ को दिये गये इंटरव्यू में स्वीकार किया

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 अप्रैल। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि उनका देश लम्बे समय से आतंकी समूहों को प्रशिक्षण व पैसा दे रहा हैं, यह कोई साधारण काम नहीं है। इस बयान ने दशकों के इन्कार का पर्दाफाश कर वह सच सामने ला दिया है, जिसके लिए भारत लम्बे समय से कह रहा है, बल्कि इससे वह गंदा खेल भी उजागर होता है। कई दशकों से अमेरिका खेल रहा है, उन सरकारों को अस्थिर करने या गिराने के लिए जो अमेरिका के निर्देश को चुनौती देती है।

आसिफ ने यूके के स्काई न्यूज़ को दिए इंटरव्यू में कहा, ''हम पिछले लगभग तीन दशकों से संयुक्त राज्य अमेरिका और पश्चिम के लिए यह गंदा काम करते आ रहे हैं, जिनमें ब्रिटेन भी शामिल है।'' यह इंटरव्यू पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े हुए

- रक्षा मंत्री ने कहा, वे यह सब अमेरिका व पश्चिमी देशों, जैसे ब्रिटेन के लिए एक सुनियोजित नीति के तहत कर रहे थे।
- यहाँ यह उल्लेखनीय है कि भारत कई दशकों से पाकिस्तान के इन आतंकवादी समर्थक कृत्यों के बारे में हल्ला करता रहा है, पर, पाकिस्तान इससे इन्कार करता रहा है।

तनाव की पृष्ठभूमि में हुआ है। जम्मू-कश्मीर में कई वर्षों बाद हुआ यह सबसे घातक हमला था, जिसमें 26 लोग मारे गए व अधिकांश पर्यटक थे।

उन्होंने यह बात तब कही, जब उनसे पाकिस्तान की आतंकियों को फंडिंग के बारे में पूछा गया, उन्होंने आगे कहा कि देश के पिछले निर्णय ''गलती'' थे जिनसे दीर्घकालिक नुकसान हुआ।

उन्होंने कहा, ''अगर हमने सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध में और बाद में 9/11 के बाद युद्ध में भाग नहीं लिया होता तो पाकिस्तान का रिकॉर्ड बेदाग होता।''

उन्होंने वैश्विक शक्तियों पर उंगली उठाई।

उन्होंने कहा, ''बड़ी ताकतों के लिए पाकिस्तान को दोष देना सुविधाजनक था जिसने ''उनके पक्ष में'' 80 के दशक में सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध लड़ा। आज वे सभी आतंकवादी वॉशिंगटन में स्वागत-सत्कार पा रहे हैं।''

आसिफ ने कहा कि अमेरिका ने स्वयं सोवियत-अफगान युद्ध के दौरान आतंकियों को ''प्रॉक्सी'' के रूप में इस्तेमाल किया।

भारत ने बार-बार पाकिस्तान पर आतंकवादी संगठनों को शरण देने और समर्थन देने का आरोप लगाया है, विशेष रूप से जम्मू और कश्मीर में।

द रैजिस्टैंस फ्रंट (टीआरएफ), जो पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा का प्रॉक्सी है, ने पहलगाम नरसंहार की जिम्मेदारी ली है।

इस हमले के बाद भारत ने कठोर कूटनीतिक प्रतिक्रिया दी, जिसमें सिंधु जल संधि को निलंबित करना भी शामिल है। पाकिस्तान ने चेतावनी दी है कि यदि जल प्रवाह को रोका गया, तो इसे युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा, और उसने भी भारत के साथ व्यापार बंद करने और भारतीय विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद करने जैसे कदम उठाए हैं।

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने तनाव बढ़ने की चेतावनी दी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी कश्मीर पहुँचे

श्रीनगर, 25 अप्रैल। जम्मू-कश्मीर में बढ़ ते तनाव के बीच सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी शुक्रवार को कश्मीर पहुंचे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सेना प्रमुख के आगमन के तुरंत बाद उन्हें सेना के श्रीनगर स्थित 15 कोर कमांडर ने सुप्रसिद्ध पर्यटक स्थल पहलगाम के बैसरन मैदान में हमले के मद्देनजर आतंकवाद विरोधी

- वे पहलगाम हमले के बाद आतंकियों को पकड़ने के लिए चलाए जा रहे अभियान की समीक्षा करेंगे।

अभियानों के बारे में जानकारी दी। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे।

सेना प्रमुख को नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान द्वारा संघर्ष विराम उल्लंघन के बारे में भी जानकारी दी गई। सेना प्रमुख के श्रीनगर पहुंचने से कुछ घंटे पहले ही कुपवाड़ा जिले के नौगाम सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान की ओर से छोटे हथियारों से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## दो दिन में ही 1200 से ज्यादा ''कैन्सलेशन'' आए, कश्मीर के होटल व टूर ऑपरेटर्स के पास

### कश्मीर के ट्रैवल ट्रेड से जुड़े लोग, इस बार कश्मीर का ''बैस्ट सीज़न'' होने की आशा कर रहे थे, पर, पहलगाम के बाद सब आशाएं धूमिल हो गईं

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 अप्रैल। पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले ने न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा को आहत किया है, बल्कि कश्मीर की अर्थव्यवस्था के हृदय, यानी इसके पर्यटन उद्योग को भी तोड़ कर रख दिया है। जिस समय कश्मीर घाटी अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन नक्शे पर अपनी खोई जगह पुन: हासिल करने की कोशिश कर रही थी, उसी समय हुए इस नरसंहार ने इस रिकॉर्ड तोड़ने जा रहे टूरिस्ट सीज़न पर ब्रेक लगा दिए।

होटल खाली हो रहे हैं। बुकिंग कैंसल हो रही हैं और कश्मीर के होटल उद्योग में जो उत्साह और उल्लास का माहौल था, वहाँ अब निराशा व अवसाद नज़र आ रहा है। इस हिंसा का असर सिर्फ राजनैतिक और सैन्य क्षेत्र पर ही नहीं पड़ा, बल्कि इसका असर श्रीनगर के बाज़ारों में दिख रहा है, डल झील के शिकारों और गुलमर्ग और पहलगाम के होटलों पर दिख रहा है, जो कुछ समय पहले तक पर्यटकों से गुलज़ार थे। कश्मीर के लिए आतंकवाद की कीमत है, कैंसल होती ट्रिप्स तथा रोजगार व आजीविका का छिन जाना।

जम्मू कश्मीर के टूर ऑपरेटर्स व होटल वालों ने बताया है कि भारी मात्रा में बुकिंग कैंसल हुई हैं और भविष्य में बुकिंग की संभावना भी ठंडे बस्ते में हैं। अब तक 800 से 1200 बुकिंग्स कैंसल हो गई हैं और अगर सुरक्षा संबंधी भय का समाधान नहीं किया गया तो यह संख्या और बढ़ेगी।

- जैसा कि विदित ही है, पर्यटन का जम्मू-कश्मीर की जीडीपी में सात प्रतिशत का योगदान होता है तथा इस उद्योग से बीस लाख व्यक्तियों को रोजगार मिलता है।
- टूरिस्ट इण्डस्ट्री को केवल बुकिंग्स व आमदनी का ही नुकसान नहीं है, कश्मीर के टूरिज़्म की छवि आहत हुई है, जिसका नुकसान पैसों-टकों से नहीं आंका जा सकता।

जम्मू के एक ट्रैवल एजेंट रविंदर सिंह ने बताया कि ''मार्च और अप्रैल की उसकी 50 प्रतिशत बुकिंग्स रद्द हो चुकी हैं। इनमें से अधिकांश तो आतंकी घटना के कुछ ही घंटों में रद्द हो गई थीं। हम उम्मीद कर रहे थे कि कई सालों बाद इस बार बैस्ट टूरिस्ट सीज़न होने जा रहा है, पर अब ऐसा लगता है कि हम फिर वहीं पहुँच गए हैं।''

श्रीनगर के होटल कैसर के मालिक शेख उमर ने भी कहा कि उनके होटल में भी काफी बुकिंग्स कैंसल हुई हैं। पर लचीलापन भी है। ''हमें अभी भी मुम्बई और बैंगलुरू जैसे शहरों से फोन आ रहे है। लोग आना चाहते हैं, पर उन्हें सुरक्षा का भरोसा चाहिए।'' समूचा उद्योग जगत चिंतित है और इस कृत्य की आलोचना कर रहा है। जम्मू-कश्मीर होटलायर क्लब के अध्यक्ष मुश्ताक छाया ने साफ कहा कि ''यह स्थिति कश्मीरियों को स्वीकार्य नहीं है। इस घटना के पीछे जो लोग हैं, मैं उनसे प्रार्थना करता हूँ कि ऐसा मत कीजिए। यह स्वीकार्य नहीं है, लोग मारे जाते और अर्थव्यवस्था नष्ट हो जाती है।'' उनका बयान स्थानीय व्यवसायियों में बढ़ती निराशा और क्षोभ को दर्शाता है, जिसने आतंकवाद के दिनों में भारी संघर्ष किया है।

ट्रैवल एजेन्ट्स एसोसिएशन ऑफ कश्मीर के अध्यक्ष रऊफ ट्राम्बो ने कहा कि ''हम घटना की कड़ी निंदा करते हैं और शांति स्थापना के लिए सरकार को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा देते है। पर्यटकों की सुरक्षा सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण हैं।'' एसोसिएशन नुकसान की भरपाई के लिए सुरक्षा का भरोसा दिलाने के लिए प्रशासन के साथ मिलकर काम कर रही है।

जम्मू कश्मीर की जीडीपी का 7 प्रतिशत पर्यटन उद्योग है और 20 लाख

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## इसरो के पूर्व प्रमुख डॉ. कस्तूरीरंगन का निधन

बेंगलुरु,25 अप्रैल। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष , पूर्व सांसद एवं प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. के. कस्तूरीरंगन का शुक्रवार का बेंगलुरु में निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। डॉ. कस्तूरीरंगन का निधन आज सुबह 10:43 बजे हुआ।

- प्रधानमंत्री मोदी ने 84 वर्षीय डॉ. कस्तूरीरंगन के निधन पर शोक जताया तथा कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के निर्माण में उनके योगदान का देश हमेशा ऋणी रहेगा।

उनका पार्थिव शरीर 27 अप्रैल को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट (आरआरआई) में जनता के दर्शन के लिए रखा जाएगा।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ.

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

निरंतर विकास जीवन का एक नियम है। और जो भी व्यक्ति खुद को सही दिखाने के लिए अपनी रूढ़िवादिता को बरकरार रखने की कोशिश करता है वो खुद को एक गलत स्थिति में पंहुचा देता है। –महात्मा गांधी

# झुलसाने लगी लू और उड़ने लगे धूल के गुबार

रेतीले टीलों से आच्छादित राजस्थान सहित उत्तर भारत के अनेक प्रदेशों में लू का चलन आम बात है। अप्रैल की शुरुआत से ही गर्मी और लू ने लोगों को झुलसाना शुरू कर दिया है। गर्मी और लू के साथ धूल भरे गुबार उड़ने शुरू हो गए है। धूल भरे गुब्बारे यानि मौसमी आंधियां तब आती हैं जब तेज हवाएँ ज़मीन से बड़ी मात्रा में रेत और धूल के कण उठाती हैं तथा उन्हें लंबी दूरी तक ले जाती हैं। इन्हें राजस्थान के मरुस्थलीय क्षेत्रों में जन जीवन की सामान्य घटनाएं भी कह सकते है। गर्मी के मौसम में धूल भरी आंधी और लू चलनी शुरू हो जाती है। जिसके कारण हवाओं में धूल के कण मिलकर लोगों के नाक और मुंह में जाते हैं।

इससे लोगों को धूल–मिट्टी से एलर्जी होना सामान्य बात है। धूल के गुब्बारे के कारण सड़क पर पैदल, साइकिल, बाइक व बड़े वाहनों से चलने वालों का चलना दुश्वार हो जाता है। धूल के गुब्बारे उड़ने से सड़क पर घने कोहरे जैसा आलम पूरे दिन बना रह रहा है। इस रास्ते से खासकर बाइक, पैदल व साइकिल से गुजरने वाले लोग गर्द–गर्द हो धूल में नहाये से दिखने लग रहे हैं। वहीं धूल प्रदूषण का खतरा भी उत्पन्न हो जाता है। जिसके कारण इस सड़क किनारे बसी बस्तियों के लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। विशेषकर रेतीले क्षेत्रों में लोगों के घरों में बिस्तर से लेकर भोजन तक सड़क की धूल फैल सी जा रही है। जिससे लोगों का अपने घरों में रहना भी मुश्किल सा हो गया है। इसी के साथ पानी की किल्लत और बिजली की आँख मिचौली ने कोढ में खाज का काम किया है।

मौसम विभाग ने लू यानि हीटवेव का अलर्ट जारी कर दिया है। चिकित्सकों के मुताबिक धूल भरी आंधी और गुबार से नाक, नासिका, एलर्जी व रेस्पीरेटरी इंफेक्शन होने का आशंका बढ़ जाती है। धूल के कण सांस के साथ फेफड़ों तक पहुंच जाते हैं। इस कारण दमा व अस्थमा एवं दमा के रोगियों को भारी तकलीफ होती है। यही नहीं धूल के कण आंखों में चले जाने से आँखों की बीमारी का खतरा मंडराता है। गर्मी और गर्म हवाएं शरीर में अक्सर ऐसा असर डालती हैं, जिस वजह से जानलेवा स्थिति उत्पन्न हो जाती है। लू लगना भी इन्हीं स्थितियों में से एक है। धूप, गर्मी और गर्म हवा से शरीर को बचाकर ही हम इस स्थिति से बच सकते हैं। साल–दर–साल लू लगने से मरने वालों के आंकड़े में इजाफा होता ही जा रहा है। इसलिए, खुद को लू से बचाने के लिए लू लगना क्या होता है और इससे संबंधित अन्य सभी जानकारियों के बारे में पता होनी जरूरी है, क्योंकि, इलाज से बेहतर हमेशा बचाव होता है। लू के समय तापमान 45 डिग्री सेंटिठोड तक जा सकता है।

**गर्मी में खूब तरल पदार्थ का सेवन करें। प्रतिदिन 8 से 10 गिलास पानी जरूर पिएं। नारियल पानी, फलों से तैयार जूस पीना भी फायदेमंद होगा। दिन के समय खासकर 12 बजे से लेकर 3 बजे दिन तक घर से निकलने से बचें। धूप में बाहर बिना काम के ना घूमें। बहुत जरूरी काम से बाहर जाना पड़े तो छाता, टोपी, चश्मा, स्कार्फ पहनकर ही निकलें। घर आते ही ठंडा पानी पीने से बचें।**

गर्मियों के इस मौसम में लू चलना आम बात है। लू लगना गर्मी के मौसम की बीमारी है। लू गर्मी की एक समस्या है। इसका समय पर इलाज भी जरूरी है। इस दौरान हमारे शरीर का तापमान तेजी से बढ़ता है। बाहरी तापमान और गर्म हवा की वजह से शरीर ठंडा नहीं हो पाता और शरीर का तापमान 106 डिग्री फेरनहाइट या इससे भी ज्यादा हो जाता है। लू लगना, आतप ज्वर, ऊष्मा–मूर्छा (हीट स्ट्रोक या सन स्ट्रोक) शरीर की वह रुग्ण अवस्था है। लू लगने पर सिर में भारीपन महसूस होता है। खून का बहाव बॉडी में बहुत तेजी से होता है। सांसे काफी तेज चलती हैं। ऐसा लगता है जैसे शरीर टूट रहा है। अचानक से काफी तेज बुखार के साथ आंखों में भी जलन होती है और पानी आता है। लू के थपेड़े तन झुलसा रहे हैं। लू से शरीर की कार्यप्रणाली प्रभावित हो जाती है। जनहानि भी हो सकती है, इससे बचाव बहुत ही जरूरी है। धूप में घर से बाहर निकलें तो पानी पीकर और शरीर को पूरा ढंकने वाले कपड़े पहनें। धूप में छाते का इस्तेमाल करें। तरल पदार्थों का सेवन करते रहें। स्वास्थ्य खराब होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर दिखाएं। लू लगे व्यक्ति को छाया में, पंखे या कूलर के सामने लिटाएं। शरीर का तापमान कम करने के लिए गर्दन, सिर और पेट पर ठंडे पानी से गीला कपड़ा रखें।

लू लगने पर अगर तुरंत उपचार न मिले, तो मृत्यु या स्थायी विकलांगता भी हो सकती है। बड़े–बुजुर्ग कहते है गर्मी के दिनों में हल्का व शीघ्र पचने वाला भोजन करना चाहिए। चिकित्सक कहते है लू से बचने के लिए बाहर जाते समय खाली पेट नहीं जाना चाहिए। बार–बार पानी पीना चाहिए ताकि शरीर में जल की कमी नहीं होने पाए। पानी में नींबू व नमक मिलाकर दिन में दो–तीन बार पीते रहने से लू नहीं लगती। गर्मी के दौरान नरम, मुलायम, सूती कपड़े पहनना चाहिए जिससे हवा और कपड़े शरीर के पसीने को सोखते रहते हैं। प्याज का सेवन भी अधिक करना चाहिए एवं बाहर जाते समय कटे प्याज को जेब में रखना चाहिए। गर्मी में खूब तरल पदार्थ का सेवन करें। घर से बाहर निकल रहे हैं, तो अपने साथ पानी की बॉटल रखें। प्रतिदिन 8 से 10 गिलास पानी जरूर पिएं। नारियल पानी, फलों से तैयार जूस पीना भी फायदेमंद होगा। दिन के समय खासकर 12 बजे से लेकर 3 बजे दिन तक घर से निकलने से बचें। धूप में बाहर बिना काम के ना घूमें। बहुत जरूरी काम से बाहर जाना पड़े तो छाता, टोपी, चश्मा, स्कार्फ पहनकर ही निकलें। घर आते ही ठंडा पानी पीने से बचें। इससे आपको सर्द–गर्म लग सकता है। सर्दी, जुकाम, बुखार भी हो सकता है। हल्का, पौष्टिक और आसानी से पचने वाला भोजन करें। उन मौसमी फलों का सेवन करें, जिसमें पानी की मात्रा अधिक होती है। खरबूजा, तरबूज, नारियल, खीरा, ककड़ी, शिमला मिर्च में पानी की मात्रा अधिक होती है। इन्हें प्रतिदिन अपनी डाइट में शामिल करें।

**–अतिथि संपादक,**
**बाल मुकुंद ओझा,**
**वरिष्ठ लेखक और पत्रकार**

## राशिफल शनिवार 26 अप्रैल, 2025



पंडित अनिल शर्मा

वैशाख मास, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2082, उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र प्रातः 6:27 तक, वैधृति योग प्रातः 8:41 तक, वणिज करण प्रातः 8:28 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 3:39 से मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–मेष, चन्द्रमा–मीन, मंगल–कर्क, बुध–मीन, गुरू–वृष, शुक्र–मीन, शनि–मीन, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज भद्रा प्रातः 8:28 से सायं 6:39 तक है। आज मास शिवरात्रि है। आज चतुरदशी तिथि का क्षय हुआ है। पंचक रात्रि 3:39 तक है। आज वैधृति पुण्य है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 7:34 से 9:11 तक, चर 12:25 से 2:02 तक, लाभ अमृत 2:02 से 5:16 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 5:57, सूर्यास्त 6:53

**मेष**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। परिवार में वाद–विवाद बढ़ सकते हैं। खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**वृष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
धार्मिक–मांगलिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**सिंह**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आज पारिवारिक कार्यों के कारण मानसिक तनाव बना रहेगा। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

**कन्या**
व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित विवादों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ से राहत मिलेगी। धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**धनु**
घर–परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। सुख–सुविधाओं पर धन खर्च होगा। व्यावसायिक/आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**मकर**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

**कुंभ**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक विवादों से राहत मिलेगी।

**मीन**
पारिवारिक कारणों से मन में असंतोष बना रहेगा। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है।

# भारत ने बांग्लादेश को कड़ा झटका दिया, ट्रांसशिपमेंट सुविधा बंद करने से ढाका की अर्थव्यवस्था डगमगाई



सुनील दत्त गोयल

मोहम्मद यूनुस, जिन्हें एक 'डीप स्टेट' का समर्थक माना जाता है, शायद यह भूल गए हैं कि यह भारत अब पहले जैसा नहीं रहा। ना तो उन्हें व्यापार का ज्ञान है, ना ही राजनीति की उतनी समझ है जितनी होनी चाहिए। आज का भारत पहले से कहीं अधिक सशक्त और आत्मनिर्भर है। वह अब किसी भी प्रकार के दबाव की राजनीति में नहीं आता। यूनुस यदि अपने कंधे दूसरों को इस्तेमाल करने के लिए देते रहेंगे, तो यह न केवल बांग्लादेश के लिए खतरा बन सकता है, बल्कि पूरे क्षेत्रीय संतुलन को भी बिगाड़ सकता है।

उन्हें समझना चाहिए कि बांग्लादेश की राजनीतिक दिशा कोई ऐसा मुद्दा नहीं है जिस पर बाहरी सलाह या प्रभाव के आधार पर काम किया जाए। यदि वे अपने देश की नीतियों को किसी अन्य देश की सलाह पर आधारित करेंगे, तो वह दिन दूर नहीं जब बांग्लादेश भी ग़लत राह पर चल पड़ेगा – शायद उसी 'कंगाली' के रास्ते पर, जिस पर पहले भी कई देश फिसल चुके हैं। भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में अचानक तल्खी आ गई है। भारत ने बांग्लादेश को दी जाने वाली बहुप्रतीक्षित ट्रांसशिपमेंट सुविधा पर रोक लगाकर एक स्पष्ट और कड़ा संदेश दिया है – 'राष्ट्रहित सर्वोपरि है।' यह निर्णय उस समय आया है जब बांग्लादेश के नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस ने चीन में भारत विरोधी बयान दिए। परंतु यह केवल एक प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि एक रणनीतिक चाल है, जिसका दूरगामी असर बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाला है।

**ट्रांसशिपमेंट सुविधा क्यों थी बांग्लादेश के लिए जीवनरेखा?**

बांग्लादेश, विशेषकर रेडीमेड गारमेंट्स और फुटवियर उद्योग के लिए भारत का लॉजिस्टिक सहयोग एक जीवनरेखा जैसा था। बांग्लादेश के बंदरगाह – चटगांव और मोंगला – सीमित क्षमता के कारण अत्यधिक भीड़भाड़ और समय की बर्बादी से जूझते हैं। ऐसे में भारत के कोलकाता, दिल्ली, मुंबई और अन्य बंदरगाहों और हवाई अड्डों के माध्यम से ट्रांसशिपमेंट सुविधा मिलने से बांग्लादेश को यूरोप, अमेरिका और मध्य एशिया के बाजारों तक तेज़ और सस्ते निर्यात की सुविधा मिली थी।

भारत के जरिए होने वाले ट्रांसशिपमेंट से न केवल समय और लागत में कमीआई, बल्कि बांग्लादेशी निर्यातकों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बने रहने का मौका दिया। यही कारण था कि वर्ष 2024 में केवल पेट्रापोल सीमा से 357 करोड़ मूल्य का ट्रांसशिपमेंट हुआ।

भारत का कड़ा फैसला – कारण केवल यूनुस के बयान नहीं

हालांकि यूनुस के बयान ट्रिगर प्वाइंट साबित हुए, लेकिन भारत के इस फैसले के पीछे कई अन्य रणनीतिक पहलू भी हैं:

पूर्वोत्तर राज्यों को 'लैंडलॉक्ड' बताकर दबाव की रणनीति अपनाना: यूनुस ने यह कहा कि भारत के पूर्वोत्तर राज्य समुद्र से कटे हुए हैं और उन्हें केवल बांग्लादेश के रास्ते ही दुनिया से जोड़ा जा सकता है। यह एक रणनीतिक ब्लैकमेल की कोशिश थी, जिसे भारत ने अस्वीकार कर दिया।

चीन को आमंत्रण: यूनुस ने बांग्लादेश में चीनी निवेश को बढ़ावा देने का अनुरोध किया, जो भारत के लिए सुरक्षा और भू–राजनीतिक दृष्टिकोण से गंभीर चिंता का विषय है।

सीमा सुरक्षा पर बढ़ती चिंताएं: बांग्लादेश की सीमा से अक्सर अवैध घुसपैठ, मादक पदार्थों की तस्करी, और रोहिंग्या शरणार्थियों की समस्या जैसे मुद्दे भारत को परेशान करते हैं।

भारत के फैसले के आर्थिक और सामाजिक प्रभाव – बांग्लादेश के लिए विनाशकारी परिदृश्य

**1. गारमेंट इंडस्ट्री पर सीधा प्रहार:–** बांग्लादेश की जीडीपी का लगभग 16 प्रतिशत और कुल निर्यात का 83 प्रतिशत रेडीमेड गारमेंट्स से आता है। यदि भारत के रास्ते शिपिंग रुकती है, तो समय और लागत दोनों में तेज़ी से वृद्धि होगी। इससे बांग्लादेश की प्रतिस्पर्धात्मकता घटेगी और ऑर्डर्स वियतनाम, कंबोडिया व भारत जैसे प्रतिस्पर्धियों को मिल सकते हैं।

**2. विदेशी निवेश में गिरावट:–** विदेशी कंपनियाँ, जो अब तक बांग्लादेश को एक कम लागत वाला मैन्युफैक्चरिंग हब मानती थीं, भारत से दुश्मनी और चीन के साथ बढ़ती नज़दीकियों को देखकर निवेश कम कर सकती हैं। राजनीतिक अस्थिरता का डर विदेशी पूंजी को दूर धकेल सकता है।

**3. भूगोलिक निर्भरता अब अभिशाप बनेगी:–** बांग्लादेश, भारत से तीन ओर से घिरा हुआ है। भारत से संबंध खराब होने का मतलब है – भूमि, वायु और जलमार्गों तक सीमित पहुंच। कोई भी वैकल्पिक मार्ग जैसे चीन के जरिए निर्यात, न केवल महंगे हैं, बल्कि अव्यवहारिक भी।

**4. भारतीय टूरिज़्म और मेडिकल वीज़ा का बंद होना:–** हजारों बांग्लादेशी नागरिक भारत में इलाज के लिए आते हैं। अगर संबंध बिगड़े तो मेडिकल वीज़ा, उच्च शिक्षा और टूरिज्म वीज़ा बंद हो सकते हैं, जिससे मध्यम वर्ग पर सीधा असर होगा।

**5. रोज़गार में भारी गिरावट:–** गारमेंट इंडस्ट्री से जुड़े करोड़ों लोगों की नौकरियों पर संकट आ सकता है। पहले से ही महंगाई और बेरोज़गारी की मार झेल रहा बांग्लादेश सामाजिक अशांति की ओर बढ़ सकता है।

**6. भूटान, नेपाल और म्यांमार के व्यापार मार्ग भी बंद हो सकते हैं:–** बांग्लादेश भारत के माध्यम से भूटान और नेपाल को भी वस्तुएं भेजता था। भारत के रास्ते बंद होने से ये बाजार भी खो सकते हैं।

**7. भारत के साथ व्यापार घाटा बढ़ेगा, लेकिन व्यापार खत्म हो सकता है:–** बांग्लादेश भारत से हर साल लगभग 13–14 अरब डॉलर का सामान आयात करता है। यदि भारत प्रतिबंध लगाता है तो रोज़मर्रा की ज़रूरतें जैसे दवाइयाँ, मसाले, इंजीनियरिंग सामान और औद्योगिक मशीनरी महंगे या दुर्लभ हो सकते हैं।

**भारत को क्या फायदा?**

अपने बंदरगाहों पर लोड कम करके भारतीय निर्यातकों को बढ़त मिलेगी। गारमेंट, फुटवियर, इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में भारत की ग्लोबल हिस्सेदारी बढ़ेगी। भूटान और नेपाल के साथ रणनीतिक संबंध और मजबूत होंगे। चीन और बांग्लादेश की नज़दीकी को नियंत्रित करने का दबाव बनाए रखा जा सकेगा।

**निष्कर्ष:** दुश्मनी की कीमत भारी पड़ेगी

बांग्लादेश को यह समझना होगा कि भारत से कूटनीतिक और भू–राजनीतिक दुश्मनी का सीधा असर उसकी अर्थव्यवस्था, सामाजिक स्थिरता और अंतरराष्ट्रीय छवि पर पड़ेगा। हर छोटे और विकासशील देश को यह समझना चाहिए कि किसी भी अंतरराष्ट्रीय समझौते में अपने पड़ोसी देश की क्षमताओं, हितों और सुरक्षा को ध्यान में रखना ज़रूरी होता है। पड़ोसी देश हमेशा पड़ोसी रहेंगे, और अच्छे संबंध ही स्थायी हित में होते हैं। पाकिस्तान का उदाहरण सामने है, जिसने पिछले 75 वर्षों में भारत के साथ आतंकवाद और अनुचित व्यवहार को ही चुना – और आज वही आतंकवाद पाकिस्तान की नीयत और हालत पर भारी पड़ रहा है।

भारत ने अपने रुख से यह साफ कर दिया है कि वह अब सॉफ्ट स्टेट नहीं रहा। यदि कोई देश उसकी सुरक्षा, भू–रणनीति या वर्चस्व को चुनौती देता है, तो भारत प्रतिरोध करने को तैयार है – और अब वह प्रतिरोध न केवल शब्दों में बल्कि रणनीतिक नीतियों के ज़रिए होगा। मोहम्मद यूनुस को यह समझना चाहिए कि वह फिलहाल केवल बांग्लादेश सरकार के एक सलाहकार हैं, प्रधानमंत्री नहीं। उनका चयन चुनाव के माध्यम से नहीं हुआ है, बल्कि एक प्रक्रिया द्वारा नामांकित किया गया है। उन्हें अपनी सीमाएं, मर्यादाएं और जिम्मेदारियों को समझना चाहिए। अगर वह अपने पद की गरिमा बनाए रखते हुए कार्य करेंगे, और बांग्लादेश के हित में सोचेंगे, तभी उनका देश भी सशक्त बन पाएगा – अन्यथा यह केवल किसी अन्य देश के हित साधन का माध्यम बन जाएगा।

**धन्यवाद,**
**–सुनील दत्त गोयल,**
**महानिदेशक, इम्पीरियल चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री**
**जयपुर, राजस्थान**

# प्रस्तावित जीएसएस का सर्वे करने विद्युत विभाग की टीम सरदारपुरा पहुंची

## ग्रामीणों ने पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया से मिलकर विद्युत आपूर्ति की कटौती को लेकर समस्या रखी थी, जिसका पूनिया ने समाधान करवाया

**सादुलपुर, (निसं)।** सरदापुरा गांव में प्रस्तावित 33/11 केवी जीएसएस के लिए भूमि देखने के लिए शुक्रवार को गांव सरदारपुरा में जोधपुर विद्युत वितरण निगम की टीम पहुंची। जिसमें निगम के जेईएन के नेतृत्व में विभाग की टीम ने हमरीवास से रामपुरा मुख्य सड़क मार्ग पर सरदारपुरा गांव के रामस्याह वाला जोहड़ में पहुंचकर मौका निरीक्षण किया।



**गांव सरदारपुरा में प्रस्तावित जीएसएस के लिए निगम के अधिकारियों एवं कार्मिकों ने निरीक्षण किया**

जानकारी के अनुसार गत कुछ दिनों पहले सरदारपुरा गांव के ग्रामीण पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान व वर्तमान भाजपा हरियाणा प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया से मिलकर विद्युत आपूर्ति की कटौती को लेकर समस्या रखी थी। ग्रामीणों ने सरदारपुरा हमीरवास के मध्य रामपुरा मुख्य सड़क मार्ग पर 33/11 केवी जीएसएस बनाने की मांग की थी। जिसको लेकर डॉ. सतीश पूनिया ने ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए तुरन्त ऊर्जा मंत्री से दूरभाष पर वार्ता कर सरदारपुरा गांव में जीएसएस बनवाने के लिए कहा। इसी के चलते ऊर्जा मंत्री के आदेश पर आज प्रस्तावित जीएसएस के निरीक्षण के लिए विद्युत विभाग की टीम सरदारपुरा गांव में पहुंची और मौका निरीक्षण किया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता ब्लॉक मेम्बर प्रतिनिधि वेदप्रकाश पूनिया बेवड ने निगम के अधिकारियों को कहा कि किसानों एवं ग्रामीणों की समस्या को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द प्रपोजल तैयार कर के ऊर्जा मंत्री को भिजवाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्या को ध्यान में रखते हुए में स्वयं मॉनेटरिंग करूंगा। इस मौके पर सरदारपुरा गांव के ग्रामीणों ने विद्युत विभाग की टीम को वेदप्रकाश पूनिया के माध्यम से समस्त ग्रामीणों की तरफ से मेजरनामा तथा ग्राम पंचायत हमीरवास की तरफ से जारी एनओसी दी गई। ग्रामीणों ने वेदप्रकाश पूनिया बेवड को गांव की समस्यों से भी अवगत करवाया और डॉ. सतीश पूनिया एव वेदप्रकाश पूनिया का आभार व्यक्त किया। सरदारपुरा गांव की समस्याओं को सुनकर वेदप्रकाश पूनिया ने जल्द से जल्द समाधान करवाने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर विहिप जिला सह मंत्री प्रवीण सरदारपुरा, आशाराम पूनिया, हरिसिंह पूनिया, रघुवीर सिंह, बलबीर पूनिया, मीरसिंह पूनिया, रामकुमार, सोमवीर पूनिया, अशोक पूनिया, राजेन्द्र पूनिया, जसपाल पूनिया, रामफल, विनोद पूनिया, बबलू श्योराण, रमेश मेघवाल, सुमित कुलडिया, तस्वीर पूनिया, सुरेंद्र पूनिया, सुमित पूनिया, कुलदीप पूनिया, प्रशान्त पूनिया, पृथ्वीसिंह, विक्रम, नवीन सहित दर्जनों अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# वणधर गांव में छह माह से बिजली संकट, ग्रामीण परेशान

**रानीवाड़ा, (नि.सं.)।** वणधर गांव के निवासी पिछले छह महीनों से गंभीर बिजली संकट का सामना कर रहे हैं। गर्मियों के मौसम में पिछले 20–25 दिनों से बिजली की आपूर्ति इतनी कमजोर हो गई है कि पंखे और कूलर जैसे आवश्यक उपकरण भी ठीक से काम नहीं कर पा रहे हैं।

- **20-25 दिनों से बिजली की आपूर्ति इतनी कमजोर हो गई है कि पंखे और कूलर भी ठीक से काम नहीं कर पा रहे हैं**
- **लोगों का कहना है कि बिजली लोड की कमी के चलते कई उपकरण खराब हो चुके हैं**



**समस्या के समाधान को लेकर ग्रामीणों ने उपखण्ड अधिकारी रानीवाड़ा को ज्ञापन दिया।**

स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली लोड की कमी के चलते कई उपकरण खराब हो चुके हैं, जिससे बड़े–बुजुर्ग और बच्चों को अत्यधिक गर्मी में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। गांव में पहले मौजूद ट्रांसफार्मर अनियमित रूप से हटाए गए या चोरी हो गए, जिससे स्थिति और भी बदतर हो गई है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से इसकी जांच कराने और उच्चाधिकारियों को मौके पर भेजकर वास्तविकता का पता लगाने की मांग की है। इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए वणधर के नागरिकों ने प्रशासन से अतिशीघ्र नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो ग्रामवासी धरना–प्रदर्शन एवं भूख हड़ताल करने को मजबूर होंगे, जिसकी संपूर्ण ज़िम्मेदारी सरकार एवं विद्युत विभाग की होगी।

ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि बिजली आम जनता की मूलभूत आवश्यकता है और इसे लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हम जल्द ही प्रशासन से ठोस कार्यवाही की उम्मीद करते हैं। इस मौके पर एडवोकेट ललित राजपुरोहित के नेतृत्व में ग्रामवासी सेवानिवृत्त अध्यापक विजयराज शर्मा, नारायण प्रजापत, गोपाल पुरोहित, रविन्द्र सुथार, नरेंद्र दर्जी, नरपत पुरोहित, भंवरलाल पुरोहित सहित ग्रामवासियों ने उपखण्ड अधिकारी रानीवाड़ा को ज्ञापन दिया।

# आरएएस भर्ती के साक्षात्कार का द्वितीय चरण पांच से

## साक्षात्कार की विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा शुक्रवार को राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं भर्ती–2023 के अन्तर्गत द्वितीय चरण सहित अन्य भर्ती परीक्षाओं का साक्षात्कार कार्यक्रम जारी किया गया है। विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

- **आयोग ने अन्य विभिन्न परीक्षाओं का साक्षात्कार कार्यक्रम जारी किया**

आयोग सचिव ने बताया कि राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं भर्ती–2023 के द्वितीय चरण के साक्षात्कार का आयोजन 5 से 16 मई तक निर्धारित कार्यक्रमानुसार किया जाएगा। इस भर्ती के लिए साक्षात्कार में उपस्थित होने वाले समस्त अभ्यर्थी ऑनलाइन भरे गए विस्तृत आवेदन पत्र डाउनलोड कर साक्षात्कार के समय दो प्रतियों में मय समस्त प्रमाण–पत्रों की फोटो प्रतियों सहित आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें।

**अन्य विभिन्न परीक्षाओं का साक्षात्कार कार्यक्रम :–** सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) परीक्षा– 2023 के अन्तर्गत ड्राइंग एंड पेंटिंग विषय के साक्षात्कार का आयोजन 5 से 19 मई 2025, स्कल्पचर विषय के साक्षात्कार का आयोजन 6 मई तथा फिलॉसफी विषय के साक्षात्कार का आयोजन 27 एवं 28 मई को किया जाएगा। विधि रचनाकार (विधि एवं विधिक कार्य विभाग) परीक्षा–2024 के साक्षात्कार का आयोजन 7 एवं 8 मई को निर्धारित कार्यक्रमानुसार किया जाएगा।

इन भर्तियों के अन्तर्गत ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने विस्तृत आवेदन–पत्र आयोग को प्रस्तुत नहीं किए हैं, वे अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन–पत्र आयोग वेबसाइट से डाउनलोड कर साक्षात्कार के समय दो प्रतियों में मय समस्त प्रमाण–पत्रों की फोटो प्रतियों सहित आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें। उक्त समस्त भर्तियों के तहत संबंधित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार–पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथासमय अपलोड कर दिए जाएंगे।

## सार-समाचार

### जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**झुंझुनूं,** (निसं)। मलेरिया रोकथाम और बचाव की जागरूकता के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुक्रवार को विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने सीएमएचओ ऑफिस से एक जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना साथ ही जागरूकता पोस्टर का विमोचन किया। सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने बताया कि मच्छर जनित रोगों में सर्वाधिक फैलने वाला संक्रामक रोग है-मलेरिया। शरीर में कंपकंपी, तेज सर्दी के साथ तेज बुखार होना मलेरिया संक्रमण के सामान्य लक्षण हैं। मलेरिया बुखार जानलेवा नहीं है। लेकिन उपचार में देरी या सही उपचार न मिल पाना मलेरिया से मृत्यु होने का कारण बन सकता है। मलेरिया रोग का संक्रमण मादा एनाफीलिज नामक मच्छर के काटने से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक आसानी से पहुंच जाता है। पानी के स्रोतों की साफ-सफाई तथा स्वच्छता अपनाकर मच्छरों के प्रजनन को नियंत्रित करके मलेरिया के फैलाव को रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिले में मच्छर जनित रोगों से बचाव के एंटी लार्वा गतिविधियों का आयोजन विभाग द्वारा किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न माध्यमों से आमजन को जागरूक किया जा रहा। उन्होंने बताया कि अपन सभी जिलेवासियों को अपने आस पास पानी एकत्रित नहीं होने देना है। कूलर गमले पानी की टंकी आदि की हर रविवार को सफाई करनी ताकि लार्वा न पनपे। उन्होंने बताया कि जन जागरूकता के लिए विभाग ने अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म आईईसी झुंझुनूं पर विशेष जनचेतना कैंपेन चलाया है। इस अवसर पर डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा, एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. कुलदीप फौजदार, डीपीसी डॉ. महेश कड़वासरा सहित अनेक कार्मिक मौजूद रहे।

### भारतीय मजदूर संघ ने श्रद्धांजलि दी

**झुंझुनूं,** (निसं)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए भारतीय मजदूर संघ द्वारा केशव आदर्श विद्या मंदिर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। आदर्श विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य राजेश शर्मा ने कहा कि धर्म पूछकर की गई हत्या देश की स्थिरता व शांति पर सीधा प्रहार है। वक्ताओं ने पहलगाम की घटना को अत्यंत शर्मनाक कृत्य बताया व सरकार से आतंकवादियों व उनके सरगनाओं के खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाही की मांग की गई। श्रद्धांजलि सभा में भारतीय मजदूर संघ के जिला प्रभारी संजय गनोलिया, जिलाध्यक्ष राजेश किरोड़ीवाल, मंत्री संदीप धाभाई, संरक्षक रामगोपाल शर्मा, ईश्वरलाल शर्मा, विद्युत श्रमिक संघ डिस्कॉम महामंत्री देवकरण सैनी, कुंजबिहारी वशिष्ठ, सुनिल बुगालिया, दुर्गपालसिंह, बालमुकुंद शर्मा, गोविंदराम, ओमसिंह शेखावत, विद्याधर, परवीन अवाना, फूलाराम कुमावत, करणीसिंह, जगदीश शर्मा, सरपंच निराधनू लीलाधर शर्मा उपस्थित थे। अंत में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

### ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**चूरू** (निसं)। तारानगर तहसील के गांव पण्डरेऊ टीबा के परिसीमन पर रोक लगाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने शुक्रवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि गांव पण्ड्रेऊ टीबा पूर्व में कम जनसंख्या वाले गांव पण्ड्रेऊ ताल के साथ था, अब सरकार ने इसे ग्राम पंचायत भलाऊ ताल के साथ जोड़ने का प्रस्ताव बना रखा है, जबकि पण्ड्रेऊ टीबा अकेला गांव मरू जिले में आता है। गांव के कर्नल रामकुमार कस्वां ने बताया कि पण्ड्रेऊ टीबा गांव की जनसंख्या जनगणना 2011 के अनुसार 1798 है। अतः अकेले पण्डरेऊटीबा को ग्राम पंचायत बनाई जाए। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में सरपंच प्रतिनिधि दौलतराम मेघवाल, कैप्टन बलबीर, मेघराज मोगा, एडवोकेट जीताराम शर्मा, जयवीर सहारण, देवकरण कस्वां, रोहिताश, राकेश कुमार, च्यानणमल, दयाराम बाबल, रामेष्वर लाल सहारण, संजय शर्मा, मनीराम, रूपाराम दईया, कुरड़ाराम, रणजीत जांगिड़, मोहर सिंह सहारण, मोहन खाती, चंद्रपाल दानोदिया, रणवीर सहारण, जगदीश शीला सहित बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### चिकित्सालय में प्याऊ का शुभारंभ

**राजलदेसर** (निसं)। कस्बे में युवा विकास समिति की प्रेरणा से स्वर्गीय रामलाल जोडा की पुण्य स्मृति में धर्मपत्नी तुलसी देवी के सहयोग से राजकीय हॉस्पिटल में भीषण गर्मी को देखते हुए आमजन राहगीरों के लिए पीने के लिए शुद्ध शीतल पानी की प्याऊ का शुभारंभ चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर प्रतिभा मीणा के द्वारा फीता काटकर किया गया । इस अवसर पर युवा विकास समिति के द्वारा चिकित्सा प्रभारी डाक्टर प्रतिभा मीणा को कमला मीणा ने दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष मुकेश श्रीमाल ने कहा कि समिति के द्वारा हर साल इस प्रकार की व्यवस्था की जाती है । भीषण गर्मी को हॉस्पिटल आने जाने वाले सहित इस रास्ते से गुजरने वाले राहगीरों को पीने के लिए ठंडा उपलब्ध होगा। इस अवसर पर अध्यक्ष रतनलाल बारूपाल,मंत्री मदन दाधीच, उप मंत्री विनोद भाटिया, अजीत सुथार, राकेश शर्मा, शिवभगवान सोनी, जानकी प्रसाद टेलर , संजय दाधीच आदि मौजूद रहे ।

### डाइट में शोध पुस्तकों का विमोचन

**झुंझुनूं,** (निसं)। डाइट में शुक्रवार को सत्र 2024-25 में आईएफआईसी प्रभाग द्वारा शोध पुस्तकों एवं वार्षिक पत्रिका का विमोचन किया गया। इस अवसर पर राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर में उपायुक्त आरएएस देवयानी, सीडीईओ अनुसुईया सिंह, डाइट प्रिंसिपल सुमित्रा झाझड़िया, डीईओ सैकंडरी सुभाषचंद्र ढाका, डीईओ एलीमेंट्री मनोजकुमार ढाका, आईएफआईसी डाइट डॉ. सीमा सूरा, समसा एपीसी राजबाला की उपस्थिति में शोध पुस्तकों एवं वार्षिक पत्रिका का विमोचन किया गया तथा उपायुक्त ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ये शोध पुस्तकें एवं शोध निष्कर्ष शिक्षण अधिगम को बढ़ाने व नीति निर्धारण में उपयोगी साबित होंगे। डॉ. सीमा सूरा ने शोध विषयों व नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत किए गए नवाचारों से अवगत करवाया। इस अवसर पर प्रभागाध्यक्ष डॉ. राजबाला ढाका, प्रतिभा न्यौला, सुशीला महला, अजयसिंह प्रेमी, गजेंद्रसिंह, प्रमेंद्र कुलहार, श्रवण कुमार, व्याख्याता सरिता, विधि कुमारी, शशिकांत, सरोज एवं पीरामल फाउंडेशन फैलो उपस्थित रहे। अंत में प्रधानाचार्य सुमित्रा झाझड़िया ने सभी को धन्यवाद दिया।

### मुक पक्षियों के लिए परिण्डे लगाए

**रतनगढ़** (निसं)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय देवीपुरा में मुक पक्षियों के लिए परिण्डे लगाए। विद्यालय के स्काउट मास्टर राकेश कुमार ने बताया कि राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ रतनगढ़ द्वारा चलाए जा रहे परिण्डे लगाओ अभियान के अन्तर्गत आज राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय देवीपुरा में विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा परिण्डे लगाए। साथ ही विद्यालय के स्काउट को सार संभाल का दायित्व दिया गया।इस अवसर पर कार्यवाहक प्रधानाध्यापक राजेश कुमार ने बताया कि पर्यावरण संतुलन के लिए पक्षियों की देखभाल करना सर्वश्रेष्ठ कार्य है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक गिरवर सिंह, सविता मीणा, कविता, रेखा शर्मा, निर्मला सहित स्काउट और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### विश्व मलेरिया दिवस पर शपथ ली

**रतनगढ़** (निसं)। विश्व मलेरिया दिवस पर शुक्रवार को सीएमएचओ कार्यालय में कार्मिकों ने साफ-सफाई रखने व मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए आमजन को जागरूक करने की शपथ ली। सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि विश्व मलेरिया दिवस पर कार्यालय के बाहर चिकित्सा अधिकारियों व कार्मिकों ने मौसमी बीमारियों डेंगू, चिकनगुनिया व मलेरिया से बचाव व जागरूकता तथा घरो में पुराने कबाड के कचरे का निस्तारण तथा सप्ताह में एक बार कुलर व टंकी की साफ सफाई करने की शपथ ली। इस दौरान उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रवीण झूरिया, पीएमओ डॉ संतोष आर्य सहित कई कार्मिक मौजूद रहे।

### महिमा चौधरी को कैंसर बायोलॉजी में पीएचडी की उपाधि मिली

**झुंझुनूं,** (निसं)। बिट्स पिलानी के बायोलॉजिकल साइंस विभाग में कार्यरत रही महिमा चौधरी को बिट्स विश्वविद्यालय ने कैंसर बायोलॉजी में डॉक्टर ऑफ फिलासफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की है ।महिमा ने यह शोध कार्य प्रोफेसर सुदेशना मुखर्जी के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है। झुंझुनूं के इंदिरा नगर निवासी व इलेक्ट्रॉनिक्स व्यवसायी सुरेश जाखड व विजय जाखड़ की पुत्रवधू महिमा का शोध गंभीर ब्रेन कैंसर ग्लियोब्लास्टोमा पर केंद्रित था। जिसमें उन्होंने कैंसर मेटास्टेसिस और ऑर्गेनेल होमियोस्टेसिस जैसे जटिल जैविक पहलुओं का विश्लेषण किया। बनस्थली विद्यापीठ से पीजी व नेट जेआरफ परीक्षा उत्तीर्ण कर कैंसर जैसे गंभीर विषय पर पीएचडी करने वाली महिमा चौधरी के पति अंकित जाखड व्यवसायी है। पिता अमीलाल मूंड सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी व माता कमला चौधरी अध्यापिका हैं।

# होटल कर्मचारियों से मारपीट कर तोड़फोड़ करने के आरोपियों का जुलूस निकाला

■ राजीनामा नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी थी

**सिंघाना,** (निसं)। सिंघाना पुलिस ने होटल कर्मचारियों से मारपीट कर तोड़फोड़ करने के गिरफ्तार दो आरोपियों का गुरूवार शाम जुलूस निकाला। गिरफ्तार आरोपियों ने राजीनामा नहीं करने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी।

थानाधिकारी रामसिंह यादव ने बताया कि मिश्रावाली ढाणी सिंघाना निवासी मंगेजाराम सैनी ने 14 अप्रैल को रिपोर्ट दी कि वह और उसका भाई मुकेश सैनी बुहाना बस स्टैंड पर होटल चलाते हैं। सोमवार को जैसाराम की ढाणी भोदन निवासी सचिन सिराधना उर्फ छोटू व सिंघाना निवासी अर्जुन उर्फ मोरिया नायक अपने 4-5 साथियों के साथ होटल पर आया।

उन्होंने उधार में खाना मांगा। मंगेजाराम ने पहले का बकाया चुकाने को कहा। इस पर आरोपियों ने धमकी दी कि उधार में खाना देना पड़ेगा, नहीं तो होटल बंद करवा देंगे और जान से मार देंगे। तब वे गाली-गलौच कर चले गए। रात करीब 11 बजे सचिन, अर्जुन और उनके साथी दोबारा होटल में आए और लाठी-डंडों से होटल के कर्मचारी कृष्ण सैनी व शेरसिंह सैनी के साथ मारपीट की। काउंटर सहित सामान तोड़ दिया। गल्ले से 35 हजार रुपए निकाल लिए। आरोपियों ने जाते समय धमकी दी कि पुलिस में रिपोर्ट दी तो जान से मार देंगे।



सिंघाना पुलिस ने होटल कर्मचारियों से मारपीट कर तोड़फोड़ करने के गिरफ्तार दो आरोपियों का जुलूस निकाला।

मामले को गंभीरता से लेते हुए थानाधिकारी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। इस दौरान पुलिस ने 150 सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर मुखबिर की सूचना पर निजामपुर के कारोली मारोली पंहुचे तो वहां पर दबिश देकर जैसा की ढाणी भोदन निवासी सचिन उर्फ छोटू पुत्र हजारीलाल व टीकुपुरा निवासी श्रीपाल उर्फ ढिल्लीया पुत्र कैलाश चंद गुर्जर को गिरफ्तार कर था आरोपियों ने फोन कर धमकी देकर व्यापारियों में दहशत फैलाई थी, जिस पर पुलिस ने दोनों बदमाशों को घटनास्थल पर ले जाया गया तथा मौके की तस्दीक करवाने के बाद उनका जुलूस निकाला गया। थानाधिकारी ने बताया कि कस्बे में किसी प्रकार की कोई संदिग्ध गतिविधिया दिखाई देने पर तुरंत पुलिस को सूचना दी जाए, जिससे समय रहते अपराधियों पर लगाम लगाई जा सके।

## बैठक 28 अप्रैल को

**सीकर** (निसं)। अधीक्षण अभियन्ता एवं सदस्य सचिव सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत सीकर जेपी यादव ने बताया कि जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 28 अप्रैल 2025 को आयोजित की जाएगी।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**
संख्या 23 to 24-25-26
पंत्राक- 634-W/Const/Minor Bridge /KLYT Yard/2025 दिनांक- 25.04.2025

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दिनांक 20.05.2025 को 15.00 बजे तक खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है:- **निविदा संख्या : 23 कार्य का नाम व स्थान :** सहायक मंडल इंजीनियर/लाईन, बीकानेर के अधीन कोलायत यार्ड में माईनर ब्रिज (1x3.0mx1.5m) का निर्माण करना एवं अन्य विविध कार्य करना। **अनुमानित लागत मूल्य :** Rs. 7044418.51 **धरोहर राशि :** Rs. 140900.00 **निविदा संख्या : 24 कार्य का नाम व स्थान :** सहायक मंडल इंजीनियर/लाईन, बीकानेर के अधीन लालगढ़-कोलायत खण्ड के किमी. 43/5-6 पर माईनर ब्रिज (1x3.0mx1.5m) का निर्माण करना एवं अन्य विविध कार्य करना। **अनुमानित लागत मूल्य :** Rs. 6385434.22 **धरोहर राशि :** Rs. 127700.00 **नोट:-** अन्य शर्ते रेलवे वेब साईट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। **480-CR/25**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

# बाकरा में पाला सकलाय दादा का दो दिवसीय मेला संपन्न

**झुंझुनूं,** (निसं)। बाकरा स्थित पाला सकलाय दादा मंदिर में चल रहे दो दिवसीय मेले कासमापन हो गया। दिन में पूजा कर भोग लगाने वालों की भीड रही तो दोपहर में आयोजन समिति की ओर से कुश्ती प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्थान पुलिस के जवान बाकरा निवासी अमित चौधरी विजेता रहे और भिवानी के प्रदीप उप विजेता रहे।

विजेता को 11 हजार रुपए व उप विजेता को 5100 रुपए देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा पहलवान छगन मीणा ने भी 5100 रुपए की कुश्ती जीती। उसने बाड़मेर के मोटराम को हराया। आयोजन समिति के सदस्य व पूर्व सरपंच सतीश खीचड ने बताया कि मेले के दूसरे दिन गुरुवार को दोपहर बाद मंदिर परिसर के पास कुश्ती प्रतियोगिताएं हुई। अंतिम कुश्ती में राजस्थान पुलिस के जवान अमित चौधरी विजेता व भिवानी के प्रदीप उप विजेता रहे। इसके अलावा 3100 रुपए की दो व 2100 रुपए की 20 से ज्यादा कुश्ती के मुकाबले हुए। विजेताओं को सुरेश खीचड़ व राजेंद्र खीचड़ की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान हुक्मीचंद, सुभाष व बगड़ अखाड़े के सुरेंद्र ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इससे पहले बुधवार रात को मंदिर परिसर पंडित नवरत्न दाधीच के सानिध्य में पूजा कर महाआरती की गई। इसके बाद जागरण हुआ था। जिसमें बाबूलाल चौधरी, मौसम मिनाक्षी, निशा राठौड़, महेश नागौर मारोठ, कमलेश प्रजापत, डांसर मीना मेवाडी, निशा कुमावत, तब्बू तोरावटी, नीलम शेखावाटी भजन व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। जबकि जादूगर राजेंद्र जादुई कलाकारी दिखाई। भजनों में सच्चा है तेरा दरबार, तू से दयाल दादा जैसे गीतों पर श्रद्धालु झूम उठे। सुरेश खीचड और राजेंद्र खीचड ने अतिथियों व कलाकारों का माला पहनाकर स्वागत किया। स्मृति चिह्न भेंट किए। कार्यक्रम में विधायक राजेंद्र भांबू, भाजपा नेता विश्वंभर पूनियां, कृष्ण गावड़िया, मदनलाल खीचड, सुभाष जांगिड़, शीशराम खीचड आदि मौजूद रहे।

# बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर

■ बाल विवाह की सूचना देने वाले को मिलेगा विशेष पुरस्कार, नाम गोपनीय रहेगा

■ बाल विवाह रोकने के लिए जिले में जिला प्रशासन एवं गायत्री संस्थान ने विशेष अभियान चलाया

**सीकर** (निसं)। जिले में बाल विवाह की रोकथाम को लेकर बाल अधिकारिता विभाग सीकर, गायत्री सेवा संस्थान उदयपुर द्वारा जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा सीकर द्वारा की गई। कार्यशाला में विभिन्न धर्मों से जुड़े हुए धर्म गुरूओं, सीकर टेंट अध्यक्ष, प्रिंटिंग प्रेस, कैटरर्स ने भाग लिया।

कार्यशाला में बाल अधिकारिता विभाग सीकर की गार्गी शर्मा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा, महिला एवं बाल विकास विभाग, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग, शिक्षा विभाग, बाल कल्याण समिति सदस्य बिहारी लाल बालान व मानव तस्करी विभाग और सीकर जिले के समस्त थानों के बाल कल्याण अधिकारी, गयात्री सेवा संस्थान के क्षेत्रीय समन्वयक बनवारी लाल सहित उपस्थित रहे।

बाल विवाह की रोकथाम को लेकर उपस्थित धर्म गुरूओं ने अपने-अपने विचार रखें।

बाल अधिकारिता विभाग सीकर की उपनिदेशक गार्गी शर्मा ने बताया कि बाल विवाह की रोकथाम करने एवं कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाल विवाह लड़कियों के शारीरिक और मानसिक विकास में बाधा उत्पन्न करता है। यह उन्हें उनके अधिकारों से वंचित कर देता है। बाल विवाह के कारण लड़कियों में घरेलू हिंसा और यौन शोषण का खतरा बढ़ जाता है।

कार्यशाला में जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा सहित उपस्थितजनों ने सामूहिक रूप से बाल विवाह की रोकथाम को लेकर पोस्टर का विमोचन, हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। गायत्री सेवा संस्थान सीकर के जिला समन्वयक नरेश कुमार सैनी ने बातया की बाल विवाह की सूचना देने पर संस्थान की तरफ से 1100 रूपये की नकद इनाम राशि दी जायेगी व सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ने टोल फ्री नंबर 01572-270037, 8306002137, 9521479820 जारी किये गए है।

कार्यशाला के समापन के बाद सामूहिक रूप से हस्ताक्षर अभियान संचालित किया गया जिसमें उपस्थित पदाधिकारियों ने हस्ताक्षर किया।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 38/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री सरदार सिंह पुत्र श्री देवला (देवराम) निवासी वार्ड नं. 11 कुमावतों का मौहल्ला, थोई, जिला सीकर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत मंदिर श्री बाला जी ग्राम रूपपुरा उदलवास तहसील श्रीमाधोपुर जिला सीकर के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 28.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइंदा तारीख पेशी 02.06.2025

मोहर अदालत — सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग जयपुर

## विश्व टीकाकरण सप्ताह शुरू

**सीकर,** (निसं)। चिकित्सा विभाग की ओर से प्रदेश में विश्व टीकाकरण सप्ताह शुरू किया गया है, जो 30 अप्रैल तक चलेगा। यह विशेष टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि 24 अप्रैल को केन्द्रीय चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रसाद नड्डा ने खसरा रूबैला उन्मूलन अभियान 2025-26 का शुभारंभ किया। इसके तहत राज्य में 30 अप्रैल तक विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। टीकाकरण अभियान में वंचित योग्य बच्चों व लाभार्थियों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीके लगाए जाएंगे। टीकाकरण की सभी इंट्री यूविन पर दर्ज की जाएगी। राज्य स्तर से 28 अप्रैल तथा एक मई को समीक्षा की जाएगी।

जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने बताया कि जिले में एमआर प्रथम व एमआर द्वितीय डोज के लिए टीकाकृत लाभार्थियों की इंट्री यूविन पर दर्ज के साथ साथ गूगल शीट पर प्रतिदिन दर्ज की जाएगी। ताकि अभियान के तहत प्रतिदिन की प्रगति के बारे में पता चल सके और कम उपलब्धि वाले ब्लॉक व सैक्टर से तत्काल चर्चा कर लक्ष्य अनुसार प्रगति अर्जित की जा सके।

# इस साल की दूसरी लोक अदालत 10 मई को, प्रकरणों का चिन्हीकरण जारी

**झुंझुनूं,** (निसं)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राजस्थान विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार संपूर्ण राजस्थान में वर्ष 2025 की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 10 मई को किया जा रहा है।

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन में किसी नागरिक एवं सरकार या उसके किसी विभाग व उपक्रम के मध्य सभी प्रकार के विवाद (राजस्थान लिटिगेशन पॉलिसी, 2018 के तहत निराकरण के प्रयास), मोटर दुर्घटना दावों से संबंधित क्लेम के विवाद, घातक दुर्घटना अधिनियम से संबंधित क्लेम के विवाद, धारा 138 परक्राम्य विलेख अधिनियम के विवाद, धन वसूली के सभी प्रकार के विवादके मामलों के तहत वसूली के हर प्रकार के मामलों सहित), गृहकर व नगरीय विकास कर के विवाद (जो स्थानीय निकायों द्वारा वसूल किया जाता है), शहरी जमाबंदी के (जो डवलपमेंट अथॉरिटीज अथवा यूआईटी द्वारा वसूल की जाती है), फसल बीमा पॉलिसी से संबंधित विवाद, व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं ग्राहकों के मध्य विवाद, श्रम एवं नियोजन संबंधी विवाद, पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं यथा: निर्माण श्रमिक शिक्षा व कौशल विकास योजना, प्रसूति सहायता योजना, हिताधिकारी की सामान्य अथवा दुर्घटना में मृत्यु या घायल होने की दशा में सहायता, योजना, सिलिकोसिस पीड़ित हिताधिकारियों के लिए सहायता योजना, शुभ शक्ति योजना, निर्माण श्रमिक सुलभ्य आवास योजना, निर्माण श्रमिक औजार अथवा टूलकिट सहायता योजना, निर्माण श्रमिक जीवन व भविष्य सुरक्षा योजना, निर्माण श्रमिक एवं उनके आश्रित बच्चों द्वारा भारतीय अथवा राजस्थान प्रशासनिक सेवा के लिए आयोजित प्रारंभिक प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण करने पर प्रोत्साहन योजना, निर्माण श्रमिकों के पुत्र व पुत्री का आईआईटी व आईआईएम में प्रवेश मिलने पर ट्यूशन फीस की पुनर्भरण योजना, निर्माण श्रमिकों को विदेश में रोजगार के लिए वीजा पर होने वाले व्यय की पुनर्भरण योजना एवं निर्माण श्रमिक अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं के लिए प्रोत्साहन योजना आदि से संबंधित लम्बित प्रार्थना-पत्र, बिजली, पानी, मोबाइल, क्रेडिट कार्ड एवं अन्य बिल भुगतान से संबंधित विवाद, भरण-पोषण व बालकों की अभिरक्षा से संबंधित सभी प्रकार के विरूद्ध, सभी प्रकार के राजस्व विवाद (सीमाज्ञान (पैमाइश), पत्थरगढ़ी, जमाबंदी, रिकॉर्ड शुद्धि, नामान्तरण, रास्ते का अधिकार, सुखाचार एवं डिवीज ऑफ होल्डिंग सहित), अन्य सभी प्रकार के सिविल विवाद, सर्विस मैटर्स के विवाद (पदोन्नित एवं वरिष्ठता संबंधी विवादों को छोडकर), उपभोक्ता विवाद, जनोपयोगी सेवाओं से संबंधित विवाद, अन्य राजीनामा योग्य विवाद (जो अन्य अधिकरणों, आयोगों, मंचों, अथॉरिटी, आयुक्त, प्राधिकारियों के क्षेत्राधिकार से संबंधित है) आदि प्रकरण चिह्नित किए जा रहे है। इस क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव प्रियंका पिलानिया द्वारा बैंक अधिकारीगण कंज्यूमर कोर्ट के अधिकारीगण, बीएसएनएल के अधिकारीगण, राजस्व विभाग के अधिकारीगण व अन्य विभागों से मीटिंग ली जाकर समय पर समय आ रहे निर्देशों की पालना सुनिश्चित की जा रही है। पिलानिया ने कहा कि अगर लोक अदालत में प्रकरण निस्तारित हो जाता है तो प्रकरण का अंतिम रूप से निस्तारण हो जाएगा तथा न्यायालय में जमा करवाई गई फीस भी वापिस मिलेगी।

## आईएमओ में टैगोर के विद्यार्थियों ने परचम लहराया

**झुंझुनूं,** (निसं)। मंडावा रोड स्थित द टैगोर स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय गणितीय ओलम्पियाड में छात्रों ने हर बार की भांति उत्कृष्ट प्रदर्शन किया तथा संस्था प्रधान तरूण अहलावत ने इन प्रतिभाशाली छात्रों को विद्यालय परिसर में सम्मानित किया।अहलावत ने बताया कि छात्रों में प्रारंभिक कक्षाओं से ही विज्ञान व गणित विषयों में रूचि पैदा हो तथा इन विषयों की गुथियों को वे सहज भाव सुलझा सके। इसके लिए नियमित रूप से विज्ञान व गणित विषय की अतिरिक्त कक्षाएं अनुभवी अध्यापकों द्वारा आयोजित करवाई जाती है। डायरेक्टर तरूण अहलावत ने अंतर्राष्ट्रीय गणितीय ओलम्पियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहारों को सम्मान किया। टैगोर के छात्रों में शुरू से ही साइंस के प्रति लगाव हो इसके लिए साइंस और मैथ्स की अतिरिक्त कक्षाएं नियमित रूप से आयोजित करवाई जाती है। ताकि विद्यार्थी साइंस और गणित के प्रति अपने लगाव और परिश्रम से अपनी उत्कृष्टता का परिचय दे सके। इसी के साथ विद्यालय में लीड फाउंडेशन द्वारा तैयार पाठ्यक्रम एवं एनटीएससी से जुडी तैयारी भी निरंतर अनुभवी शिक्षकों द्वारा करवाई जाती है। यही कारण है कि टैगोर में हर साल विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय गणितीय ओलम्पियाड में उत्कृष्ट परिचय देते हुए कई पदक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4

न्यायालय अपर सिविल न्यायाधीश पश्चिम, जयपुर स्थान द्वितीय जयपुर महानगर राजपाल व अन्य विरूद्ध अजय सिंह व अन्य
वाद/प्रार्थना पत्र....
प्रार्थना-पत्र संख्या 79 सन 2025

नाम अजय सिंह पुत्र श्री दयाराम अहिर जाति यादव पता प्लाट नं. 80, बी साउथ पार्ट शिवशक्ति विहार बैनाड ग्राम बोयतावाला, जयपुर हाल वार्ड नं. 12 नावता पचेरी छोटी, उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि जिला झुन्झुनु।

अत: आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरुद्ध हेतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 29 माह 04 सन् 2025 को 8:00 एएम पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।

यह आज दिनांक 24 माह 04 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

मोहर अदालत — रीडर, सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, पश्चिम जयपुर महानगर द्वितीय

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)

नाम न्यायालय अपर सिविल न्यायाधीश पश्चिम स्थान जयपुर द्वितीय जयपुर महानगर राजपाल व अन्य विरुद्ध अजय सिंह व अन्य
वाद बाबत
वाद सं. 93 सन् 2025

नाम अजय सिंह पुत्र दयाराम जाति अहिर (यादव) निवासी प्लाट नं. स्थान 80, बी. साउथ पार्ट शिवशक्ति विहार बैनाड ग्राम बोयतावाला जयपुर हाल वार्ड नं. 12 नावता पचेरी छोटी, जिला झुन्झुनु ने आपके विरुद्ध के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 29 माह 04 सन् 2025 को दिन में 8.00 एएम का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई कर दावा का प्रतिदावा आधारित है, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या ने हो, अपने प्रतिरक्ष या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजो को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता कि ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 24. माह 04 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया।

मोहर अदालत — रीडर, सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, पश्चिम जयपुर महानगर द्वितीय

# खेतड़ी में सेन जयंती महोत्सव आयोजित

■ मंदिर में हवन के साथ प्रसाद वितरण किया गया

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतडी कस्बे में शुक्रवार को सेन जंयती महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं की ओर से कस्बे में कलश यात्रा निकाली गई। इसके बाद सेन मंदिर में हवन-यज्ञ का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया।

सेन मंदिर कमेटी के शंकरलाल ने बताया कि कस्बे में 725 वी सेन जंयती महोत्सव धुमधाम से मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के शुरूआत में कस्बे के ऐतिहासिक वराही देवी मंदिर से कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया।



खेतड़ी कस्बे में सेन जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं की ओर से कस्बे में कलश यात्रा निकाली गई।

इसके कस्बे के मुख्य बाजार, करोल बाजार से होते हुए चुणा चौक स्थित सेन मंदिर में पंहची। कलश यात्रा के दौरान ग्रामीणों की ओर से जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सेन मंदिर में कमेटी की ओर से हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने सामुहिक रूप से आहुति देकर आमजन की खुशहाली की कामना की।

उन्होंने बताया कि इस प्रकार का धार्मिक आयोजन होने से ग्रामीणों की आस्था के प्रति भावनाओं को बढ़ावा मिलेगा तथा युवाओं को भी सनातन धर्म की महत्वपूर्ण जानकारी मिल पाएगी। समाज में प्रत्येक व्यक्ति की मदद कर आगे बढाने तथा समाज को शिक्षित कर बुराईयों का त्याग करने का आव्हान किया गया। इस मौके परकमल सैन, योगेश सैन, राधेश्याम हर्शवाल, ओमप्रकाश, दिलीप कुमार, अनिल बिलवा, किशन लाल चिरानी, सुनील सेन, सुभाष, मोनू सेन, रघुनंदन, श्रवण सेन, विजेश, पुरुषोत्तम सेन, रीना, स्नेहलता, दिव्या, रेखा सेन, सुमन सेन, सरिता सेन सहित अनेक लोग मौजूद थे।

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)**
क्रमांक :-एफ.14/सामान्य/न.पा.रा./2025/ दिनांक :- .....

**-:आपत्ति सूचना:-**

सर्वसाधारण को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ सूचित किया जाता है कि श्रीमती रेणु पत्नी श्री हरिकिशन व श्री हरिकिशन पुत्र श्री राजवीर जाति जाट निवासी रावतसर ने आवेदन कर अपने क्रयशुदा भूखण्ड साईज 300 वर्गगज में से 127.32 वर्गमीटर व 123.60 वर्गमीटर का नामांतरण पालिका रिकॉर्ड में अपने नाम से करवाना चाहते है। उक्त भूखंड का पट्टा श्री जगदीश पुत्र श्री गणेशाराम जाट के नाम से साईज 300 वर्गगज का जारीशुदा है। श्री जगदीश उक्त भूखंड में से जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 20.05.2016 को उक्त भूखंड में से 123. 60 वर्गमीटर श्री रायसिंह पुत्र श्री मुखराम को बेचान कर दिया। श्री रायसिंह ने जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 16.04.2025 को श्री हरिकिशन पुत्र श्री राजवीर को बेचान कर दिया। श्री जगदीश ने उक्त भूखंड में से 127.32 वर्गमीटर हिस्सा जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनाक 20.05. 2016 को श्री श्योनारायण पुत्र श्री मुखराम को बेचान कर दिया। श्री श्योनारायण ने जरिये पंजीकृत बैयनामा दिंनाक 16.04.2025 को उक्त भूखंड श्रीमती रेणु पुत्री श्री हरिकिशन को बेचान कर दिया। अतः अपने क्रयशुदा भूखंड का नामांतरण प्रार्थी पालिका रिकॉर्ड में अपने नाम से दर्ज करवाना चाहते है। किसी व्यक्ति को कोई आपति हो तो उक्त सूचना प्रकाशन होने की तिथि के 07 दिवस में सूचित करे अन्यथा बाद गुजरने मियाद कोई उजरदावा मान्य नही होगा। सूचित रहे। **अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर**

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर) जिला हनुमानगढ़**
क्रमांक :- न.पा.रा./कृ.भू/2025/ दिनांक :-......

प्रारूप-10 (नियम 6 (7) देखिए
**-: लोक सूचना :-**

श्री कालूराम पुत्र श्री मंगतूराम जाति मेघवाल साकिन 18 एसपीडी पीलीबंगा जिला हनुमानगढ़ (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

| जिला तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र |
| --- | --- | --- | --- |
| जिला हनुमानगढ़ तहसील रावतसर | 17 डीडब्ल्यूडी | 168/411 (14) | किला न. 21/2 की 0.2280 है., 22/3 की 0.1815 है. |
| | | | कुल तादादी - 0.4095 है. |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम , 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अवपे आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक............ को जारी की गयी। **प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर)**

# बॉर्डर इलाकों में हाई अलर्ट, सुरक्षा एजेंसियों ने निगरानी बढ़ाई

## सीमावर्ती इलाकों के पुलिस थानों में हथियारबंद जवान तैनात किए गए

- सीमा पर गश्त बढ़ाई, रेंज आईजी व संभागीय आयुक्त श्रीकरणपुर पहुंचे
- सूत्रों के मुताबिक पिछले 2 दिनों से पाकिस्तानी रेंजर्स की मूवमेंट भी बढ़ गई है
- सीमा पर स्थित पाकिस्तानी चौकियों में पाक रेंजर्स कभी कभार गश्त करते थे, लेकिन पिछले दो दिनों से पाक रेंजर्स को गश्त करते देखा जा रहा है

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद राजस्थान में भी सीमावर्ती इलाकों में अलर्ट है, जिसके चलते श्रीगंगानगर में भी बॉर्डर इलाके में गश्त बढ़ा दी गई है। वहीं सीमावर्ती इलाकों के पुलिस थानों में हथियार बंद जवान तैनात किए गए हैं। इसके साथ ही बॉर्डर इलाकों में होने वाली प्रत्येक गतिविधि पर सुरक्षा एजेंसियां अपनी कड़ी नजर बनाए हुए है।

इधर देर रात बीकानेर रेंज आईजी ओमप्रकाश पासवान व संभागीय आयुक्त रवि कुमार श्रीकरणपुर पहुंचे। दोनों अधिकारियों के साथ एसपी गौरव यादव व जिला कलेक्टर डॉ. मंजू चौधरी ने बीएसएफ के साथ बॉर्डर इलाके का निरीक्षण कर बीएसएफ अधिकारियों के साथ बैठक की। बॉर्डर इलाके में हो रही प्रत्येक गतिविधि पर सुरक्षा एजेंसियों की पैनी नजर है। वहीं सरकार ने भी सभी सुरक्षा एजेंसियों को आपसी तालमेल के साथ कार्य करने के आदेश दिए। बॉर्डर इलाके में बीएसएफ में गश्त बढ़ा दी है। आने-जाने वाले प्रत्येक वाहन की तलाशी व व्यक्ति से गहनता से पूछताछ की जा रही है। सीसीटीवी कैमरों के जरिए पूरे इलाकों पर नजर रखी जा रही है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पहलगांव में हुए हमले के बाद से ही देश की सीमा की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। ऐसे में बीएसएफ के जवानों व अधिकारियों को चौकसी बढ़ाने के निर्देश दिए गए है। वहीं बॉर्डर इलाकों में बीएसएफ की अस्थाई चौकियां लगाई है। बीएसएफ की पोस्टों पर जवानों की संख्या में भी बढ़ाई गई है। श्रीगंगानगर जिलेभर में ए श्रेणी की नाकाबंदी चल रही है, जिसमें हथियार बंद जवानों द्वारा पूरे जिले में नाकाबंदी कर आने-जाने वाले प्रत्येक वाहन को चेक किया जा रहा है। वहीं श्रीगंगानगर में जिला कलेक्टर ने विभिन्न विभागों की बैठक ली। राष्ट्रीय सुरक्षा व सीमावर्ती इलाकों में हाई अलर्ट को मध्यनजर रखते हुए सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक ली।

सूत्रों के मुताबिक पिछले 2 दिनों से पाकिस्तानी रेंजर्स की मूवमेंट भी बढ़ गई है। सीमा पर स्थित पाकिस्तानी चौकियों में पाक रेंजर्स कभी कभार गश्त करते थे, लेकिन पिछले दो दिनों से पाकिस्तानी रेंजर्स को गश्त करते हुए देखा जा रहा है। ऐसे में आतंकी हमले को लेकर भारत के द्वारा पाकिस्तान के विरुद्ध लिए फैसले के बाद पाकिस्तान की बेचैनी को बढ़ा हुआ देखा जा सकता है।

जानकारी के अनुसार बीएसएफ लगातार बॉर्डर इलाकों में चौकसी कर रही है। इसके साथ ही बॉर्डर पर लगे अत्याधुनिक कैमरों के माध्यम से पूरी तारबंदी व तारबंदी के नजदीक होने वाली हर एक मूवमेंट पर बीएसएफ नजर बनाए हुए है। इन कैमरों को प्रत्येक बीओपी पर बनाए गए कंट्रोल रूम से 360 डिग्री से ऑपरेट कर तारबंदी की निगरानी की जा रही है।

# आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान से लगती सीमाओं पर निगरानी शुरू

**बीकानेर,** (निसं)। जिले की पाकिस्तान से लगती बॉर्डर सीमा पर इंटेलीजेंस और पुलिस की चौकियां बंद पड़ी हैं। इंटेलीजेंस की चौकियां शुरू करने के प्रस्ताव मुख्यालय को भेजे गए थे जो लंबे समय से ठंडे बस्ते में हैं और पुलिस की चौकियां स्टॉफ के अभाव में वीरान हैं। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में पहलगाम से 6 किमी दूर पर्यटन स्थल बैसरन घाटी में आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान से लगती सीमाओं पर निगरानी बढ़ा दी गई है। बीकानेर रेंज के बीकानेर और श्रीगंगानगर जिलों में उच्च अधिकारी स्वयं बॉर्डर के दौरों पर हैं। गुप्तचर एजेंसियां और बीएसएफ बॉर्डर के उस पार पाकिस्तानी सीमा में गतिविधियों पर नजरें गड़ाए है। ऐसे में बॉर्डर एरिया पर पड़ताल की गई तो सामने आया कि इंटेलीजेंस और पुलिस की चौकियां लंबे समय से बंद पड़ी है।

बीकानेर जिले की करीब 170 किमी सीमा पाकिस्तान बॉर्डर से लगती है। पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई की सक्रियता तस्करी और साइबर अटैक ने जिले को और ज्यादा संवेदनशील बना दिया है। इसके बावजूद इंटेलीजेंस और पुलिस की चौकियां वीरान है। खाजूवाला, रणजीतपुरा, दंतौर, छत्तरगढ़, बज्जू, लूणकरणसर में बीआई है। इनमें से रणजीतपुरा और दंतौर बीआई को अस्थाई रूप से चलाया जा रहा है। इन दोनों के साथ ही पूगल में बीआई शुरू करने के प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय को भेजे गए थे जिन पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। पुलिस की चौकियां भी स्टॉफ और संसाधनों के अभाव में सूनी हैं। खाजूवाला में पाक बॉर्डर पर 32 हैड और सिसाडा पुलिस चौकी पर पर ना तो स्टॉफ है और और ना ही संसाधन। रणजीतपुरा थाने की में बॉर्डर के पास 95 आरडी चौकी खोली जानी थी जिसके लिए तीन बीघा जमीन की आवश्यकता जताई गई। अभी तक जमीन ही अलॉट नहीं हो पाई है। बीकानेर में रणजीतपुरा, पूगल और दंतौर बीआई पोस्ट की आवश्यकता जताई गई। इन इलाकों में संदिग्ध लोगों के आवागमन, हेरोइन की डिलिवरी लेने वालों का आना-जाना और पाक की ओर से फोन, व्हाट्सएप के जरिये भारतीय सीमा में लोगों से संपर्क को देखते हुए उन्हें सतर्क और जागरुक करने का कारण बताया गया।

आईजी बीकानेर रेंज ओमप्रकाश का कहना है कि बॉर्डर इलाकों में पुलिस चौकियों को सक्रिय करने के लिए कहा गया है, जहां स्टॉफ और संसाधन की आवश्यकता है, वहां उपलब्ध करवाए जाएंगे।

## रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने राजसमंद जिले के रिछेड़ और थुरावड़ के पटवारी राहुल सुखीजा को सात हजार रूपए की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार पटवारी राहुल सुखीजा थुरावड़ स्थित कच्चे शुदा जमीन को राजस्थान भू अधिनियम की धारा 91 के तहत रिकॉर्ड में लेने एवं नोटिस जारी करने की एवज में परिवादी से 10 हजार रूपए रिश्वत मांग रहा था। नहीं देने पर परिवादी को परेशान किया जा रहा था। एसीबी डीआईजी राजेन्द्र प्रसाद गोयल ने बताया कि पटवारी राहुल सुखीजा पुत्र पवन सुखीजा को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी राहुल सुखीजा रिछेड़ पटवार मंडल का पटवारी है और वर्तमान में थुरावड़ पटवारी का उसके पास अतिरिक्त कार्यभार है। परिवादी ने एसीबी कार्यालय में राहुल सुखीजा के खिलाफ शिकायत दी थी। शिकायत में बताया कि परिवादी की थुरावड़ स्थित कब्जेशुदा जमीन को धारा 91 के तहत रिकॉर्ड पर लेने और नोटिस जारी करने की एवज में पटवारी राहुल परिवादी से 10 हजार रूपए रिश्वत मांग रहा है और नहीं देने पर परिवादी को परेशान किया जा रहा है। इस पर एसीबी ने शिकायत का सत्यापन किया, जिसमें रिश्वत मांगे जाने की पुष्टि हुई। शुक्रवार को एसीबी टीम ने ट्रेप कार्रवाई करते हुए पटवारी राहुल सुखीजा को एक नाबालिग बालक के मार्फत सात हजार रूपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

## विवाहिता से दुष्कर्म

**बीकानेर,** (निसं)। यहां एक पुलिस थाना क्षेत्र में एक विवाहिता के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता की ओर से पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि संदीप से जान-पहचान थी। वह घर आता-जाता रहता था। उसने मौका देखकर घर में घुसकर दुष्कर्म किया और अश्लील फोटो खींच लिए। अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर महिला को ब्लैकमेल करने की कोशिश में था।

# कार से 29 लाख का डोडा-पोस्त जब्त

**टोंक,** (निसं)। घाड़ थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान कार में से बड़ी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ डोडा-पोस्त जब्त किया है। जब्त माल का वजन 194.555 किलो है, इसकी अनुमानित लागत 29 लाख 18 हजार 355 रुपए से ज्यादा है। यह कार्रवाई पुलिस ने सरोली मोड़ के पास जयपुर-कोटा नेशनल हाइवे 52 के पास की है। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान जारी है। घाड़ थाना प्रभारी हरिराम वर्मा ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस भरसक प्रयास कर रही है। विकास सांगवान के निर्देश पर नाकाबंदी, मुखबीर आदि को और ज्यादा सक्रियता से काम कर रही है। नाकाबंदी कर सघन चेकिंग की जा रही है।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जिला ग्रामीण खण्ड, द्वितीय उदयपुर**

क्रमांक:अअ /जिख/अंके/2025-26/146-156 दिनांक: 15.04.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 06-09 / 2025-26**

खण्ड कार्य क्षेत्र में विभिन्न उपखण्डों के विभिन्न ग्रामों की पेयजल योजना संबंधित विभिन्न कार्य (रू. 11.93 से 120.00 लाख तक के) की आमंत्रित की जाती है जो कि दिनांक 26.04.2025 को 18.00 बजे प्राप्त की जावेगी। निविदाओं का विस्तृत विवरण राज्य सरकार के उपापन पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in पर देखे जा सकता है।

NIB Code PHE2526A0471

UBN No. -PHE2526WSOB01097, PHE2526WSRC01098 PHE2526WSOB01099, PHE2526WSOB01100

अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, जिला ग्रामीण खण्ड, द्वितीय उदयपुर

DIPR/C/5347/2025



**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग, जिला ग्रामीण खण्ड द्वितीय, बीकानेर**

पी.एच.ई.डी. कैम्पस, इण्डस्ट्रीयल एरिया, के.जी. कॉम्पलेक्स के पास, रानीबाजार, बीकानेर (334001) फोन-0151-2226475 ई-मेल-pheddiit@kmgmail.com, tedly2.bil.phed@injasthan.ger.inl.atitude 28.0005256 Longitude 73.3249120

क्रमांक :-360-64 **Notice Inviting Bid:- 20 to 24/2025-26** दिनांक-16/04/2025

Bid for various works are invited to registered interested bidder upto 28-04-2025 at 15.00 hours. Other particulars of bid may be visited on the procurement portal www.sppp.rajasthan.nic.in & "http://eproc.rajasthan.gov.in" of the state. The approximate value of the procurement of Rs. 169.52 lacs.

| NIT No. | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
|---|---|---|---|---|---|
| UBN No. | PHE2526 WSOB01250 | PHE2526 WSOB01251 | PHE2526 WSOB01252 | PHE2526 WSOB01254 | PHE2526 WSOB01255 |

(नरेश कुमार रैगर) अधिशाषी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, जिला ग्रामीण खण्ड-II, बीकानेर

DIPR/C/5271/2025



**राजस्थान सरकार**

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड प्रथम, जयपुर**

सी-ब्लॉक, बेसमेन्ट, स्वास्थ्य भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005 (राज.), फोन: 0141-2229737

क्रमांक : 77 दिनांक : 15.4.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या: 03/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत "Construction of Trauma Center at Raisar, Distt. Jaipur" कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग / राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत अनुभवी संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बन्धित विवरण की वेब साईट www.dipronline.org, www.sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।

UBN 1. NRH2526WSOBOO100

अधिशाषी अभियंता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य खण्ड प्रथम, जयपुर

DIPR/C/5298/2025



**जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**

कार्यालय अधीक्षण अभियंता (ऍम एंड पी-पीसी) मीटर लैब के ऊपर, नया पॉवर हाउस, जोधपुर -342003 फोन न. 0291-2970134,0291-2970135, Email-semnpjdz.jdvvnl@rajasthan.gov.in

**ई – निविदा हेतु सूचना**

इस कार्यालय द्वारा योग्य बोलीदाता से ई-तकनीकी-वाणिज्यिक एवम् मूल्य निविदाएंJU/SE(M&P-PC)/TN-68 (युबीएन JVV2526SLOB00049), NIB JVV2526A0023आमंत्रित की गई है जिसका विवरण डाउनलोड की समाप्ति दिनांक, निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक तथा निविदा खुलने की दिनांक इत्यादि का विवरण वेबसाइट energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl और www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध हैं। निविदादाता को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि ऑन लाइन (वेबसाइट www.eproc.rajasthan.gov.in पर) निविदा डालने से पहले निविदा दस्तावेजों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर लें।

अधीक्षण अभियंता (ऍम एंड पी -पीसी) जोधपुर डिस्कॉम, जोधपुर

राज.संवाद/सी/25/1332

बिजली संबंधी शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6045



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता एवं पदेन परियोजना प्रबन्धक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर जिला परिषद, झालावाड**

क्रमांक-161 दिनांक-15.04.2025

**NOTICE INVITING BID**
**NIB No 04/2023-24**

Bids for NRM Works (ANICUT, PCD, GABION STRUCTURE, RECHARG SHAFT, etc) Under PMKSY-2.0 Project area in Block AKLERA, BAKANI. DAG, PIRAWA (04 Pacage-48 WORK) of estimated value INR 376.50 Lacks are invited from interested bidders up to 6.00 PM 2025. Technical Bid of submitted tender opned on 28-04-2025 at 11.00 AM.

Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state.

NIB NO-**WSC2526A0043**

UBN NO.- WSC2526WSOB00061, WSC2526WSOB00062, WSC2526WSOB00063, WSC2526WSOB00064

(Jeet Mal Nagar) SE& PM, WCDC, ZILA PAIRSHAD, JHALAWAR DDO CODE NO. 28607

DIPR/C/5324/2025



**राजस्थान सरकार**

**निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर**

क्रमांक निदे/अ.अ.अ. नीलामी / निलागी (ERCC/RCC/10)/2025/ई-10884

**ई-नीलामी विज्ञिप्त संख्या- ( ERCC/RCC/10 ) 2025**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के नियम-36 व 37 के तहत विभाग द्वारा इस विज्ञिप्त से अप्रधान खनिजों के प्रभावशील खनन पट्टों/क्वारी लाईसेंसों व परमिट क्षेत्रों से निर्गमित होने वाले खनिजों पर अधिशुल्क / अधिक अधिशुल्क, परमिट शुल्क, प्रिमीयम शुल्क, डी.एम.एफ.टी., आर.एस.एम.ई.टी. एवं अन्य शुल्क संग्रहण के कुल 52 ठेके खुली ई-नीलामी के माध्यम से दिये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर इच्छुक बोलीदाताओं से बोली आमंत्रित की जाती है। ठेकों से संबंधित विस्तृत विवरण जैसे-ठेका क्षेत्र, खनिज, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण व ई-ऑक्शन की प्रकिया एवं मुख्य शर्ते विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म प्रदाता कंपनी की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध हैं।

DIPR/C/5243/2025 ( दीपक तंवर ), निदेशक



**कार्यालय नगर पालिका सुल्तानपुर जिला कोटा (राज.)**

E-mail id – npsultanpur01@gmail.com Phone No. 07455-294166

क्रमांक. नपासु/2025–26/168–69 दिनांक – 24.04.2025

**ई–निविदा–सूचना**

इस कार्यालय की निविदा सूचना संख्या 162–63 दिनांक 23.04.2025 के द्वारा कुल 7 कार्य की अनुमानित लागत 166.00 लाख की किसी भी राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970 एवं राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 के अन्तर्गत पंजीकृत संवेदको से ऑनलाईन ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

| Work No. | UBN No. | Work No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | DLB2526SLOB02696 | 2 | DLB2526SLOB02697 |
| 3 | DLB2526SLOB02698 | 4 | DLB2526SLOB02699 |
| 5 | DLB2526SLOB02700 | 6 | DLB2526SLOB02701 |
| 7 | DLB2526SLOB02702 | | |

प्रशासक नगर पालिका सुल्तानपुर अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सुल्तानपुर

राज.संवाद/सी/25/1306



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा. अभि. विभाग, नगर खण्ड प्रथम कोटा**

-: निविदा सूचना संख्या - 01/2025-26:-

UBN code:-PHE2526WSOB01079

समुचित वर्ग के सूचीबद्ध सक्षम ठेकेदारों से विभाग के निम्न कार्य करने हेतु राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम, 2012 एवं नियम 2013 के अन्तर्गत पेयजल कार्यों से सम्बन्धित सेवाओं के उपापनों के सम्बन्ध में दिशा-निर्देशानुसार ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु नियमानुसार विहित अग्रिम धनराशि देने के पश्चात् निविदा हेतु पात्र होंगे, निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाऐं दो लिफाफा पद्धित में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in से दिनांक 22.04.2025 प्रातः 10:00 बजे से डाउनलोड किये जा सकते है। ऑनलाईन निविदाएँ इसी वेबसाईट पर इच्छुक संवेदकों द्वारा दिनांक 22.04.2025 से दिनांक 01.05.2025 तक सांय 6:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। वेबसाईट पर उनके सम्मुख दिनांक 02.05.2025 को इस कार्यालय में सांय 4:00 बजे खोली जावेगी। यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो उसके अगले दिन कार्य दिवस को उसी समय पर निविदा खोली जावेगी। निविदा शुल्क/प्रक्रिया शुल्क निविदादाता द्वारा ऑन लाईन चालान द्वारा निविदा प्रपत्रो में वर्णन अनुसार इस कार्यालय में सभी निविदा प्राप्ति की दिनांक 02.05.2025 तक को दोपहर 01:00 बजे तक जमा करवाना आवश्यक है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण निम्नलिखित वेबसाईट पर देखे जा सकते है:-

1 http://phedwater.rajasthan.gov.in 2. www.dipronline.org
3. http//www.eproc.rajasthan.gov.in 4. http//sppp.rajasthan.gov.in

"जल ही जीवन है"

( प्रकाश बीर नाथानी ), अधिशाषी अभियंता, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर खण्ड प्रथम कोटा

DIPR/C/5317/2025


# सड़क हादसे में पति की मौत, पत्नी घायल

## हॉस्पिटल में भर्ती भाई से मिलकर गांव जा रहे थे, रास्ते कार ने बाइक को टक्कर मार दी

**पाली,** (नि.सं.)। पाली में हुये सड़क हादसे में पति की मौत हो गई। वहीं पत्नी घायल हो गई। दोनों हॉस्पिटल में भर्ती भाई से मिलकर गांव जा रहे थे, बीच रास्ते कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे हादसा हो गया।

पुलिस के अनुसार पाली शहर के निकट स्थित कुरणा गांव निवासी 52 वर्षीय पूरा राम पुत्र मूलाराम खारवाल 48 वर्षीय मैना देवी के साथ गुरुवार को बाइक से पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में भर्ती अपने चचेरे भाई भीमा राम से मिलने आए थे। वापस दोनों पति-पत्नी बाइक से कुरणा गांव जाने के लिए गुरुवार शाम को रवाना हुए। कुरणा गांव के निकट इनकी बाइक को तेज रफ्तार में आ रहे कार सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों पति-पत्नी उछलकर नीचे गिरे। इलाज के लिए दोनों को बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को रेफर किय गया। परिजन एम्बुलेंस से उन्हें अहमदाबाद लेकर रवाना हुए। लेकिन आबूरोड के निकट पूरा राम की मौत हो गई। ऐसे में बॉडी के साथ घायल मैनादेवी को भी वापस पाली लाया गया। शुक्रवार सुबह पूरा राम की बॉडी पुलिस ने पाली के बांगड़ हॉस्पिटल की मॉचूरी में शिफ्ट करवाई। वहीं घायल मैनादेवी का शहर के निजी हॉस्पिटल में उपचार जारी है। मृतक के रिश्तेदार अशोक कुमार ने बताया कि पूरा राम अपने परिवार के साथ पिछले कई सालों से अहमदाबाद के ईशनपुरा में रह रहे है। वहां उनका जनरल स्टोर है। उनके पिता मूलाराम का देहांत हो गया था। 19 अप्रेल को गंगाप्रसादी थी। ऐसे में वे परिवार सहित अहमदबाद से कुरणा गांव आए हुए थे। गुरुवार को बांगड़ हॉस्पिटल में भर्ती अपने चचेरे भाई भीमा राम से मिलकरदोनों पति-पत्नी वापस गांव जा रहे थे। इस दौरान यह हादसा हो गया।

## परीक्षाओं का आयोजन तीन से

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आगामी 3 से 7 मई तक अजमेर जिला मुख्यालय पर विभिन्न परीक्षाओं का आयोजन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। परीक्षाओं के प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट एवं एसएसओ पोर्टल पर परीक्षा दिनांक से तीन दिवस पूर्व जारी किए जाएंगे।

आयोग सचिव ने बताया कि पीटीआई एंड लाइब्रेरियन (संस्कृत कॉलेज शिक्षा विभाग) परीक्षा-2024 के तहत प्रश्न-पत्र तृतीय (जनरल स्टडीज ऑफ राजस्थान) की परीक्षा 3 मई को दोपहर 3.30 बजे से 5.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। लाइब्रेरियन के पदों के लिए 5 मई को प्रश्न-पत्र प्रथम की परीक्षा सुबह 9 से 12 बजे तक एवं प्रश्न-पत्र द्वितीय की परीक्षा दोपहर 2.30 से 5.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार फिजिकल ट्रेनिंग इंस्ट्रक्टर के पदों के लिए 6 मई को प्रश्न-पत्र प्रथम की परीक्षा प्रातः 9 से 12 बजे तक एवं प्रश्न-पत्र द्वितीय की परीक्षा दोपहर 2.30 से 5.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। 7 मई को माइंस एंड जियोलॉजी डिपार्टमेंट के लिए असिस्टेंट माइनिंग इंजिनियर परीक्षा-2024 का आयोजन सुबह एवं जियोलॉजिस्ट परीक्षा- 2024 का आयोजन दोपहर 2.30 से 5.30 बजे तक किया जाएगा।

# श्रीगंगानगर में व्यवसायी के ठिकानों पर ईडी ने छापा मारा

## पीएनबी बैंक घोटाले में व्यापारी के ठिकानों पर मारी रेड, घर व दुकानों पर सर्वे जारी

- कार्रवाई सुबह से ही प्रारंभ हुई, इसमें ईडी की जयपुर व दिल्ली यूनिट की संयुक्त टीमें शामिल हैं

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। यहां शुक्रवार को सुबह से ही एक बड़ी कार्रवाई देखने को मिली। यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने स्थानीय व्यवसायी अमनदीप चौधरी के कई ठिकानों पर एक साथ छापा मारा शुरू की। यह कार्रवाई पंजाब नेशनल बैंक से जुड़े करोड़ों रुपए के कथित घोटाले के मामले में की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह छापेमारी व्यापारी अमनदीप चौधरी के आवास और धानमंडी स्थित कार्यालय सहित अन्य व्यापारिक ठिकानों पर जारी है। कार्रवाई सुबह से ही प्रारंभ हुई और इसमें ईडी की जयपुर व दिल्ली यूनिट की संयुक्त टीमें शामिल हैं। सुरक्षा के मद्देनज़र स्थानीय पुलिस बल भी भारी संख्या में तैनात है। सूत्रों के अनुसार, अमनदीप चौधरी पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक से करोड़ों रुपए की लोन राशि प्राप्त करने और उसे अन्यत्र उपयोग में लेने का आरोप है। इस संबंध में उनके विरुद्ध पहले से ही जोधपुर में धोखाधड़ी का एक गंभीर मामला दर्ज है। ईडी अधिकारियों ने अब तक कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज जब्त किए हैं। जांच एजेंसी द्वारा बैंक लेन-देन, अचल संपत्तियों और संबंधित खातों की भी गहन जांच की जा रही है।

ईडी सूत्रों का कहना है कि यदि आवश्यक हुआ तो आने वाले दिनों में अन्य संबंधित व्यक्तियों के भी ठिकानों पर छापेमारी की जा सकती है। साथ ही अमनदीप चौधरी से पूछताछ हो सकती है। ईडी सूत्रों के मुताबिक, श्रीगंगानगर के रहने वाले अमनदीप चौधरी ने अपने साथियों के साथ मिलकर पंजाब नेशनल बैंक से 25 करोड़ का लोन लेकर फ्रॉड किया था। इस पर कार्रवाई करते हुए ईडी ने जयपुर में तीन, बीकानेर में दो और हनुमानगढ़ व श्रीगंगानगर के पांच ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की।

एसीबी की ओर से जोधपुर में अक्टूबर-2020 में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। पंजाब नेशनल बैंक से धोखाधड़ी कर 25 करोड़ रुपए का लोन उठाया गया था। बैंक से फ्रॉड मामले में अमनदीप चौधरी, उनकी पत्नी सुनीता चौधरी, ओमप्रकाश व अन्य आरोपी शामिल है। मुख्य आरोपी अमनदीप चौधरी ने अपने साथियों के साथ मिलकर बैंक से फर्जीवाड़ा किया। वेयर हाउस में रखे माल पर पंजाब नेशनल बैंक से 25 करोड़ का लोन उठा लिया, इसके बाद वेयर हाउस में रखे माल को बैंक को बताए बिना ही मार्केट में बेच दिया।


**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.JAIPUR**

No.NIT/2025-26/2580-92 **निविदा सूचना /2024-25** Date:24.04.2025

निम्नलिखित कार्य के लिए केन्द्र/राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है-

| कार्य का विवरण | कार्य की कुल अनुमानित लागत (रू.) | निविदा सूचना संख्या |
|---|---|---|
| Construction of Remaining work ROB on Sikar-Jhunjhunu-Luharu Road. UBN: RRC2526WLOB00061 | 3248.00 Lakh | ई-031/25-26 |
| Construction of Additional Four Floor at Sambhagiya Kar Bhawan at Jhalana Institutional Area. UBN: RRC2526WLOB00060 | 1486.00 Lakh | अल्पकालीन ई-032/25-26 |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। महाप्रबंधक



**Office of the Superintendent Engineer Cum Project Manager WCDC, Karauli**

No. :- 125 Date :- 24/04/2025

**NOTICE INVITING BID**
**NIB No. : 02/2025-26**

Bids for Nala sudadikaran karya bus stand ke pass pepal ghat work Project PMKSY 2.0 Block - Todabhim of estimated value INR 34.59 Lacs [01 Package) are invited from interested bidders up to 06.00 PM, 04-05-2025, Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **(https://eproc.rajasthan.gov.in,** or **https://sppp.rajasthan.gov.in)** of the state, departmental website.

NIB CODE:- WSC2526A0071, UBN NO- WSC2526WSRC00180

Raj.Samwad/C/25/1322 Superintending Engineer and Project Manger



**The Rajasthan Small Industries Corporation Ltd.**

Udyog Bhawan, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur-302005 Phone: 0141-2227267 Fax 0141-2227257 Website: industries.rajasthan.gov.in/rajsco *e-mail: rajsico@rajasthan.gov.in CIN:- U91110RJ1961SGC001118

**ई-निविदा सूचना 05/2025-26**

निगम में संविदा पर (आउट सोर्स) कर्मी उपलब्ध कराने हेतु एक वर्ष की अवधि के लिए प्रतिष्ठित एजेन्सियों से द्वि-प्रकर्मी मोहर बन्द ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा eproc.rajasthangov.in के माध्यम से प्रस्तुत की जावेगी। निविदा प्रपत्र मचतवबण्तरेंजींद हवअण्पद के माध्यम से प्राप्त कर सकते है। निविदा की अंतिम तिथि 01.05.2025। अन्य विवरण एवं जानकारी निगम की Website: industries.rajasthan.gov.in/rajsico, eproc.rajasthan.gov.in एवं sppp.rajasthan.gov.in पर प्राप्त कर सकते है।

UBN No.: RSI2526SLOB00005

राज.संवाद/सी/25/1363 वरिष्ठ लेखाधिकारी (कार्मिक)



**नगर विकास न्यास, पाली**

जिला कलेक्ट्रेट परिसर, पाली, फोन नं. 02932-223222, ई मेल – uitpali@gmail.com

क्रमांक :- न्या.पा./विज्ञापन/2025/2482 दिनांक :- 24/04/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या - 10/2025-26**

नगर विकास न्यास, पाली की और से न्यास/राजकीय विभाग से नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया से सिविल कार्यो हेतु ऑन–लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, इन कार्यों की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, निविदा शर्तें आदि सम्पूर्ण विवरण https://eproc.rajasthan.gov.in, sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है तथा न्यास कार्यालय, पाली में कार्य दिवस के दौरान देखी जा सकती है। यूबीएन नम्बर :– ITP2526WSOB00013

राज.संवाद/सी/25/1311 अधिशाषी अभियन्ता, नगर विकास न्यास, पाली


# पहलगाम में हुए आतंकी हमले का विरोध, सीकर सहित कई कस्बे बंद रहे

## नीमकाथाना, लक्ष्मणगढ़ व फतेहपुर सहित शहर व कस्बे के बाजार बंद रहे

**सीकर,** (निसं )। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में शुक्रवार को सीकर जिला मुख्यालय सहित जिले का नीमकाथाना, लक्ष्मणगढ़ व फतेहपुर सहित कई शहर और कस्बे के बाजार पूरी तरह से बंद रहे।

सीकर शहर में सुबह से ही विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल सहित हिंदू संगठनों और सर्व समाज के लोग अलग-अलग टीम बनाकर बाजार बंद करवाते नजर आए। हालांकि आतंकी हमले के विरोध में विश्व हिंदू परिषद की ओर से किए गए आव्हान की सभी व्यापारी के संगठनों ने भी समर्थन दिया था, जिसके चलते मुख्य बाजार पूरी तरह से स्वतः ही बंद नजर आए।

- विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल सहित हिंदू संगठनों और सर्व समाज के लोगों ने अलग-अलग टीमें बनाकर बाजार बंद कराये
- बंद के दौरान जिला प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था रही, चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रही




विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित अन्य संगठनों ने जन आक्रोश रैली निकाली।

छुटपुट घटनाओं के अलावा पूरी तरह से सीकर बंद सफल रहा और पुलिस की भी चाक चौबंद व्यवस्था रही। आतंकी हमले के विरोध में बंद के दौरान नीमकाथाना में भी जन आक्रोश देखने को मिला। जहां विश्व हिंदू परिषद के आव्हान पर नीमकाथाना के बाजार पूरी तरह से बंद रहे। इसी तरह फतेहपुर और लक्ष्मणगढ़ के बाजार भी पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में पूर्ण रूप से बंद रहे। हालांकि सुबह-सुबह कुछ दुकानें खुली मिली जिन्हें भी विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सहित सर्व समाज के लोगों ने आग्रह कर बंद करवा दिया।

सीकर शहर व जिले के कई बड़े कस्बे बंद होने के चलते जिला प्रशासन की भी सुरक्षा की दृष्टि से चाक चौबंद व्यवस्था देखने को मिली। बंद के दौरान एहतिहात के तौर पर मुख्य बाजारों और चौराहों पर पुलिस के जवान तैनात रहे दिखाई दिए। वहीं पूरे दिन सीकर जिला मुख्यालय सहित जिले के कई कस्बों के बाजार शुक्रवार को पूरे दिन बंद रहे तो वही शाम को विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित अन्य संगठनों की ओर से जन आक्रोश रैली निकाली गई। इसके बाद आतंकवाद का पुतला जलाकर हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देकर आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। वहीं शनिवार को सीकर जिले का श्रीमाधोपुर कस्बे को बंद रखने का भी आव्हान विश्व हिंदू परिषद की ओर से किया गया है।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने पहलगाम हमले के विरोध में आतंकवादियों का पुतला फूंका




कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किए गए बर्बर हमले के खिलाफ आज राजधानी जयपुर के बड़ी चौपड़ पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने जोरदार प्रदर्शन किया।



जयपुर जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व विधायक गोपाल मीणा के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्टैचू सर्किल पर कैंडल मार्च निकाला और दो मिनिट का मौन रखा।

**जयपुर।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किए गए बर्बर हमले के खिलाफ आज राजधानी जयपुर के बड़ी चौपड़ पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने जोरदार प्रदर्शन किया। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती के नेतृत्व में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में आतंकवादियों का पुतला दहन किया गया और पाकिस्तान के झंडे को जलाकर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के प्रति आक्रोश व्यक्त किया गया।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने शहीद निर्दोष नागरिकों को खिराज-ए-अकीदत पेश किया और आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर नारेबाजी की।

प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने कहा, "आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन है। भारत इसकी हर

- **सर्व मुस्लिम समाज ने एकजुटता दिखाते हुए आतंकी हमले का किया विरोध**

सूरत में निंदा करता है और इससे सख्ती से निपटेगा।" उन्होंने आगे कहा कि "भारत में हिंदू और मुस्लिम एक हैं। आज पूरा मुस्लिम समाज अपने हिंदू भाइयों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आतंकवाद के खिलाफ खड़ा है। यही एकता हमारी सबसे बड़ी ताकत है।"

हमीद खान ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए सभी द्विपक्षीय समझौते तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिए गए हैं। यह निर्णय पाकिस्तान द्वारा लगातार आतंकवाद को संरक्षण देने के चलते लिया गया है। उन्होंने बताया कि जुम्मे की नमाज के बाद शहर की सभी प्रमुख मस्जिदों में आतंकवाद के खिलाफ विरोध दर्ज कराया गया, शहीदों के लिए दुआएं की गईं और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए पाकिस्तान के झंडे जलाए गए। मुस्लिम समाज ने प्रधानमंत्री से पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाने की मांग की।

इस अवसर पर मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हुसैन खान, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एम. सादिक खान, फिरोज़ खान (पूर्व प्रदेश महामंत्री), हिदायत खान, मुनव्वर खान, पूर्व राष्ट्रीय मंत्री रेशमा हुसैन, जयपुर शहर अध्यक्ष अब्दुल अज़ीज़, शहर महामंत्री परवेज़ खान, मजीद पठान, मोहम्मद इरशाद खान, उस्मान चौहान, फरमान अहमद, तथा ऋषभ जैन सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आरएएस पद के लिए अपात्र घोषित करने वाला 24 साल पुराना आदेश रद्द

- **राज्य सरकार पर पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाकर आरएएस पद पर नियुक्ति के आदेश**

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने आरएएस भर्ती-1999 और 2003 की भर्ती में चयनित अभ्यर्थी को अनफिट करने को गलत माना है। इसके साथ ही अदालत ने याचिकाकर्ता को 21 अप्रैल, 2006 से समस्त बकाया, वरिष्ठता और पदोन्नित के साथ आरएएस पद पर नियुक्ति देने को कहा है। वहीं अदालत ने याचिकाकर्ता के पेंशन व अन्य परिलाभों के लिए सेवाकाल की गणना सितंबर, 2001 से करने को कहा है। अदालत ने कहा कि योग्यता की स्वीकृति के प्रतीकात्मक संकेत के रूप में याचिकाकर्ता की आरएएस पद पर नियुक्ति एक माह में राज्य के मुख्य सचिव की उपस्थिति में दी जाए। इसके अलावा अदालत ने लंबे समय पर याचिकाकर्ता के साथ हुए भेदभाव को देखते हुए राज्य सरकार पर पांच लाख रुपए का हर्जाना लगाया है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश डॉ. देवाराम शिवरान की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता एसपी शर्मा ने बताया कि याचिकाकर्ता ने आरएएस भर्ती-1999 में भाग लेकर मेरिट में 360वां स्थान प्राप्त किया था। वहीं उसे आंखों का दोष बताकर मेडिकल अनफिट कर नियुक्ति से इनकार कर दिया। इसे चुनौती देने पर अदालत ने सितंबर, 2001 को याचिकाकर्ता के लिए एक पर रिक्त रखने को कहा। इसके बाद साल 2003 की आरएएस भर्ती में याचिकाकर्ता ने 21वां स्थान प्राप्त किया, लेकिन उसे समान आधार पर अनफिट बताया गया। याचिकाकर्ता की प्रार्थना पर दूसरे मेडिकल बोर्ड ने परीक्षण किया और उसे अनफिट बता दिया। दूसरी ओर राज्य सरकार ने मेरिट में 22वां स्थान रखने वाली अभ्यर्थी को आरएएस पद पर नियुक्ति दे दी। याचिकाकर्ता की प्रार्थना के बाद मुख्यमंत्री ने कमेटी गठित की और उसकी सिफारिश पर याचिकाकर्ता को लेखा सेवा में नियुक्ति दी गई। याचिका में कहा गया कि वह बीते दो दशक से लेखा सेवा में काम कर रहा है और शुरू से ही मेधावी छात्र रहा है। एकलपीठ ने उसके विधिक अधिकारों की रक्षा करते हुए उसके लिए एक पर रिक्त रखने को कहा था। ऐसे में उसे आरएएस कैडर में नियुक्ति दी जाए। इसका विरोध करते हुए राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि याचिकाकर्ता दिव्यांग है और आरएएस व आईएएस भर्ती में साल 2005 व 2007 से दिव्यांग आरक्षण दिया जाने लगा है। इससे पूर्व की भर्तियों में दिव्यांग आरक्षण का प्रावधान नहीं था। इसके बावजूद उसके रिकॉर्ड को देखते हुए उसे राज्य सरकार ने शिथिलता देते हुए लेखा सेवा में नियुक्ति दी।

# वर्ष 2047 के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये चरणबद्ध रूप से विकास के पथ पर आगे बढ़ना है : भजनलाल शर्मा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमने राज्य बजट 2024-25 के दौरान 10 संकल्प पेश किए थे। इन्हीं संकल्पों को आधार बनाते हुए विकसित राजस्थान की रूपरेखा तैयार की गई है। इसके लिये विकास की चार थीम के आधार पर विभिन्न विभागों के प्रमुख लक्ष्य तय किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के आगामी बजट भी विकसित राजस्थान की संकल्पना का दर्पण होंगे। शर्मा ने कहा कि हमें वर्ष 2047 के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु प्राथमिकता तय करते हुए चरणबद्ध रूप से विकास के पथ पर आगे बढ़ना है। इसके लिए सर्वप्रथम वर्ष 2030 तक के विकास का रोडमैप तैयार करते हुए हमें मजबूती से कदम बढ़ाने होंगे। उन्होंने कहा कि विजन डॉक्यूमेंट को सरल भाषा में तैयार कर आमजन तक पहुंचाएं तथा उनके अमूल्य सुझाव प्राप्त कर उन्हें इस डॉक्यूमेंट में शामिल करें।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर विकसित राजस्थान-2047 के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु तैयार विजन डॉक्यूमेंट को लेकर बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

- **'विजन डॉक्यूमेंट को सरल भाषा में तैयार कर आमजन तक पहुंचाएं'**
- **'गांवों से शहरों की तरफ पलायन रूके'**

शर्मा ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में विकसित राजस्थान का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को वर्ष 2047 तक विकसित बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इस लक्ष्य की प्राप्ति में राज्य सरकार के साथ ही 8 करोड़ प्रदेशवासियों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राज्य का प्रत्येक नागरिक समर्पण भावना के साथ प्रदेश को विकास के पथ पर अग्रसर करने के लिए अपना योगदान देगा तभी हम इस लक्ष्य तक पहुंच पाएंगे। शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर विकसित राजस्थान-2047 के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु तैयार विजन डॉक्यूमेंट को लेकर बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विकसित राजस्थान का लक्ष्य हासिल करने के लिए हमें भौतिक विकास कार्यों की प्राथमिकता तय करते हुए लक्ष्य तय करने होंगे। इसके लिए कार्ययोजना बनाते समय हमें भविष्य की आवश्यकताओं तथा जनसंख्या वृद्धि एवं संसाधनों को ध्यान में रखना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें प्रदेश की समग्र विकास यात्रा में संतुलन बनाकर चलना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के विकास के असंतुलन को दूर करते हुए हमें ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा, पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, रोजगार जैसी प्रमुख आवश्यकताओं की पूर्ति करनी है जिससे ग्रामीण आबादी का शहरों की ओर पलायन रूके तथा शहरों पर बढ़ता दबाव कम हो। श्री शर्मा ने कहा कि हम प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण एवं सुनियोजित दोहन करते हुए विकास करें जिससे भावी पीढी को संसाधनों की कमी न हो।

शर्मा ने कहा कि बदलते समय और बढ़ती आबादी के साथ परिवहन क्षेत्र पर भी दबाव बढ़ेगा। ऐसे में हमें सार्वजनिक परिवहन को अधिक से अधिक प्रोत्साहित करते हुए बेहतर यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करना होगा। मुख्यमंत्री ने पीएचईडी से संबंधित लक्ष्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि पानी के लिए हम पूरी तरह प्रकृति पर निर्भर हैं, इसकी बचत ही आपूर्ति है। वर्षाजल का सुनियोजित प्रबंधन और भूमि की वाटर रिचार्ज क्षमता को बढाकर जल संकट से बचा जा सकता है। इस दौरान राज्य स्टीयरिंग कमेटी में शामिल विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारी, मुख्यमंत्री कार्यालय के उच्चाधिकारियों सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# हीट वेव को लेकर व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने के निर्देश



जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की।

**जयपुर।** जयपुर कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने गर्मी एवं हीटवेव के दौरान मौसमी बीमारियों को लेकर सभी चिकित्सा अधिकारियों को सभी चिकित्सालयों में समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिये गए हैं। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा कर ये निर्देश दिए।

कलक्टर ने चिकित्सा अधिकारियों को राजकीय चिकित्सालयों में दवाओं, चिकित्सकीय उपकरणों, चिकित्सा कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने एवं पंच गौरव के व्यापक प्रचार प्रसार के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने डीटीएफआई की बैठक में जिले में चल रहे टीकाकरण अभियान की समीक्षा कर कम टीकाकरण करने वाले ब्लॉक्स में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। जिले में 24 अप्रैल को प्रारंभ हुए विश्व टीकाकरण सप्ताह पर चर्चा हुई जिसमे लाभार्थियों को विभिन्न बीमारियों से बचाव हेतु टीके लगाए जाएंगे।

कलेक्टर ने मौसमी बीमारियों पर चर्चा कर एंटी लार्वा गतिविधियों व लू तापघात से बचाव के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पंच गौरव अभियान के तहत उन्होंने सभी चिकित्सा संस्थानों पर अधिकाधिक प्रचार- प्रसार के निर्देश दिए। राजश्री योजना की द्वितीय किश्त अपडेट करने के निर्देश दिए।

## निलंबित उप निरीक्षक मनीष कुमार मीना सेवा से बर्खास्त

**जयपुर।** निलंबित उप निरीक्षक मनीष कुमार मीना सीआईडी बीआई पोस्ट नाचना जैसलमेर हाल मुख्यालय सीआईडी (विशा) जयपुर निवासी ग्राम व पोस्ट दुलेतो की ढाणी इन्दावा तहसील लालसोट जिला दौसा को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। इस संबंध में आईजी इंटेलिजेंस डॉ विष्णु कान्त द्वारा निर्णय प्रसारित किया गया है।

आईजी डॉ विष्णु कान्त ने बताया कि राज्य विशेष शाखा में पदस्थापित उप निरीक्षक मनीष कुमार मीना 1 अप्रैल 2024 से डयूटी से स्वैच्छा पूर्वक अनुपस्थित चल रहा था। उप निरीक्षक को डयूटी पर उपस्थित होने के लिए बार-बार रिकॉल नोटिस जारी किया गया, लेकिन वह डयूटी पर उपस्थित नही हुआ।

# राज्य के नवगठित जिलों के लिए आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का गठन

**जयपुर।** राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर नव गठित जिलों फलौदी, बालोतरा, ब्यावर, सलूम्बर, डीग, डीडवाना-कुचामन, खैरथल-तिजारा एवं कोटपूतली-बहरोड़ के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का गठन किया है।

आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के संयुक्त शासन सचिव भगवंत सिंह ने बताया कि जिले में प्राधिकरण के अध्यक्ष संबंधित जिले के कलेक्टर होंगे तथा जिला परिषद प्रमुख सह अध्यक्ष होंगे। इसी प्रकार जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला पुलिस अधीक्षक, सार्वजनिक निर्माण विभाग व जल संसाधन विभाग के वरिष्ठतम अधिकारी प्राधिकरण के सदस्य होंगे तथा अपर जिला मजिस्ट्रेट मुख्य कार्यपालक अधिकारी होंगे।

उन्होंने बताया कि जिले से निर्वाचित लोकसभा सांसद, क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले विधायक एवं जिले में पदस्थापित जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, चिकित्सा विभाग और पशुपालन विभाग के वरिष्ठतम अधिकारी प्राधिकरण के स्थायी आमंत्रित होंगे। इसके अतिरिक्त जिला प्राधिकरण के अध्यक्ष द्वारा विशेष परिस्थियों में आवश्यक समझे जाने पर किसी भी व्यक्ति को विशेष आमंत्रित किया जा सकेगा। साथ ही आवश्यक समझे जाने पर प्राधिकरण द्वारा केंद्र व राज्य सरकार के अधीन विभाग के किसी जिला स्तरीय अधिकारी को जो प्राधिकरण का सदस्य नहीं है, को भी शामिल किया जा सकेगा।

## खड़गे की जयपुर में संविधान बचाओ रैली की तैयारी बैठक

**जयपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की जयपुर में 28 अप्रैल को प्रस्तावित संविधान बचाओ रैली के लिये आज जयपुर शहर कांग्रेस कार्यालय रामचंद्र जी का मंदिर हवा महल के सामने जयपुर पर तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक एआईसीसी सचिव राजस्थान प्रभारी पूनम पासवान के मुख्य आतिथ्य, जिला प्रभारी धर्मेंद्र राठौड़ एवं जयपुर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आर आर तिवाडी के नेतृत्व में की गई। संगठन महासचिव सीताराम शर्मा नेहरू ने बताया कि जयपुर शहर के आठ विधानसभा के विधायक और विधायक प्रत्याशी और ब्लॉक अध्यक्षों ने अपने विधानसभा से एक 1000-1000 कार्यकर्ताओं में रैली में लाने का आश्वासन दिया।

# योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को दिया जाये : डॉ. किरोड़ी लाल मीणा

**जयपुर।** ग्रामीण विकास विभाग मंत्री डॉ.किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि विभागीय योजनाओं और बजट घोषणाओं को प्लानिंग के साथ तय समयावधि में पूरा करे। योजनाओं द्वारा आखिरी छोर पर बैठे व्यक्ति को भी लाभान्वित किया जाये। किसी भी योजना

- **'बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन प्लानिंग के साथ तय समयावधि में पूरा करें'**

में किसी प्रकार का लीकेज न हो,सभी एक टीम भावना से कार्य करें,जिससे हमारा प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शुमार हो सके। ग्रामीण विकास मंत्री ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टोलरेन्स नीति अपनाये जाने के निर्देश प्रदान किये।




डॉ.किरोड़ी लाल मीणा ने शुक्रवार को राजस्थान इन्टरनेशनल सेंटर के सभा कक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

डॉ.किरोड़ी लाल मीणा शुक्रवार को राजस्थान इन्टरनेशनल सेंटर के सभा कक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विभागीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन संचालन के निर्देश प्रदान किये। उन्होंने कहा कि योजनाओं की निरंतर उच्च स्तर पर समीक्षा की जा रही है। ऐसे में अधिकारी अपने स्तर पर पूर्ण ईमानदारी व कत्तर्व्यनिष्ठा से कार्य समय पर पूरा करे।

ग्रामीण विकास मंत्री ने बताया कि महात्मा गांधी नरेगा योजना में सामुदायिक प्रकृति के कार्यो में लगे श्रमिकों की उपस्थिति नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमएमएस) द्वारा की जा रही है। इस उपस्थिति की मॉनिटरिंग राज्य स्तर,जिला स्तर और ब्लॉक स्तर पर टीम गठित कर ऐप के माध्यम से की जा रही है,जिससे प्रतिदिन5से7लाख फर्जी श्रमिकों के नियोजन पर रोक लगी है। एनएमएमएस के माध्यम से दर्ज की जा रही श्रमिक उपस्थिति में गुणवत्तापूर्ण सुधार हुए हैं। फर्जी श्रमिकों के नियोजन पर रोक लगी है। कार्य स्थल पर वास्तव में उपस्थित श्रमिकों को ही भुगतान किया जा रहा है। नरेगा कार्यो में एनएमएमएस द्वारा की गई जांच में सर्वाधिक अनियमितता पाये जाने वाले12जिलों की130ग्राम पंचायतों में समितियां गठित कर जांच कराई जा रही है। इस तरह से एनएमएमएस राज्य स्तर,जिला स्तर और ब्लॉक स्तर पर जांच करने का नवाचार है,जिसकी भारत सरकार ने भी सराहना की है।

उन्होंने बताया कि राज्य की समस्त11214ग्राम पंचायतों में पंचायत पौधाशालाओं को विकसित करने हेतु2करोड़ से अधिक पौधे तैयार किये जा रहे है। पंचायत मॉडल फल वाटिका के तहत राज्य की समस्त ग्राम पंचायतों में एक-एक हजार पौधों की मॉडल पंचायत फल वाटिका विकसित की जा रही है,जिसमें पंचगौरव के तहत जिला विशेष फलों के पौधे लगाये जायेंगे,ताकि ग्राम पंचायतों की आय में वृद्धि हो सकेगी।

प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर खेल संकुल तैयार किये जा रहे है,जिसमें सभी प्रकार के खेलों का समावेश किया जायेगा। सेना भर्ती परीक्षा की दक्षता हेतु आवश्यकतानुसार ट्रेक तैयार किये जा रहे है।

बैठक में हरियालो राजस्थान ऐप के माध्यम से व्यक्तिगत एवं ब्लॉक पौधारोपण की3स्टेज में की जा रही जियो टैगिंग पर चर्चा की गई। ऐप के माध्यम से व्यक्तिगत पौधारोपण के1.03करोड़ एवं ब्लॉक स्तर पर पौधारोपण के2.07करोड़ पौधों की जियो टैगिंग की जा चुकी है। मुख्यमंत्री वृक्षारोपण माह अभियान के तहत एक पेड़ माँ के नाम की तर्ज पर ग्रामीण विकास,पंचायती राज विभाग एवं जल संग्रहण विकास को इस वर्ष संयुक्त रूप से2करोड़ पौधे लगाये जाने का लक्ष्य दिया गया है।

उन्होंने जिलों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि लगाये गये सभी पौधों की पूरी देखभाल की जाये। गर्मियों में पानी की व्यवस्था करे और सभी पौधों को जियो टैग से जोड़ा जाये। सभी जिलों के अधिकारियों को7दिवस में गत वर्ष लगाये गये पौधों में से नष्ट हुए पौधों की रिपोर्ट बनाकर7दिवस के अंदर विभाग को प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

डॉ.किरोड़ी लाल मीणा ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना और राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) की भौतिक व वित्तीय प्रगति की जानकारी ली।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान और आतंकियों के मनोबल को तोड़ने का किया काम : मदन राठौड़

- **'पहलगाम आतंकी हमले से देश उद्वेलित, भारत नहीं करेगा बर्दाश्त'**
- **'पाकिस्तान से किए गए समझौते रद्द करना पीएम मोदी का ऐतिहासिक फैसला'**

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पहलगाम आतंकी हमले पर विरोध जताते हुए कहा कि पहलगाम में निर्दोष लोगों को मारना, यह आतंक की पराकाष्ठा है और भारत इसे कभी भी बर्दास्त नहीं करेगा। अब समय आ गया है कि पाकिस्तान को सबक सिखाया जाए। देश का प्रत्येक नागरिक आज उद्वेलित है और पीएम मोदी से आतंक को जड़ से समाप्त करने की मांग कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दिशा में पाक से किए गए समझौते को रद्द करने का ऐतिहासिक कदम उठाया है।

राठौड़ ने कहा कि पाकिस्तान शुरू से ही आतंकवादियों को प्रशिक्षित करके भारत में अस्थिरता पैदा करता आ रहा है। ऐसे में पाकिस्तान की कमर तोड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले सर्जिकल स्ट्राइक को अंजाम दिया था, अब जल समझौता रद्द करने, बाघा बॉर्डर को बंद करने, आवागमन बंद करने और 48 घंटें में देश छोड़ने के आदेश जारी करने जैसे कड़े फैसले लेकर एक बार फिर से पाकिस्तान और आतंकियों के मनोबल को तोड़ने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक ओर पाक से समझौते रद्द करने का फैसला किया, वहीं दूसरी ओर सेना को भी सर्च और शुट करने के आदेश दे दिए। आतंकियों को पनाह देने वाले और सरंक्षण देने वालों पर भी सेना की कार्रवाई की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आतंकियों द्वारा किए गए इस जघन्य अपराध का बदला लेकर रहेंगे। पूरे विश्व को आज पाकिस्तान पर भरोसा नहीं रहा और ना ही उसकी विश्वसनियता बची। ऐसे में अब पाक से बात नहीं की जाएगी। राठौड़ ने कहा कि राजस्थान की भजनलाल सरकार ने भी पाकिस्तान की सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने के साथ सुरक्षा चाक चौबंद करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है।

# होटल कर्मियों से मारपीट व तोड़फोड़ करने के आरोपियों का जुलूस निकाला

## गिरफ्तार आरोपियों ने राजीनामा नहीं करने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी

**सिंघाना, (निसं)।** सिंघाना पुलिस ने होटल कर्मचारियों से मारपीट कर तोड़फोड़ करने के गिरफ्तार दो आरोपियों का जुलूस निकाला। गिरफ्तार आरोपियों ने राजीनामा नहीं करने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी।

थानाधिकारी रामसिंह यादव ने बताया कि मिश्रावाली ढाणी सिंघाना निवासी मंगेजाराम सैनी ने 14 अप्रैल को रिपोर्ट दी कि वह और उसका भाई मुकेश सैनी बुहाना बस स्टैंड पर होटल चलाते हैं। सोमवार को जैसाराम की ढाणी भोदन निवासी सचिन सिराधना उर्फ छोटू व सिंघाना निवासी अर्जुन उर्फ मोरिया नायक अपने 4-5 साथियों के साथ होटल पर आया। उन्होंने उधार में खाना मांगा। मंगेजाराम ने पहले का बकाया चुकाने को कहा। इस पर आरोपियों ने धमकी दी कि उधार में खाना देना पड़ेगा, नहीं तो होटल बंद करवा देंगे और जान से मार देंगे। तब वे गाली-गलौच कर चले गए। रात करीब 11 बजे सचिन, अर्जुन



सिंघाना पुलिस ने होटल कर्मचारियों से मारपीट करने के गिरफ्तार दो आरोपियों का जुलूस निकाला।

और उनके साथी दोबारा होटल में आए और लाठी-डंडों से होटल के कर्मचारी कृष्ण सैनी व शेरसिंह सैनी के साथ मारपीट की। काउंटर सहित सामान तोड़ दिया। गल्ले से 35 हजार रुपए निकाल लिए। आरोपियों ने जाते समय धमकी दी कि पुलिस में रिपोर्ट दी तो जान से मार देंगे।

मामले को गंभीरता से लेते हुए थानाधिकारी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। इस दौरान पुलिस ने 150 सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर मुखबिर की सूचना पर निजामपुर के कारोली मारोली पंहुचे तो वहां पर दबिश देकर जैसा की ढाणी भोदन निवासी सचिन उर्फ छोटू पुत्र हजारीलाल व टीकुपुरा निवासी

- **पुलिस ने 150 सीसीटीवी फुटेज खंगालकर निजामपुर के कारोली मारोली पहुंचकर आरोपियों को गिरफ्तार किया था**

श्रीपाल उर्फ ढिल्लीया पुत्र कैलाश चंद गुर्जर को गिरफ्तार कर था। आरोपियों ने फोन कर धमकी देकर व्यापारियों में दहशत फैलाई थी, जिस पर पुलिस ने दोनों बदमाशों को घटनास्थल पर ले जाया गया तथा मौके की तस्दीक करवाने के बाद उनका जुलूस निकाला गया। थानाधिकारी ने बताया कि कस्बे में किसी प्रकार की कोई संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर तुरंत पुलिस को सूचना दी जाए, जिससे समय रहते अपराधियों पर लगाम लगाई जा सके।

# झुंझुनूं शहर आज बंद रहेगा

**झुंझुनूं, (निसं)।** पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा धर्म पूछकर की गई निर्दोष हिंदू पर्यटकों की निर्मम हत्या के विरोध में सर्व हिंदू समाज द्वारा मोदी रोड स्थित गाडिया टाउन हाल में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया और शनिवार 26 अप्रैल को संपूर्ण झुंझुनूं बंद का आव्हान किया गया है। इस अवसर पर सर्व हिंदू समाज, समस्त समाजसेवी हिंदू संगठन व सभी प्रकार के व्यापार मंडल के पदाधिकारियों, टैक्सी यूनियन संचालक, निजी स्कूल कॉलेज संचालकगण आदि ने अपने विचार रखते हुए कहा कि पहलगाम की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण, दुर्दांत एवं शर्मनाक है। इसके दोषी आतंकियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। इस घटना को

- **जनवादी और मुस्लिम संगठनों ने भी बंद को अपना समर्थन दिया है**

लेकर संपूर्ण देश में रोष व्याप्त है। सभी संस्थानों, व्यापारिक संगठनों एव एसोसिएशन ने बंद को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग एव समर्थन देने का निर्णय लिया है। वहीं हिंदूवादी, सामाजिक और व्यापारिक संगठनों ने पहलगाम के मामले को लेकर शनिवार को बंद का आव्हान किया है, जिसको जनवादी और मुस्लिम संगठनों ने भी अपना समर्थन दे दिया है। शुक्रवार को ईदगाह के पास मक्का मस्जिद में जुम्मे की नमाज के बाद शहर के मुस्लिम और जनवादी संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता शहर काजी शफीउल्लाह सिद्दकी ने की। सभी ने पहलगाम की घटना की निंदा की और कहा कि इस तरह का हमला करना बेहद निंदनीय है। इस मौके पर तय किया गया कि शनिवार को झुंझुनूं बंद में जनवादी संगठन एसएफआई, डीवाईएफआई, भगतसिंह विचार मंच आदि भी शामिल होंगे। इसके अलावा मुस्लिम संगठनों ने भी बंद को समर्थन दिया है। सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि शहर की करीब एक दर्जन से अधिक निजी स्कूलों ने इस बंद में शामिल होने की सहमति दी है। वहीं शहर में आटो भी नहीं चलेंगे।

# पहलगाम हमले का विरोध, सैन समाज ने शोभायात्रा स्थगित की

**पाली, (नि.सं.)।** पाली में सैन समाज ने कश्मीर के पहलगाम में सैलानियों पर हुए आतंकी हमले का विरोध किया है। समाज के लोगों ने शुक्रवार को सेनजी महाराज की जयंती पर निकलने वाली शोभायात्रा को रद्द कर दिया। सैन समाज के लोग मौन जुलूस में काली पट्टी बांधकर शामिल हुए। सूरजपोल चौराहे पर मानव श्रृंखला बनाकर विरोध जताया गया। इसके बाद जिला कलेक्टर को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

सैन महाराज की जयंती पर हर साल शोभायात्रा निकलती है। कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले के कारण शोभायात्रा रद्द कर दी गई। शुक्रवार सुबह विरोध हाथ पर काली पट्टी बांधकर पानी दरवाजा स्थित सैन मंदिर से सैन विकास समिति व क्षोरकार संघ के नेतृत्व में रवाना हुए। शहर के प्रमुख रास्तों से मौन जुलूस सर्राफा बाजार, घी का झंडा, सोमनाथ मंदिर, सूरजपोल होते हुए कलेक्टर ऑफिस पहुंचा। जहां उन्होंने कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले का विरोध जताते हुए आतंकियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। मौन जुलूस नवलखा रोड होते हुए पुराना बस स्टैंड के पास स्थित वैद्य सैन समाज बगेची पहुंच विसर्जित हुआ।

# साथी की जमानत हुई तो तमाशा करने पहुंचे बदमाश, 12 गिरफ्तार

## पुलिस ने ''टीम 5172 ग्रुप'' स्टीकर लगी सात गाड़ियों को भी जब्त किया

**झुंझुनूं, (निसं)।** कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को प्रो एक्टिव पुलिसिंग करते हुए जिला जेल के बाहर से एक हिस्ट्रीशीटर समेत 12 जनों को गिरफ्तार किया है। शांतिभंग की आशंका में इन्हें गिरफ्तार किया गया है। वहीं मौके से टीम 5172 ग्रुप का स्टीकर लगी सात गाड़ियों को भी जब्त किया गया है। इनमें कुछ गाड़ी हरियाणा के नंबरों की है।

झुंझुनूं के गुढ़ागौड़जी थाना इलाके के टोडी गांव में गत दिनों चर्चित जमीनी विवाद में गिरफ्तार कर जेल में बंद आरोपी धर्मेंद्र जाट और विनोद जाट को कोर्ट ने गुरूवार को जमानत दे दी थी,

- **चर्चित जमीनी विवाद में गिरफ्तार कर जेल में बंद आरोपियों को कोर्ट ने जमानत दी थी**

जिसके बाद शुक्रवार को दोनों ही आरोपी जेल से बाहर निकलने वाले थे। अपने दोनों साथियों को अपने साथ ले जाने के लिए गुढ़ागौड़जी थाने का हिस्ट्रीशीटर विकास फौजी और उसके कुछ साथी आ रहे हैं, जो जिला जेल के बाहर खड़े है। काफी गाड़ियां भी है। जिस पर शहर कोतवाल हरजिंदर सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे, जिन्होंने जब विकास फौजी और उसके साथ आए युवकों से पूछताछ की तो वो कोई संतुष्टिपूर्ण जवाब नहीं दे पाए। जिस पर कोतवाली पुलिस ने विकास फौजी और उसके 11 साथियों को गिरफ्तार कर लिया। मौके से कैंपर, स्कॉर्पिओ आदि सात गाड़ियों को भी जब्त किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में हुकूमपुरा निवासी मोहित पुत्र सुभाष जाट, गुढ़ागौड़जी कस्बे के वार्ड नंबर आठ निवासी सुनिल पुत्र रामप्रताप जाट, भोड़की निवासी राजेन्द्र पुत्र भारमल जाट, जितरवालों की ढाणी निवासी प्रदीप सिंह पुत्र प्रकाशचंद जाट, रघुनाथपुरा निवासी विकास पुत्र शिवकरण जाट, भोड़की निवासी अमित पुत्र सुधीर जाट, छऊ निवासी निर्मल पुत्र मनोज कुमार जाट, गुमाना का बास तन छऊ निवासी महेन्द्र पुत्र शिशुपाल सिंह जाट, भोड़की निवासी अजय कुमार पुत्र रामप्रताप सिंह जाट, गुढ़ागौड़जी के वार्ड नंबर चार निवासी सूरज पुत्र प्रकाश जाट तथ वार्ड नंबर आठ निवासी पंकज पुत्र बाबूलाल जाट शामिल है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार 5172 ग्रुप जेल से बाहर आने वाले जमीनी विवाद के आरोपी विनोद जाट का ही बताया जा रहा है। हालांकि इस बारे में पुलिस कोई पुष्टि नहीं कर रही है।

# बच्ची की मौत, जयपुर-बीकानेर के 3 डॉक्टर पर एफआईआर

**बीकानेर, (निसं)।** यहां एक ढाई साल की बच्ची की मौत के बाद तीन डॉक्टर्स पर केस दर्ज हुआ है। पिता का आरोप है कि मासूम के पेट में बिना परमिशन के स्टेंट डाला गया। फिर 200 टांके भी लगाए।

जानकारी के अनुसार बच्ची को किडनी की समस्या थी। इस कारण उसे बार-बार बुखार और यूरिन संक्रमण की परेशानी होती थी। परिवार ने मारवाड़ हॉस्पिटल के शिशु स्पेशलिस्ट डॉ. गौरव गोंबर से उसका इलाज कराया। केस बिगड़ा तो डॉ. गौरव ने जयपुर के एक हॉस्पिटल के डॉ. अंकित मंगला के पास भेज दिया। यहां प्रियंका मित्तल ने भी बच्ची का इलाज किया। उसे कई दिन एडमिट रखा। फिर यूरेटर रिप्लांट व अन्य ट्रीटमेंट के बाद उसे घर भेज दिया। इसके कुछ दिन बाद 20 नवंबर 2024 को बच्ची की मौत हो गई। तीनों आरोपी डॉक्टर्स के खिलाफ 24 अप्रैल बीकानेर से थाने में केस दर्ज कराया है। बीकानेर के रानी बाजार के रहने वाले जगदीश खत्री की ढाई साल की बेटी हेजल की जन्म से ही एक किडनी थी। जन्म के करीब डेढ साल बाद उसे किडनी संबंधी अलग-अलग बीमारियां होने लगी।

हेजल के इलाज में लापरवाही के आरोप में जगदीश खत्री ने 3 फरवरी 2025 को सदर थाने में परिवाद दिया था। पुलिस ने पीबीएम हॉस्पिटल के अधीक्षक से इस संबंध में राय मांगी। अधीक्षक ने चार डॉक्टरों के मेडिकल बोर्ड का गठन किया। जिन्होंने अपनी रिपोर्ट में इलाज में लापरवाही की बात से इनकार कर दिया। रिपोर्ट सदर थाना पुलिस को भेज दी गई। केस में 4 अप्रैल को सीएमएचओ के पुलिस ने लेटर लिखा। सीएमएचओ ने तीन डॉक्टर्स की कमेटी से केस की फिर से जांच कराई। कमेटी ने माना कि हेजल की मौत ऑपरेशन के बाद कॉम्पलिकेशन के कारण हुई। ऑपरेशन के बाद बच्ची को इलाज के लिए डॉ. गौरव गोंबर के हॉस्पिटल में रखना सही नहीं माना गया।

वहीं, मामले पर डॉ. गौरव गोंबर का कहना है कि पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की जांच में उन्हें क्लीयरेंस मिल चुकी है। इलाज में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरती गई। पुलिस जांच में सब स्पष्ट हो जाएगा।

सदर थाने के एएसआई अशोक अदलान ने कहा कि पूरे मामले की जांच चल रही है। एफआईआर दर्ज हुई है। डॉक्टर्स के बयान लिए जा रहे हैं। जल्द ही जांच पूरी करके आगे की कार्रवाई होगी।

# ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के निर्देश

**अजमेर, (कासं)।** राजस्व अधिकारी ग्रेड-द्वितीय एवं अधिशाषी अधिकारी वर्ग-चतुर्थ प्रतियोगी परीक्षा-2022 के तहत पात्रता जांच के लिए विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों को ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र भरना होगा। इसके लिए आयोग द्वारा 1 मई से लिंक खोला जाएगा जो कि 7 मई (रात्रि 11.59 बजे) तक उपलब्ध रहेगा। विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि उक्त परीक्षा का पुन: आयोजन 23 मार्च 2025 को किया गया था। परीक्षा के फलस्वरूप 309 अभ्यर्थियों को पात्रता जांच के लिए 24 अप्रेल 2025 को जारी विचारित सूची में अस्थाई रूप से सम्मिलित किया गया था। विचारित सूची में अस्थाई रूप से सम्मिलित किए गए सभी अभ्यर्थियों अपने एसएसओ आईडी के माध्यम से रिक्रूटमेंट पोर्टल पर आवेदन पत्र ऑनलाइन निर्धारित अवधि के भीतर आवश्यक रूप से भर दें।

# फलासिया में प्रशासन ने बाल विवाह रूकवाया

**उदयपुर, (कासं)।** जहां एक और शादियों की धूम हैं वहीं दूसरी ओर इन शादियों की आड़ में नन्हे-मुन्ने बालक-बालिकाओं को भी बाल विवाह जैसे कुरीति के अंधेरे में धकलने की संभावनाएं भी बनी रहती हैं। जिले में बाल विवाह की रोकथाम को लेकर जिला कलक्टर के निर्देशन में टीमें सक्रिय हैं। इसी क्रम में टीम ने झाडोल फलासिया क्षेत्र में एक बाल विवाह रूकवाया।

बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक के के चंद्रवंशी ने बताया कि गायत्री सेवा संस्थान के निदेशक एवं राजस्थान राज्य बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य डॉ. शैलेंद्र पण्ड्या को फलासिया क्षेत्र में बाल विवाह की सूचना मिली। पण्ड्या ने विभाग को अवगत कराया। इस पर चाइल्ड हेल्पलाइन जिला समन्वयक नवनीत औदिच्य को कंट्रोल रूम एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से बाल विवाह रोकने के लिए निर्देशित किया। चाइल्ड हेल्पलाइन टीम के मोईन मंसूरी द्वारा कंट्रोल रूम उदयपुर, झाड़ोल फलासिया थाना, फलासिया तहसीलदार एवं संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को टेलिफोनिक सूचना दी एवं जहां शादी हो रही थी उस गांव का क्षेत्र बताया। गायत्री सेवा संस्थान के फील्ड वर्कर राधा कुलम्बी भी मौके पर टीम के साथ पहुंचे। वहां शादी की तैयारी चल रही थी। बालिका के पिता नारायणसिंह, माता पुष्पा कुंवर और सगे-संबंधी मौजूद थे। टीम को देखते ही पहले तो वे शादी की बात से इनकार करते रहे, लेकिन प्राथमिक जांच में सामने आया कि बारात शनिवार को आने वाली है। प्रशासन से पहुंचे पटवारी दीपक कलासुआ, सरपंच मोती लाल और थाना प्रभारी सीता राम, ग्राम विकास अधिकारी अमृतलाल आदि ने उनको पाबन्द किया गया और बाल विवाह की कुरीति को रोकने के लिए भी आग्रह करते हुए दुष्परिणामों से भी अवगत करवाया।

# निलंबित उप निरीक्षक सेवा से बर्खास्त

**जैसलमेर, (निसं)।** निलंबित उप निरीक्षक मनीषकुमार मीना सीआईडी

- **ड्यूटी पर उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किया था**

बीआई पोस्ट नाचना जैसलमेर हाल मुख्यालय सीआईडी जयपुर निवासी ग्राम व पोस्ट दुलेतों की ढाणी इन्दावा तहसील लालसोट जिला दौसा को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। इस संबंध में आईजी इंटेलिजेंस डॉ. विष्णुकान्त द्वारा निर्णय प्रसारित किया गया है। आईजी डॉ. विष्णु कान्त ने बताया कि राज्य विशेष शाखा में पदस्थापित उप निरीक्षक मनीष कुमार मीना 1 अप्रैल 2024 से ड्यूटी से स्वैच्छा पूर्वक अनुपस्थित चल रहा था। उप निरीक्षक को ड्यूटी पर उपस्थित होने के लिए बार-बार रिकॉल नोटिस जारी किया गया, लेकिन वह ड्यूटी पर उपस्थित नहीं हुआ।

# पदोन्नति से 282 को नायब तहसीलदार बनाया

**अजमेर, (कासं)।** राजस्व मंडल द्वारा राजस्व विभाग एवं उपनिवेशन विभाग में नियोजित 282 कार्मिकों को पदोन्नति देकर नायब तहसीलदार बनाया गया है। इनमें 274 भू-अभिलेख निरीक्षक तथा आठ उपनिवेशन निरीक्षकों को नायब तहसीलदार के पद पर पदोन्नत किया गया है।

राजस्व मंडल अध्यक्ष हेमंत कुमार गेरा की अध्यक्षता में हाल ही आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में भू प्रबंध आयुक्त अरूण गर्ग, उपनिवेशन आयुक्त निकया गोहाएन, राजस्व मंडल सदस्य रामदयाल मीणा एवं राजस्व विभाग के शासन उप सचिव हरिसिंह मीणा बतौर सदस्य, जबकि राजस्व मंडल निबंधक महावीर प्रसाद ने सदस्य सचिव के रूप में भाग लिया। जारी आदेशों के तहत सभी पदोन्नत कार्मिकों को अपनी उपस्थिति आगामी 15 दिवस की अवधि में संबंधित कार्यालय अध्यक्ष

- **274 भू-अभिलेख निरीक्षक तथा आठ उपनिवेशन निरीक्षक पदोन्नत**

को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। नव पदोन्नत नायब तहसीलदारों के पदस्थापन आदेश पृथक से जारी किए जाएंगे। राजस्व मंडल की ओर से जारी पदोन्नति आदेशों के अनुसार वर्ष 2023-24 के तहत 152 भू अभिलेख निरीक्षकों को नया तहसीलदार तथा वर्ष 2024-25 के तहत 122 भू-अभिलेख निरीक्षकों को पदोन्नत किया गया है। इसी प्रकार उपनिवेशन निरीक्षक से नायब तहसीलदार के पद पर 8 कार्मिकों को पदोन्नत किया गया है। इनमें वर्ष 2019-20 के तहत रिव्यु डीपीसी से 3 कार्मिक जबकि वर्ष 2022-23 व 2024-25 के तहत एक-एक तथा 2023 -24 के तहत 3 कार्मिक शामिल हैं।

# छह गिरफ्तार

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** सवाई माधोपुर जिले की बौंली पुलिस थाने के खिरनी चौकी प्रभारी राजेंद्र गिरी की टीम ने अवैध बजरी खनन व परिवहन की रैकी करते छह आरोपियों को गिरफ्तार कर तीन बाइक व एक अवैध बजरी से भरी ट्रॉली जप्त करने में सफलता हासिल की है।

बौंली पुलिस थाने के हैड कांस्टेबल धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि खिरनी चौकी प्रभारी उप निरीक्षक राजेंद्र गिरी को सूचना मिली कि डिडवाड़ी की तरफ से अवैध बजरी से भरे कुछ ट्रैक्टर ट्राली खेतों में होते हुए खिरनी की तरफ आ रहे हैं, जिनकी तीन, चार बाइक पर सवार लड़के पुलिस की रैकी करके निकलवा रहे हैं, इस योजना पर खिरनी के रामदेव चौराहे पर मय जाप्ते नाकेबंदी कर अवैध बजरी परिवहन की रैकी कर रहे लोकेंद्र सिंह राजपूत, रमेश मीणी, टिंकू मीणा व भरत लाल मीणा एवं राजमोहन मीणा, रमेश मीणा को गिरफ्तार कर तीन बाइक जप्त की है। साथ ही एक ट्रैक्टर चालक अवैध बजरी की ट्रॉली को चलते ट्रैक्टर से मौके पर खोलकर भाग गया।

# मिलावटी दूध बनाने की सूचना पर खाद्य सुरक्षा टीम पहुंची

**कोटपूतली, (निसं)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक व जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल के निर्देशानुसार कोटपुतली के गांव नागड़ीवास में मिलावटी दूध बनाने की सूचना मिलने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम जांच दल के साथ मौके पर पहुंची।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि गांव नागड़ीवास की वासुदेव डेयरी में अनिल गुर्जर पुत्र कैलाश गुर्जर मौके पर उपस्थित मिले। उन्होंने बताया कि इस डेयरी प्लांट के मालिक वह स्वयं है। निरीक्षण के दौरान दूध प्लांट पर मिलावटी सामानों को पाकर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने उच्च अधिकारियों को सूचना दी। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान परिसर में 40 किलो मिल्क पाउडर, 25 किलो वनस्पति, 10 किलो पेस्ट,15 मिक्सी, दो गैस मिले जिनसे ये करीब 1000 लीटर दूध तैयार कर पिकअप गाड़ी में लोड कर लोटस डेयरी शाहपुरा में भेजने के लिए गाड़ी को तैयार कर रखा था। इन सभी खाद्य पदार्थों का एक्ट एवं सर्विलेंस में सैंपल लिया गया।

वहीं गांव कोटपुतली के ही गांव नागड़ीवास में काव्या दूध डेयरी का भी निरीक्षण किया गया एवं मौके पर 20 किलो मिल्क पाउडर 15 किलो वनस्पति बरामद हुए जिनसे इसने करीब 100 लीटर दूध तैयार कर रखा था। वहीं निरीक्षण के दौरान करीब 9 पीपे वनस्पति के खाली मिले। उक्त दोनों दूध प्लांट से एक्ट एवं सर्विलेंस सैंपल लेकर प्रयोगशाला जयपुर में भिजवाया है। उन्होंने बताया कि जनहित में तैयार सभी खाद्य पदार्थों को 1100 लीटर दूध, 65 किलो मिल्क पाउडर, 40 किलो वनस्पति एवं 10 किलो सिंथेटिक पेस्ट नष्ट करवाया गया। कार्यवाही के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी शशिकांत शर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी नेहा शर्मा, बीसीएमओ कोटपुतली पूरणमल गुर्जर मौजूद रहे।

# 600 महात्मा गांधी स्कूलों को हिंदी मीडियम में परिवर्तित करने की चर्चा

**बीकानेर, (निसं)।** अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा मुहैया करवाने के लिए पिछली सरकार ने 3737 हिंदी मीडियम स्कूलों को महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में रूपांतरित किया गया, मगर इनमें से 60 फीसदी स्कूलों में इंफ्रास्ट्रक्चर और अंग्रेजी भाषा में ट्रेंड शिक्षक नहीं होने के कारण पिछले पांच साल में स्टूडेंट्स की संख्या बढ़ने के बजाय कम होती गई। अब हालात ये हो गए कि सरकार ने ऐसे स्कूलों को वापस हिंदी मीडियम में परिवर्तित करने का निर्णय लिया है।

इंग्लिश मीडियम के इन स्कूलों की हालत देख सरकार ने जनवरी में डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा की अध्यक्षता में चार सदस्यीय एक कैबिनेट सब कमेटी बनाई थी। कमेटी के सामने आया कि करीब 600 ऐसे स्कूल हैं जिसमें 10 स्टूडेंट भी नहीं हैं मगर सूत्र बताते हैं कि कमेटी के सामने ऐसे स्कूलों की संख्या 800 के करीब है। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में स्कूलों को हिंदी मीडियम में कन्वर्ट न करके धीरे-धीरे किया जाए इसलिए ये संख्या कम आंकी गई। बीकानेर में ऐसे स्कूलों की संख्या करीब 80 है। कमेटी की दो बैठक भी हो चुकी है। दो दिन पहले कमेटी की रिपोर्ट से

- **स्कूलों की हालत देख सरकार ने जनवरी में डिप्टी सीएम की अध्यक्षता में कैबिनेट सब कमेटी बनाई थी**

पहले इंग्लिश मीडियम स्कूलों की पड़ताल की तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। राज्य के करीब 17 महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में नामांकन शून्य है। जबकि प्रदेश के 3737 स्कूलों में इंग्लिश मीडियम के विद्याथिर्यों का औसत नामांकन 132 छात्र ही है। पहली से आठवीं कक्षा में 255 सीटें स्वीकृत हैं। हालात यह है कि प्रदेश के 80 प्रतिशत इंग्लिश मीडियम स्कूलों में निर्धारित सीटें भी नहीं भर पा रही है। पिछली सरकार के कार्यकाल में फर्स्ट फेज में 2019-20 में प्रत्येक जिला मुख्यालय पर एक-एक महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल खोला गया। वर्ष 2023-24 तक तक कुल पांच फेज में इनकी संख्या 3737 हो गई है। राज्य के इन स्कूलों में 6.76 लाख नामांकन है। जिसमें से 1.81 लाख हिंदी मीडियम स्कूल के छात्र-छात्राएं हैं। जबकि 4.95 लाख इंग्लिश मीडियम स्कूल के विद्यार्थियों की संख्या है। इन 3737 स्कूलों में 2109 स्कूल 6ठीं कक्षा तक इंग्लिश मीडियम में संचालित हैं। शेष कक्षाएं हिंदी मीडियम की हैं। इन स्कूलों में अगले सत्र से अंग्रेजी मीडियम की सातवीं कक्षा में प्रवेश शुरू होंगे।

राज्य के स्कूलों में एक जुलाई से नया शिक्षा सत्र शुरू होगा। पिछले साल इंग्लिश मीडियम स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया 3 मई से शुरू हो गई थी। लेकिन इस बार अभी तक प्रवेश को लेकर कोई गाइडलाइन जारी नहीं हुई है। ऐसे में अभिभावक और शिक्षक दोनों ही इन स्कूलों के भविष्य को लेकर चिंतित हैं। अब कमेटी की रिपोर्ट के बाद तो और अभिभावकों में संशय की स्थिति बन गई।

मदन दिलावर, शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार का कहना है कि अंग्रेजी मीडियम स्कूलों को बंद नहीं किया जाएगा। कक्षावार 10 से कम नामांकन है ऐसे स्कूलों को वापस हिंदी मीडियम में बदला जाएगा। महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में शिक्षकों की पोस्टिंग के लिए हुई चयन परीक्षा में चयनित शिक्षकों का पदस्थापन भी जल्द किया जाएगा।

# सांखू फोर्ट ग्राम पंचायत को पंचायत समिति बनाने की मांग, ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया

**सादुलपुर, (निसं)।** सांखू फोर्ट ग्राम पंचायत को पंचायत समिति बनाने की मांग को लेकर कस्बे सहित क्षेत्र के लोगों विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वाले लोगों ने कहा कि हाल में पंचायत समिति बनाने का प्रस्ताव जारी हुआ है, जिसमें सांखू फोर्ट का नाम नहीं है, इसको लेकर ग्रामीणों ने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन कर पंचायत समिति बनाने की मांग की है।

जानकारी में विरोध-प्रदर्शन करने वाले लोगों ने कहा है कि झुंझुनूं-राजगढ़ सड़क मार्ग बनने से सांखू फोर्ट हर क्षेत्र से सीधा जुड़ा है। पंचायत समिति क्षेत्र बनाने सहित समिति मुख्यालय की दृष्टि से यह ग्राम पंचायत सक्षम है। सांखू ग्राम पंचायत में पंचायत समिति की दृष्टि सार्वजनिक भूमि भी उपलब्ध है। भवन व अन्य सुविधाएं उपलब्धता के लिए भी यह उपयुक्त स्थान हैं। यह राजगढ़ तहसील का सबसे बड़ा गांव है। जिसमें में राउमावि, महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पशु चिकित्सालय, राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय, पुलिस चौकी, बैंक, उप डाकघर, गोशाला, परिवहन संसाधन, चारों ओर गांवों से




ग्राम पंचायत सांखू फोर्ट को पंचायत समिति मुख्यालय बनाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

सड़क से जुड़ा हुआ है। पंचायत समिति बनाए जाने से सांखू फोर्ट, रावतसर कुंजला, सांखनताल, सुलखनिया, नेशल, लीलावठी, कालानाताल, विजयपुरा, खारियाबास, राऊ टिब्बा, बैजुवा तथा नौरंगपुरा, सहित कई ग्राम पंचायतों के गांवों को भी इसका लाभ मिलेगा। इसके बावजूद भी सांखू फोर्ट गांव का नाम प्रस्ताव में नहीं लिया गया है।

ग्रामीणों ने कहा कि यदि शीघ्र ही इस संबंध में कोई करवाई नहीं की जाती है तो कस्बे सहित क्षेत्र के लोगों द्वारा झुंझुनूं से राजगढ स्टेट हाइवे का चक्का जाम कर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं सरपंच प्रतिनिधि प्रेम सिंह, युवा नेता अंकित दीक्षित, उदावत, प्रतिनिधि सुनील सिंह, युवा नेता अरुण दीक्षित, उम्मेद सिंह तंवर, शिवरतन दीक्षित, प्रदीप भार्गव, सत्यप्रकाश, कैलाश गुर्जर, कुशला राम निमीवाल, कमल भाटी, रामधन प्रजापत, पवन, प्रवीण

- **पंचायत समिति बनाए जाने से सांखू फोर्ट, सांखनताल, रावतसर कुंजला, सुलखनिया, नेशल, लीलावठी, कालानाताल सहित कई ग्राम पंचायतों के गांवों को लाभ मिलेगा**
- **ग्रामीणों ने कोई करवाई नहीं होने पर झुंझुनूं से राजगढ़ स्टेट हाइवे जाम कर प्रदर्शन की चेतावनी दी**

कुमार, तौफीक लुहार, फारूक खान, रमेश कुमार, महेंद्र कुमार, सुभाष, हनुमान, रोहतास, विकाश, श्यामलाल, राजेश, राकेश, वीरेंद्र, संदीप, सहित अनेक लोगों ने पंचायत समिति बनाने की मांग की है।



मैं आमतौर पर बहुत कम बोलता हूं लेकिन जब बात मेरे देश, मेरे परिवार की इज्जत और सच्चाई की होती है, तो मैं चुप नहीं रह सकता। अरशद नदीम को निमंत्रण एक एथलीट से दूसरे एथलीट के नाते दिया गया था। - नीरज चोपड़ा

भारतीय एथलीट, पाक जैवलिन थ्रोअर अरशद नदीम को दिए गए निमंत्रण पर बोलते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी



**मोहम्मद शमी**

आईपीएल में मोहम्मद शमी ने इतिहास रच डाला है। उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच की सबसे पहली गेंद पर शेख रशीद का विकेट झटका। शमी ने आईपीएल में पहली गेंद पर सबसे ज्यादा बार विकेट चटकाया है। वहीं शमी अब तक किसी आईपीएल मैच की पहली गेंद पर विकेट ले चुके हैं। वो 2014, 2022, 2023 और अब 2025 में एक-एक बार मैच की पहली गेंद पर विकेट झटक चुके हैं। इन चार मौकों पर शमी ने जैक्स कैलिस (2014), केएल राहुल (2022), फिल साल्ट (2023) और अब आईपीएल 2025 में शेख रशीद को आउट किया।

**क्या आप जानते हैं ?...** राजस्थान रॉयल्स इंडियन प्रीमियर लीग की पहली विजेता टीम है जिन्होंने2008 इंडियन प्रीमियर लीग में ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज शेन वॉर्न की कप्तानी में जीता था।

## पाक के पूर्व क्रिकेटर ने अपने देश के मंत्री की लगाई क्लास

### आतंकवादियों को फ्रीडम फाइटर बताया था



नई दिल्ली, 25 अप्रैल। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पूरे देश में आक्रोश का माहौल है। ये आतंकवादी हमला जम्मू-कश्मीर के पहलगाम के बैसरन में मंगलवार 22 अप्रैल को हुआ, जिसमें 26 निर्दोष लोगों की मौत हो गई। इसके बाद से ही केवल देश ही नहीं, बल्कि दुनिया के कोने-कोने से कई तरह की प्रतिक्रिया सामने आ रही हैं। भारत सरकार ने भी इस हमले के बाद पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है और सिंधु जल समझौता बंद करने जैसे कई बड़े फैसले लिए हैं। वहीं एक पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर ने भी अपने ही देश के मंत्री की इस मुद्दे पर क्लास लगा दी।पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान की तरफ से भी प्रतिक्रिया सामने आई। पाकिस्तान के डिप्टी सीएम और विदेश मंत्री इशाक डार ने इस हमले को लेकर विवादित बयान दिया है। पाकिस्तानी डिप्टी पीएम ने पहलगाम में हमला करने वाले आतंकवादियों को फ्रीडम फाइटर बताया है। इशाक डार के इस बयान पर पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने करारा जवाब दिया है। दानिश कनेरिया ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर एक पोस्ट शेयर करके पाकिस्तानी डिप्टी पीएम के बयान के खिलाफ नाराजगी जताई। दानिश कनेरिया ने एक्स परलिखा कि जब पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री आतंकवादियों को स्वतंत्रता सेनानी कहते हैं, तो ये न केवल अपमानजक है, बल्कि ये भी दर्शाता है कि पाकिस्तान आतंकवाद को पूरी तरह सपोर्ट करता है। वहीं दानिश कनेरिया ने इससे पहले 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की थी दानिश सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं और अपने से जुड़े सवालों के जवाब भी लोगों को देते हैं।

## एलेक्जेंड्रा ऐला को हराकर इगा स्वियाटेक मैड्रिड ओपन के अगले दौर में

मैड्रिड 25 अप्रैल। पोलैंड इगा स्वियाटेक ने फिलीपींस की उभरती हुयी टेनिस खिलाड़ी एलेक्जेंड्रा ऐला को हरा कर मैड्रिड ओपन के अगले दौर में जगह बना ली है। गुरुवार को खले गये मुकाबले में चैंपियन इगा स्वियाटेक ने एलेक्जेंड्रा एला को 4-6, 6-4, 6-2 से हराकर टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया। वहीं एक अन्य मुकाबले में अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने खराब शुरूआत के बाद वापसी करते हुए यूक्रेन की डायना यस्त्रेम्स्का को 0-6, 6-2, 7-5 से हराया। अगले दौर में गॉफ का अमेरिका की अन ली से होगा। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन अमेरिका की मैडिसन कीज ने इटली की लुसिआ ब्रोनजेटी को 6-4, 6-3 से हराकर अंतिम 32 में जगह बनाई। अगले दौर में मैडिसन क्रीज का मुकाबला रूस की अन्ना कालिन्स्काया से होगा।

## नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक प्रतियोगिता में जापानी जेनकी डीन और श्रीलंकाई रुमेश परिथरेज शामिल

नई दिल्ली, 25 अप्रैल। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता जापान के जेनकी डीन और उभरते श्रीलंकाई रुमेश पथिरेज 24 मई को बेंगलुरु में नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक



प्रतियोगिता के पहले चरण में हिस्सा लेने वाले विदेशी सितारों में शामिल होंगे। 33 वर्षीय डीन ने चोपड़ा और किशोर जेना से पीछे रहते हुए 2023 हांग्झोउ एशियाई खेलों में 82.68 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता था। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 84.28 मीटर है जो उन्होंने 2012 में हासिल किया था। टूर्नामेंट के आयोजक जेएसडब्ल्यू ने एक विज्ञिप्त में कहा, "डीन एशियाई सर्किट के मजबूत खिलाड़ी हैं जो शीर्ष-10 विश्व रैंकिंग पर हैं और उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 84.28 मीटर का है। " श्रीलंका के नंबर एक भाला फेंक खिलाड़ी पथिरेज ने 2024 में कोरिया के मोकपो में एशियाई थ्रोइंग चैंपियनशिप में 85.45 मीटर के प्रयास के साथ 85 मीटर क्लब में प्रवेश किया जो उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

## चोटिल पाउला बडोसा ने मैड्रिड ओपन से नाम लिया वापस

मैड्रिड, 25 अप्रैल। स्पेन की महिला टेनिस स्टार पाउला बडोसा ने पीठ की चोट के कारण मैड्रिड ओपन से अपना नाम वापस ले लिया हैं। पाउला बडोसा का शुक्रवार को मैड्रिड ओपन से नाम वापस लेने की घोषणा करना स्पेन के टेनिस प्रशंसकों के लिये यह दोहरा झटका है। इससे पहले विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज कमर की चोट के कारण टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था। बडोसा ने आज सोशल मीडिया मंच पर टूर्नामेंट से वापस लेने की घोषणा करते हुए कहा, सभी को नमस्कार, मैं आपको बताना चाहती हूँ कि दुर्भाग्य से मैं मैड्रिड ओपन में भाग नहीं ले पाऊँगी।

# आरसीबी के खिलाफ मिली हार से टूटे राजस्थान रॉयल्स के सीईओ जेक लश मैकक्रम, दुख-दर्द मिटाने पहुंचे शराब की दुकान पर

बैंगलुरु, 25 अप्रैल। आईपीएल 2025 अब तक बेहद खास सीजन साबित हुआ है। वे टीम प्लेऑफ से बाहर होने की कगार पर हैं जो पहले भी चैंपियन रह चुकी हैं, वहीं उन टीमों ने दबदबा बनाया हुआ है जो कभी खिताब नहीं जीत पाई हैं। आईपीएल इतिहास की सबसे पहले चैंपियन टीम राजस्थान रॉयल्स का इस समय सबसे बुरा हाल है। राजस्थान के लिए प्लेऑफ की राह बहुत मुश्किल लग रही है। आरआर पिछले पांचों मैच गंवा चुकी है, इस बीच राजस्थान रॉयल्स के सीईओ जेक लश मैकक्रम को एक शराब की दुकान की तरफ जाता देखा गया जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर एक फैन ने वीडियो शेयर किया है, जिसमें जेक लश मैकक्रम बेंगलुरु स्थित एक दारू की दुकान की ओर बढ़ते दिख रहे हैं। जिस वीडियोग्राफर ने ये वीडियो रिकॉर्ड किया, उसने कहा कि मैकक्रम अपनी



टीम की हार के दर्द में शराब पीना चाहते हैं। आईपीएल 2025 में बीते गुरुवार राजस्थान रॉयल्स का सामना आरसीबी से हुआ, ये मैच एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला गया, इस मुकाबले में एक समय राजस्थान को जीत के लिए 8 ओवरों में 78 रनों की जरूरत थी और 7 विकेट उसके हाथ में थे। इसके बावजूद राजस्थान इस मुकाबले में 11 रनों से हार गई थी। ये लगातार तीसरा मैच है, जब राजस्थान लक्ष्य के बेहद करीब आकर मुकाबला गंवा बैठी हो। इससे राजस्थान के फैंस भी बहुत हताश हुए हैं। राजस्थान रॉयल्स ने अब तक खेले 9 मुकाबलों में सिर्फ 2 जीत दर्ज की हैं और पॉइंट्स टेबल में 4 अंकों के साथ ये टीम आठवें स्थान पर मौजूद है। अगर राजस्थान की टीम अपने अगले सारे मैच जीत लेती है तो उसके ज्यादा से ज्यादा 14 अंक हो पाएंगे। बता दें कि, प्लेऑफ में किसी भी टीम को पहुंचने के लिए 16 अंको की जरूरत होती है।

# सनराइजर्स हैदराबाद ने चेन्नई सुपर किंग्स को पांच विकेट से हराया



चेन्नई, 25 अप्रैल। हर्षल पटेल (चार विकेट), कप्तान पैट कमिंस और जयदेव उनादकट (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद इशान किशन (44) और कामिंडु मेंडिस (32) रनों की पारी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 43वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को पांच विकेट से हरा दिया।

155 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद की शुरुआत अच्छी नहीं रही। पहले ही ओवर में खलील अहमद ने अभिषेक शर्मा (शून्य) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये इशान किशन ने ट्रैविस हेड के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया।

छठे ओवर में अंशुल काम्बोज ने ट्रैविस हेड (19) को आउटकर चेन्नई को दूसरी सफलता दिलाई। हैदराबाद का तीसरा विकेट नौवें ओवर में हाइनरिक क्लासन (सात) के रूप में गिरा। नूर अहमद ने 12वें ओवर में अनिकेत वर्मा (19) को आउट किया। इसके बाद 14वें ओवर में नूर अहमद ने इशान किशन को आउटकर हैदराबाद को बड़ा झटका दिया। इशान किशन ने 34 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए (44) रनों की पारी खेली। सनराइजर्स हैदराबाद ने 18.4 ओवर में पांच विकेट पर 155 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। कामिंडु मेंडिस 22 गेंदों में (नाबाद 32) और नीतीश कुमार रेड्डी ने 13 गेंदों में (नाबाद 19) रनों की पारी खेली। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए नूर अहमद ने दो विकेट लिये। खलील अहमद, अंशुल काम्बोज और रवींद्र जडेजा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले गेंबदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत खराब रही थी और उसने पहले ही ओवर में शेख राशिद (शून्य) का विकेट गवां दिया। राशिद को मोहम्मद शमी ने आउट किया। उसके बाद बल्लेबाजी करने आये सैम करन ने आयुष म्हात्रे ने पारी को संभलाने का प्रयास किया। पांचवें ओवर में हर्षल पटेल ने सैम करन (नौ) को आउटकर चेन्नई को दूसरा झटका दिया। इसके बाद पैट कमिंस ने आयुष म्हात्रे 19 गेंदों में (30) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। चेन्नई का चौथा विकेट 10वें ओवर में रविंद्र जडेजा (21) के रूप में गिरा। चेन्नई को बड़े स्कोर की ओर ले जा रहे डेवाल्ड ब्रेविस को हर्षल ने आउट किया।

डेवाल्ड ब्रेविस ने 25 गेंदों में चार छक्के और एक चौका लगाते हुए सर्वाधिक (42) रन बनाये। शिवम दुबे (12) और दीपक हुड्डा (22) को जयदेव उनादकट को आउट किया। महेन्द्र सिंह धोनी (छह) और नूर अहमद (दो) को हर्षल ने आउट किया। सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजी आक्रमण के आगे चेन्नई सुपर किंग्स की पूरी टीम 19.5 ओवरों में 154 रन पर सिमट गई। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए हर्षल पटेल ने चार ओवर में 28 रन देकर (चार विकेट) लिये। पैट कमिंस और जयदेव उनादकट को दो-दो विकेट मिले। मोहम्मद शमी और कामिंडु मेंडिस ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# 9 मैचों में 7 में मिली हार, अब प्लेऑफ में कैसे पहुंचेगी राजस्थान रॉयल्स?



जयपुर, 25 अप्रैल। आईपीएल के इस सीजन में राजस्थान रॉयल्स की हालत काफी खराब है। अभी तक इस टीम ने 9 में से 7 मैचों में हार झेली है। इस टीम के अभी सिर्फ 4 अंक हैं और अंकतालिका में ये टीम अभी 8वें स्थान पर है। इस सीजन में अब राजस्थान को 5 लीग मैच और खेलने हैं, लेकिन क्या अब वो प्लेऑफ में पहुंच पाएगी ये बड़ा सवाल है।किसी भी टीम को वैसे तो प्लेऑफ में पहुंचने के लिए 16 अंक की जरूरत है। लेकिन राजस्थान की अभी जैसी हालत है उसके 16 अंक तो हासिल नहीं हो पाएंगे। राजस्थान के अभी 4 अंक हैं और वो अगले 5 मैच जीत भी जाती है तो उसके 10 अंक ही होंगे। कुल मिलाकर इस टीम के 14 अंक होंगे। अब सवाल ये है कि कुछ ऐसी स्थिति बन है कि 14 अंक हासिल करने वाली टीमें भी प्लेऑफ में पहुंची हैं, लेकिन हर बार ऐसा हो लगता तो नहीं है।

आईपीएल 2025 में 42 मैच खत्म होने के बाद अंकतालिका पर नजर डालें तो इस वक्त गुजरात पहले स्थान पर है जबकि दिल्ली दूसरे और आरसीबी तीसरे नंबर पर हैं। इन तीनों टीमों के 12-12 अंक हैं और ये तीनों टीम मौजूदा हालात के हिसाब से प्लेऑफ की सबसे बड़ी दावेदार दिख रही हैं। इसके अलावा इस रेस में मुंबई, लखनऊ और पंजाब भी मौजूद हैं जिनके 10-10 अंक हैं। अब अंकतालिका की मौजूदा स्थिति को देखते हुए राजस्थान के लिए मौका बनता तो नहीं दिख रहा है क्योंकि ये सभी टीमों उनसे काफी बेहतर स्थिति में नजर आ रही है।

### राजस्थान को जीत के साथ रन रेट बेहतर की जरूरत

हालांकि, क्रिकेट में कुछ भी हो सकता है और अगर टॉप में मौजूद टीमों के साथ कोई बड़ा उलटफेर होता है और उन्हें अगर लगातार हार का सामना करना पड़ता है तो स्थिति बदल सकती है, लेकिन इसके लिए राजस्थान को भी अपने सभी बाकी के मुकाबले जीतने होंगे। राजस्थान को सिर्फ जीत ही नहीं बल्कि अपने रन रेट को भी बेहतर करने की जरूरत होगी। इस टीम के पास अभी 14 अंक हासिल करने का मौका बचा हुआ है साथ ही उसे दुआ करनी होगी कि अन्य टीमों को हार मिले।

### पहलगाम हमले के बाद बीसीसीआई का बड़ा कदम

# पाकिस्तान मैचों को लेकर आईसीसी को पत्र लिखा

नई दिल्ली, 25 अप्रैल। दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को घातक आतंकवादी हमला हुआ है, जिसमें 26 मासूम पर्यटकों की जान चली गई थी। इस हमले के बाद भारत सरकार ने कई कड़े कदम पाकिस्तान के खिलाफ उठाए है। इसी कड़ी में कार्रवाई करते हुए अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को एक पत्र लिखकर एक बड़ा कदम उठाया है।

आईसीसी को लिखे इस पत्र में बीसीसीआई ने आग्रह किया है कि वे आईसीसी टूर्नामेंटों में भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में न रखें। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई अब भारत और पाकिस्तान के बीच कोई मुकाबला खेलना नहीं चाहता है। कम से कम आईसीसी के टूर्नामेंट में बीसीसीआई भारत-पाक के बीच कोई मुकाबला नहीं चाहता है। वैसे आईसीसी का अगला टूर्नामेंट सितंबर में खेला जाना है। इस टूर्नामेंट में भारत महिला वनडे विश्व कप की मेजबानी करेगा। पाकिस्तान ने आठ टीमों के टूर्नामेंट में जगह बना ली है, जहां प्रत्येक टीम राउंड-रॉबिन प्रारूप में अन्य सभी प्रतिभागियों के खिलाफ खेलेगी। पूर्व-निर्धारित व्यवस्था के अनुसार, पाकिस्तान भारत में अपना कोई भी मैच नहीं खेलेगा, तथा मेजबान देश ने अभी तक तटस्थ स्थल पर निर्णय नहीं लिया है। इससे पहले बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने पुष्टि की थी कि बीसीसीआई भारत सरकार के फैसले का ही पालन करेगा। मगर रिपोर्ट में कहा गया कि बीसीसीआई के एक शीर्ष अधिकारी ने वेबसाइट को बताया कि यह घटनाक्रम उनके लिए नई बात है। हालांकि एशिया कप का ड्रा मई में घोषित होने की उम्मीद है, लेकिन एशियाई क्रिकेट परिषद को ड्रा और स्थल दोनों के लिए अपने विकल्पों पर विचार करने में समय लग सकता है।

## यूनियन क्रिकेट क्लब ने जयपुर ग्रीन क्रिकेट क्लब को हराया

जयपुर, 25 अप्रैल। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अनुराग मिश्रा स्मृति बी डिवीजन लीग में पूल सी के मैच में यूनियन क्रिकेट क्लब ने जयपुर ग्रीन क्रिकेट क्लब को 2 विकेट से हराया। जी आर ग्राउंड पर जयपुर ग्रीन क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सक्षम सिंह के 40 रन, निशांत नेवाल के 31 रन, ध्रुव खंडेलवाल के 20 रन, कमल गुर्जर के 28 रन, कृतिन राज के 60 रन ईशान धाभाई के 16 रन से 49.1 ओवर में 232 रन बनाए। यूनियन क्रिकेट क्लब के लिए देवराज सैनी ने 78 पर 2, आदित्य टांक ने 37 पर 3, अशोक स्वामी ने 35 पर 2, आसिफ खान व कुणाल शर्मा ने एक - एक विकेट लिया। जवाबी पारी में यूनियन क्रिकेट क्लब ने देव प्रताप सिंह के 101 रन ( 54 गेंद, 16 चौके व 3 छक्के), नितेश कुमार के 18 रन, आदित्य चौधरी के 25 रन, दीपक चौधरी के 28 रन, आदित्य टांक के 44 रन से 40 ओवर में 236 रन बनाकर मैच जीत लिया। जयपुर ग्रीन के लिए कृतिन राज ने 39 पर 3, हरि सिंह ने 56 पर 2 व पीयूष ने 40 पर 2 विकेट लिए।



# केन्डलविक की जीत में आदित्य सर्राफ व रौनक सैनी चमके

जयपुर, 25 अप्रैल। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27 वीं नवीन-नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में आज नारायणा क्रिकेट ग्राउण्ड सिरसी ग्राम पर खेले गये पूल-ई के मैंच में आदित्य सर्राफ 4 ओवर में 14 रन देकर 3 विकेट, रोनक सैनी 49 रन (30 गेंद, 5 छक्के) व आकाश सिंह शेखावत 42 रन की मदद से केन्डलविक क्रिकेट एकेडमी ने एमी क्रिकेट एकेडमी को कडे मुकाबले में 3 विकेट से हराकर 2 अंक अर्जित किये।

टॉस जीतकर एमी क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अरमान खान 50 रन नाबाद (30 गेंद 4 चौके 2 छक्के). आयुष आमेरिया 41 रन, मोहम्मद जैद 22 रन, संदीप यादव 14 रन की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 166 रन बनाये गेंदबाजी में केन्डलविक क्रिकेट एकेडमी के आदित्य सर्राफ 14 रन पर 3 विकेट, हिमांक झालानी 24 रन पर 2 विकेट तथा आयुष गुर्जर 32 रन पर 1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहें।



जवाबी पारी में केन्डलविक एकेडमी ने अपने 3 प्रमुख बल्लेबाज 25 के स्कोर पर ही गवा दिये लेकिन मध्य क्रम में रोनक सैनी 49 रन, आकाश सिंह शेखावत 42 रन, अनिकेत श्रीवास्तव 23 रन तथा आयुष गुर्जर 14 रन नाबाद ने मिलकर विजय लक्ष्य 167 रन 7 विकेट खोकर 19.3 ओवर में 3 गेंद शेष रहते बनाकर नजदीकी मुकाबले में 3 विकेट से जीत अर्जित की। मैन ऑफ दा मैच रोनक सैनी 49 रन (30 गेंद, 5 छक्के) केन्डलविक क्रिकेट एकेडमी रहे।

# सनराइज फुटबाल क्लब ने एएसएल फुटबाल क्लब को 2-0 से शिकस्त दी

जयपुर, 25 अप्रैल। जयपुर इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट ग्राउंड गाड़ोता और रॉयल फुटबॉल क्लब ग्राउंड व मानसरोवर जयपुर में मैच खेले गए राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि आज के दिन 5 मैच खेले गए जिसमें सभी टीमों ने उत्कर्ष प्रदर्शन किया अभी तक 44 मैच खेले जा चुके है।

**आज रॉयल फुटबाल क्लब के मैदान में खेले गए मैच**

**प्रथम मैच-** सनराइज फुटबाल क्लब और ए एस एल फुटबाल क्लब के बीच खेला गया टीम सनराइज के अंशुरजमान 31 मिनट मुकेश 81 मिनट। सनराइज क्लब ने मैच 2/0 से जीता।

**दूसरा मैच-** रॉयल फुटबाल क्लब और जयपुर एलीट फुटबाल क्लब के बीच खेला गया मैच 0/0 से बराबरी पर रहा दोनों ही टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और आखरी समय तक कोई टीम गोल नहीं कर पाई !

आज जयपुर एलीट फुटबॉल क्लब ग्राउंड मानसरोवर के मैदान में खेले गए मैच

**तीसरा मैच-** राइजिंग राजस्थान फुटबॉल क्लब और जिंक फुटबाल अकादमी के बीच खेला पहले हॉफ में दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया गया मैच में जिंक फुटबाल अकादमी ने मैच 4/0 से जीता। दो गोल आशीष ने एक गोल भरत ने ओर एक आत्मघाती गोल स्वयं राजस्थान राइजिंग के खिलाड़ी से हुआ ।

**चौथा मैच-** सीटी वालव्स फुटबाल क्लब और जयपुर



राइजिंग फुटबाल क्लब के बीच खेला गया मैच 2/2 से बराबरी पर रहा। सीटी वाल्स की तरफ से गोल मोहम्मद आदिल 34 मिनट दीपक ओझा 41 मिनट में गोल किया। जयपुर राइजिंग की तरफ़ से गोल कण्ड मीणा 35 मिनट और सौविक घोषाल 57 मिनट पर किए।

आज ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबॉल क्लब ग्राउंड गाड़ोता के मैदान में खेले गए मैच

**पांचवां मैच-** ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबाल क्लब और जेरथी फुटबाल क्लब के बीच खेला गया मैच 0/0 से बराबरी पर रहा और दोनों टीमों ने आक्रामक खेल खेला अंत समय तक कोई टीम गोल नहीं कर पाई। आगामी फुटबाल लीग के मैच 28 अप्रैल को में खेले जाएंगे।

## उमरान मलिक की केकेआर कैम्प में वापसी, प्लेइंग इलेवन में मिलेगा मौका

कोलकाता, 25 अप्रैल। कोलकाता नाइट राइडर्स ने तूफानी गेंदबाज उमरान मलिक अपनी टीम से जुड़ गए हैं। अब वह आईपीएल 2025 में बाकी पूरे सीजन में केकेआर के साथ रहेंगे। हालांकि, एक निराशाजनक बात ये है कि अभी वह गेंदबाजी नहीं कर पाएंगे। उमरान मलिक कोलकाता में अपनी टीम के साथ जुड़ेंगे। वह रिहैबिलिटेशन और क्रिकेट में वापसी के लिए प्रोग्राम से जुड़ रहे हैं। केकेआर की टीम ने अपने एक्स अकाउंट पर इस बारे में जानकारी दी है। साथ ही उनका केकेआर परिवार में स्वागत किया गया है।उमरान मलिक लगातार चोटिल रहे। इसके चलते वह 2024-25 का पूरा घरेलू सत्र नहीं खेल पाए। उन्होंने अब तक आठ टी20 में 10.48 की इकॉनमी से रन देते हुए 11 विकेट लिए हैं। वहीं सकारिया ने दो टी20 खेले हैं, जिसमें उन्होंने 9.27 की इकॉनमी से एक विकेट लिया है। उमरान मलिक ने 157 किमी प्रति किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करके सुर्खियां बटोरी थीं। मलिक ने ये गेंद 5 मई 2022 को दिल्ली के खिलाफ फेंकी थी।

# राजीव गांधी की जीत में मनय कटारिया का शतक, श्यामसुंदर का ऑलराउंडर प्रदर्शन



जयपुर, 25 अप्रैल। चंबल स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित 17वी राज्य स्तरीय नन्द सिंह मेमोरियल क्रिकेट लीग में आज नारायणा ग्राउंड पर खेले गए मैच में राजीव गांधी ने जयपुर कॉल्ट्स को 4 विकेट से हराकर जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजीव गांधी के सलामी बल्लेबाज मनय कटारिया ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 158 रन बनाए। श्यामसुंदर 55, निशांत गुर्जर 25 , नितिन मरोडिया 26 रनों के सहयोग से 45 ओवर में 6 विकेट में 296 रन बनाए। जयपुर कॉल्ट्स की ओर से गेंदबाजी करते हुए आदित्य भोसले 2 विकेट, मयंक कुमावत , गौरव सैनी कृष्ण सैनी , अशाद मिर्जा ने 1-1 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए जयपुर कॉल्ट्स ने राजीव गांधी के श्यामसुंदर की घातक गेंदबाजी 7 विकेट के सामने अभय राजावत 83 , मयंक कुमावत 46 , अशाद मिर्जा 29, वंश अमेरिया 18 रनों के सहयोग से 35 ओवर में 200 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। राजीव गांधी की ओर से श्यामसुंदर ने 7 विकेट, दीपांशु राजौरिया 2 विकेट, भाविक चौधरी ने 1 विकेट लिया। आज का मन ऑफ मैच श्यामसुंदर रहे।

# मुख्यमंत्री भजनलाल ने निर्देश दिये: पाक नागरिकों के वीज़ा निरस्त करें

## केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री से वार्ता में गृह मंत्रालय के निर्देशों की पूरी पालना पर जोर दिया

जयपुर, 25 अप्रेल। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से वार्ता के पश्चात, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्र द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों के वीज़ा को लेकर जारी की गई गाइडलाइन की सख्ती से पालना हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को आश्वस्त किया कि पाकिस्तान नागरिकों के वीज़ा के संबंध में प्राप्त दिशा-निर्देशों का राज्य में कठोरता से पालना की जाएगी।

- **मुख्यमंत्री के निर्देशों की अनुपालना में अतिरिक्त मुख्य सचिव आनन्द कुमार ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में सभी जिला कलैक्टर व पुलिस अधीक्षक वीसी के माध्यम से उपस्थित रहे।**

इस क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनन्द कुमार ने शुक्रवार को सचिवालय में सम्बंधित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू, सी.आई.डी. सुरक्षा पुलिस महानिदेशक संजय अग्रवाल, गृह विभाग की शासन उप सचिव सोविला माथुर, राजेश जैन, समस्त पुलिस अधीक्षक एवं अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। सभी जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक वी.सी. के माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने पाकिस्तानी नागरिकों को जारी सार्क वीज़ा, शनिवार 26 अप्रैल से, एवं दीर्घकालिक वीज़ा, राजनयिक और आधिकारिक वीज़ा को छोड़कर, सभी मौजूदा वैध वीज़ा रविवार 27 अप्रैल से तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिये हैं। पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए मेडिकल वीज़ा 29 अप्रैल, 2025 तक ही वैध रहेंगे। पाकिस्तानी नागरिकों का निष्कासन अटारी बॉर्डर से किया जाना है।

एसीएस (होम) ने संबंधित पुलिस अधीक्षकों एवं एफ.आर.ओ को निर्देश दिए कि ऐसे पाक नागरिक, जो लाँग टर्म वीज़ा के अतिरिक्त अन्य वीज़ा पर राज्य में निवासरत हैं, उनके निष्कासन की कार्यवाही गृह मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों में वर्णित समय सीमा के अनुसार की जाये।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा*

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा पिछले बुधवार को कानून व्यवस्था के सम्बंध में ली गई बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुसार, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा राज्य में पूर्ण चौकसी रखने, आमजन और पर्यटकों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने, सोशल मीडिया पर निगाह रखने की अक्षरशः पालना के भी निर्देश दिए गए।

# बीएसएफ जवान को छोड़ने से इन्कार कर रहे हैं पाक रेंजर्स

चंडीगढ़ , 25 अप्रैल। पंजाब के फिरोजपुर बॉर्डर पर गलती से सरहद लांघ कर पड़ोसी मुल्क की सीमा से पाकिस्तानी सेना द्वारा पकड़े गए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जवान को अभी तक रिहा नहीं किया गया है। 48 घंटे बीत जाने के बावजूद पाकिस्तानी रेंजर्स बीएसएफ कांस्टेबल पीके सिंह को छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। बीएसएफ और पाक रेंजर्स के बीच दो बार फ्लैग मीटिंग भी हो चुकी है, लेकिन दोनों बार मीटिंग बेनतीजा रही। बीएसएफ अधिकारियों को पाकिस्तान की हिरासत में कांस्टेबल पीके सिंह की चिंता सता रही है। यह भी चिंता हो रही है कि पाकिस्तानी सेना बीएसएफ जवान के साथ किस तरह का सलूक कर रही होगी। 48 घंटे का समय बहुत ज्यादा होता है। इससे पहले जब कभी भी गलती से कोई जवान एक-दूसरे मुल्क की सीमा में आता या जाता था तो उसे फ्लैग मीटिंग के बाद वापस लौटा दिया जाता था। कई बार तो दोनों देशों के नागरिकों को भी इसी तरह सुरक्षित लौटाया गया है।

- **गलती से सीमा पार गया बीएसएफ का जवान 48 घंटे से पाक रेंजर्स की गिरफ्त में है। बीएसएफ तथा पाक रेंजर्स की फ्लैग मीटिंग भी हुई है पर नतीजा नहीं निकला।**

# राजा इकबाल दिल्ली के नए मेयर निर्वाचित

## डिप्टी मेयर के पद पर जय भगवान यादव निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं

नयी दिल्ली, 25 अप्रैल। भाजपा के राजा इक़बाल सिंह दिल्ली के मेयर और जय भगवान यादव डिप्टी मेयर चुने गए।

दिल्ली नगर निगम के मेयर और डिप्टी मेयर के आज हुए चुनाव में राजा इक़बाल ने मेयर पद के चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार मनदीप सिंह को 125 वोटों से हराया। मेयर पद के निर्वाचन के लिए कुल 142 वोट डाले गए जिसमें से एक वोट अवैध घोषित किया गया।

राजा इक़बाल को 133 मत प्राप्त हुए वहीं मनदीप सिंह ने आठ मत हासिल किये। इससे पहले राजा इकबाल सिंह दिल्ली नगर निगम में विपक्ष के नेता रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर भाजपा के जय भगवान यादव डिप्टी मेयर के पद पर निर्विरोध चुने गए। जय भगवान यादव बेगमपुर, वार्ड संख्या-27 से पार्षद हैं। उनकी प्रतिद्वंदी उम्मीदवार, कांग्रेस की पार्षद, सुअरीबा खान ने अपना नामांकन वापस ले लिया।

राजा इक़बाल सिंह मेयर चुने जाने के बाद कहा कि दिल्ली नगर निगम में भाजपा की सरकार दिल्ली के नागरिकों को बेहतर नागरिक सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि शहर में स्वच्छता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं की दिशा में योजनाबद्ध रूप से सकारात्मक कार्य किये जायेंगे। कूड़े के पहाड़, जलभराव की समस्या के समाधान की तरफ विशेष ध्यान दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि गत वर्षों में विकास को जो गति धीमी हो गयी थी उसको गति दी जायेगी और जनता के हित में बिना भेदभाव के जनहित में कार्य किया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी ने मेयर और डिप्टी मेयर पद के चुनाव का बहिष्कार किया और चुनाव में भाग नहीं लिया।

- **राजा इकबाल को 133 और उनके प्रतिद्वंदी, कांग्रेस के मनदीप सिंह को मात्र 8 वोट मिले। जय भगवान के सामने खड़ी प्रत्याशी कांग्रेस की अरीबा खान ने नाम वापस ले लिया।**

# 'भारत और पाकिस्तान संयम बरतें'

संयुक्त राष्ट्र/नई दिल्ली, 25 अप्रैल। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों में बढ़ ती कड़वाहट के बीच, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने दोनों देशों से अधिकतम संयम बरतने और यह सुनिश्चित करने की अपील की है कि स्थिति और न बिगड़े।

महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने गुरुवार को दैनिक प्रेस वार्ता में एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि हालांकि संयुक्त राष्ट्र महासचिव का दोनों देशों में से किसी के साथ कोई सीधा संपर्क नहीं है, लेकिन मैं पुष्टि कर सकता हूं कि वह स्थिति पर बहुत बारीकी से और बहुत चिंता के साथ नजर रख रहे हैं।

दुजारिक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र 21 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने में बहुत स्पष्ट है, जिसमें पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों को मार डाला था।

- **संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा, दोनों देश यह सुनिश्चित करें कि स्थिति न बिगड़े।**

# पहलगाम आतंकी हमले के संदिग्धों के घर विस्फोट से तोड़े

श्रीनगर, 25 अप्रैल। दक्षिण कश्मीर के पुलवामा और अनंतनाग जिलों में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दो आतंकवादियों के मकानों को ध्वस्त कर दिया गया है, जिन पर पहलगाम आतंकवादी हमले में शामिल होने का संदेह है।

अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि ये घर पुलवामा के त्राल के मोनाघामा इलाके के आसिफ शेख और अनंतनाग के आदिल हुसैन थोकर के थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि विस्फोटक सामग्री की मौजूदगी के कारण घरों को काफी नुकसान पहुंचा है। गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात विस्फोट करके घरों को गिरा दिया गया। अधिकारी ने कहा, "दोनों स्थानों पर सुरक्षा बलों द्वारा की गई तलाशी के दौरान कुछ संदिग्ध वस्तुएं मिलीं। संभावित खतरे को भांपते हुए सुरक्षा बल तुरंत पीछे हट गए। कुछ ही देर बाद बड़े विस्फोट करके मकान को नष्ट कर दिया गया।"

- **तलाशी में सुरक्षा बलों को इन घरों में संदिग्ध वस्तुएं मिली थीं।**

त्राल के स्थानीय निवासियों ने दावा किया कि शेख के घर पर विस्फोट तब किया गया, जब सुरक्षा बलों ने परिवार को वहां से निकाल लिया था।

माना जा रहा है कि जिन दो आतंकवादियों के मकान ध्वस्त किये गये, वे उस समूह का हिस्सा थे, जिसने पहलगाम के पास बैसरन मैदान में पर्यटकों पर जानलेवा हमला किया था, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे।

पुलिस ने गुरुवार को प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर तीन हमलावरों के स्केच जारी किए।

### भारत अब...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जिनमें इस निर्णय के क्रियान्वयन के रास्ते में आने वाली कानूनी चुनौतियाँ भी शामिल हैं। दूसरी ओर, पाकिस्तान ने इन गतिविधियों पर बड़ी सख्त प्रतिक्रिया दी है। "पाकिस्तान नैशनल सिक्योरिटी कमेटी" ने कहा है कि "भारत द्वारा सिन्धु जल को रोकने या उसका रास्ता बदलने के किसी भी प्रयास को "युद्ध की कार्यवाही" माना जायेगा।" सन् 1960 में हुए समझौते को उसके 24 करोड़ नागरिकों की "लाइफलाइन" बताते हुये, इस्लामाबाद ने जोर देते हुये कहा कि इस समझौते को एकतरफा रुप से स्थगित नहीं किया जा सका। इस्लामाबाद ने बदले की कार्यवाही की चेतावनी दी है।

### सेना प्रमुख ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गोलीबारी हुई।

सेना प्रमुख श्रीनगर में व्यापक सुरक्षा समीक्षा भी करेंगे। उनके पहलगाम के पास बैसरन क्षेत्र का दौरा करने की भी संभावना है, जहां पर्यटकों पर हमला हुआ था। वह हमलावरों का पता लगाने के लिए मंगलवार को शुरू किए गए अभियान की समीक्षा भी करेंगे।

# केन्द्र ने वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया

## केन्द्र सरकार ने कहा कि वक्फ संशोधनों का उद्देश्य वक्फ संपत्ति के प्रबंधन का नियंत्रण है इसलिए इन पर अंतरिम रोक न लगाई जाए

नयी दिल्ली, 25 अप्रैल। केंद्र सरकार ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के मामले में उच्चतम न्यायालय के समक्ष अपना प्रारंभिक हलफनामा दाखिल कर इस विवादास्पद कानून की संवैधानिक वैधता का दृढ़ ता से बचाव किया है। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के माध्यम से दाखिल किए गए इस हलफनामे में केंद्र ने उन दलीलों को खारिज कर दिया है कि संशोधन संविधान के तहत मौलिक अधिकारों, विशेष रूप से अनुच्छेद 25 और 26 के तहत दिए गए अधिकारों का उल्लंघन करते हैं।

संयुक्त सचिव शेरशा सी. सैदिक मोहिद्दीन द्वारा प्रस्तुत हलफनामे में इस बात पर जोर दिया गया है कि संशोधनों का उद्देश्य केवल वक्फ संपत्ति प्रबंधन के धर्मनिरपेक्ष पहलुओं को विनियमित करना है। यह धार्मिक स्वतंत्रता या इस्लामी अनुष्ठानों में हस्तक्षेप नहीं करता है।

- **केन्द्र सरकार ने कहा कि इन संशोधनों के तहत इस्लामी मान्यताओं व मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता में कोई हस्तक्षेप नहीं होता है।**

केंद्र सरकार ने संसद द्वारा बनाए गए सभी कानूनों के लिए संवैधानिकता की कानूनी धारणा का हवाला देते हुए सर्वोच्च न्यायालय से अधिनियम के प्रावधानों पर अंतरिम रोक न लगाने का आग्रह किया। केंद्र के हलफनामे में स्पष्ट तौर पर कहा, यह अधिनियम केवल प्रक्रियात्मक और प्रशासनिक आयामों जैसे रिकॉर्ड रखने और वक्फ संपत्तियों के प्रशासन से संबंधित है। यह किसी भी आवश्यक धार्मिक प्रथाओं, अनुष्ठानों या दायित्वों में हस्तक्षेप से बचता है। केंद्र ने 'वक्फ-बाय-यूजर' की छूट पर चिंताओं को भ्रामक और निराधार बताया। सरकार ने स्पष्ट किया कि आठ अप्रैल, 2025 तक पहले से पंजीकृत सभी मौजूदा वक्फ भूमि पूरी तरह से संरक्षित हैं।

केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया कि अनिवार्य पंजीकरण की अवधारणा 1923 से लगातार वक्फ कानूनों के तहत अस्तित्व में है। सरकार ने जोर देकर कहा कि वक्फ पंजीकरण कोई नई आवश्यकता नहीं है, संशोधन केवल नियामक हैं। इससे धार्मिक अधिकारों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। सरकार ने कहा, यह एक स्पष्ट और अनिवार्य विधायी व्यवस्था है, जो सभी वक्फों का पंजीकरण सुनिश्चित करती है।

केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिमों को शामिल करने पर आपत्तियों को खारिज करते हुए केंद्र सरकार ने कहा कि ये निकाय प्रकृति में धर्मनिरपेक्ष हैं और धार्मिक प्रथाओं का प्रशासन नहीं करते हैं। सरकार ने जोर देकर कहा कि उनकी भूमिका नियामक और सलाहकार की है।

### दो दिन में ही ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

से ज्यादा लोग आजीविका के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इसी पर निर्भर हैं। पहलगाम हादसे के कारण पहले ही भारी नुकसान हुआ है, बल्कि जनता में नकारात्मक छवि भी बनी है।

राष्ट्रीय स्तर पर मीडिया की सुर्खियों ने डर बढ़ा दिया है, जो लोग छुट्टियों में कश्मीर आने की योजना बना रहे थे, अन्य विकल्प खोज रहे हैं, जैसे हिमाचल, उत्तराखंड आदि।

इसी बीच, छोटे-छोटे व्यवसायियों, सोनमर्ग के टट्टू वाले से लेकर श्रीनगर के हैंडीक्राफ्ट वालों तक, को इस नुकसान की पीड़ा महसूस होने लगी है।

लेक में हाउस बोट चलाने वाले अल्ताफ अहमद ने कहा, हम अभी ही तो महामारी के नुकसान से उबरने लगे थे। इस हमले ने हमारे भविष्य पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है।

जम्मू-कश्मीर सरकार ने सुरक्षा बढ़ाने और पर्यटकों को आश्वासन देने के लिए त्वरित कदम उठाए। लेकिन उद्योग जगत जानता है, नुकसान खासकर मानसिक क्षति बहुत गहरी है। पर्यटकों का भरोसा बहाल होने में समय लगेगा।

कश्मीर फिर से घायल है और लोग, खासकर वे, जिनकी आजीविका पर्यटकों पर निर्भर है, वही दर्दनाक सवाल पूछ रहे हैं कि बंदूकें कब शांत होंगी और पर्यटक आना कब शुरु होंगे।

### सुप्रीम कोर्ट ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गांधी भी "आपका वफादार सेवक" जैसे शब्दों का प्रयोग किया करते थे? क्या उन्हें (राहुल) मालूम है कि उनकी दादी ने इस स्वतंत्रता सेनानी को पत्र लिखकर उनकी प्रशंसा की थी? उन्हें स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में गैर जिम्मेदार बयान मत देने दीजिये। आप स्वतंत्रता सेनानियों का इतिहास-भूगोल जाने बिना इस प्रकार के बयान नहीं दे सकते।"

अदालत उस याचिका की सुनवाई कर रही थी, जिसमें इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें विनायक दामोदर सावरकर के खिलाफ की गई टिप्पणियों के लिये एक मजिस्ट्रेट कोर्ट द्वारा जारी किये गये सम्मनों को रद्द करने से इनकार कर दिया गया था।

उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने गांधी की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था तथा कहा था कि गांधी के पास उच्च न्यायालय में आने के बजाय, को ऑफ क्रिमिनल प्रॉसिजर की धारा 397 (रिव्यू ऑफ रिकॉर्ड्स ऑफ लोअर कोर्ट) के तहत, सत्र न्यायालय जाने का विकल्प है।

सत्र न्यायालय ने याचिका स्वीकार कर ली थी, तथा उसे अभी मजिस्ट्रेट कोर्ट में वापस भेज दिया था, जिसने गांधी को सम्मन जारी किये थे।

अपने आदेश में मजिस्ट्रेट कोर्ट ने कहा था कि गांधी ने कहा है कि सावरकर एक "ब्रिटिश सर्वेन्ट" थे, जिन्हें पेन्शन मिलती थी।

# ईरान और सऊदी अरब ने भारत -पाक के बीच मध्यस्थता की पेशकश की

तेहरान, 25 अप्रैल। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान में युद्ध जैसे हालात बनते जा रहे हैं। दोनों ओर से हो रही आक्रामक बयानबाजी से उपजे तनाव और जंग की आशंका को देखते हुए दुनिया के दो अहम देश चीजों को ठीक करने के लिए आगे आए हैं। ये देश मुस्लिम जगत की दो बड़ी ताकतें- ईरान और सऊदी अरब हैं। ईरान ने कहा है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने के लिए तैयार है। वहीं, सऊदी अरब के विदेश मंत्री ने पाकिस्तान और भारत के विदेश मंत्रियों से बात की है। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बातचीत की पुष्टि की है।

ईरानके विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने शुक्रवार शाम एक ट्वीट किया है। इस ट्वीट में ईरानी विदेश मंत्री ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान दोनों ईरान के पडोसी हैं। दोनों ही देशों के साथ ईरान के सदियों पुराने सांस्कृतिक संबंध हैं। ईरान पडोसी होने के नाते दोनों देशों को अपनी प्राथमिकता मानता है। भारत और पाकिस्तान इस वक्त एक मुश्किल वक्त में है। ईरान इस मुश्किल समय में दोनों देशों के बीच समझ बढ़ ाने के लिए तैयार है।

- **सऊदी अरब के विदेश मंत्री ने भारत व पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों से बात की। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इसकी पुष्टि की।**

सैयद अब्बास अराघची ने फारसी कवि सादी की कविता अपने ट्वीट के साथ शेयर की है। इस कविता का भाव कुछ इस तरह से है कि दुनिया के सभी इंसान एक ही तरह के हैं। अगर कहीं एक इंसान को दर्द होता है, तो बाकी इंसान भी बेचैन रहेंगे। इस कविता का मतलब यही है कि दुनिया में हर जगह शांति रहे और सभी इंसान एक दूसरे से प्यार करते हुए अमन से रहें।

पाकिस्तान के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री इशाक डार ने सऊदी के विदेश मंत्री से बातचीत होने की जानकारी दी है। इशाक डार ने ट्वीट करते हुए लिखा कि सऊदी के विदेश मंत्री से फोन पर बात हुई है। पाक विदेश मंत्री ने कहा कि भारत के एकतरफा फैसलों के बाद पाकिस्तान की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति में लिए गए निर्णयों के बारे में प्रिंस फैसल को जानकारी दी।

### इसरो के पूर्व ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कस्तूरीरंगन के निधन पर गहरा दुःख प्रकट करते हुए राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को याद किया है। उन्होंने महान वैज्ञानिक के परिवार, उनके विद्यार्थियों, वैज्ञानिक साथियों तथा अनगिनत प्रसंशकों के प्रति दुख की इस घड़ी में संवेदना व्यक्त की है।

मोदी ने कहा, नयी शिक्षा नीति (एनईपी) का मसौदा तैयार करने में डॉ. कस्तूरीरंगन की भूमिका के लिए देश सदैव ऋणी रहेगा। डॉ. कस्तरीरंगन ने इस नीति में यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि देश में पढ़ ाई-लिखाई अधिक समग्र तथा भविष्योन्मुखी हो। उन्होंने अनेक वैज्ञानिकों और अनुसंधानकर्ताओं का विलक्षण रूप से पथ-प्रदर्शन किया।

डॉ. कस्तूरीरंगन 2003 से 2009 तक राज्यसभा के सदस्य रहे और योजना आयोग के सदस्य के रूप में भी कार्य किया।वह 1994 से 2003 तक इसरो के अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों के निर्माता थे।

# नेशनल हैरल्ड मामले में सोनिया और राहुल गांधी को राहत

## रॉउज़ एवेन्यु कोर्ट ने मनी लाँडरिंग मामले में नोटिस जारी करने से इन्कार किया

नई दिल्ली, 25 अप्रैल। नेशनल हैरल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रॉउज एवन्यू कोर्ट ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी को नोटिस जारी करने से फिलहाल इनकार कर दिया। राउज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज विशाल गोगने ने कहा कि जब तक अदालत को पूरा संतोष न हो जाए, तब तक नोटिस जारी नहीं किया जा सकता।

अदालत ने पाया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दाखिल की गई चार्जशीट में कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेजों की कमी है।

जज ने निर्देश दिया कि ईडी पहले वह दस्तावेज दाखिल करे, इसके बाद ही नोटिस जारी करने पर विचार किया जाएगा। अब इस मामले की अगली सुनवाई अगले शुक्रवार (2 मई) को होगी।

उल्लेखनीय है कि इसी महीने ईडी ने इस मामले में सोनिया गांधी, राहुल गांधी सहित अन्य कांग्रेस नेताओं के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 की धारा 44 और 45 के तहत अभियोजन शिकायत दाखिल की है।

ईडी ने कोर्ट से कहा कि हमारी तरफ से कुछ भी नहीं छिपाया जा रहा है। संज्ञान लिए जाने से पहले, उन्हें अपनी बात रखने का मौका दिया जा रहा है। हम नहीं चाहते कि आदेश जारी करने में ज्यादा वक्त लगे। इसलिए कोर्ट को नोटिस जारी करना चाहिए।

इस पर जज ने कहा कि जब तक कोर्ट इस बात से संतुष्ट नहीं हो जाती कि नोटिस की जरूरत है, वह कोई आदेश पारित नहीं कर सकती।

आदेश जारी करने से पहले यह देखना होता है कि उसमें कोई कमी तो नहीं है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 2 मई की तारीख तय की है।

### नाबालिग छात्रा ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पड़ोसी के फोन से अभियुक्त को फोन किया था और उसके बाद से उसकी बेटी का कोई पता नहीं है। इसके अलावा, अभियुक्त को नंबर भी बंद आ रहा है। अभियुक्त उसकी बेटी को बहलाकर ले गया है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया। जांच में पता चला कि आरोपी, पीड़िता को गाजियाबाद, दिल्ली और गोवा सहित अन्य जगहों पर ले गया था और वहां पर उसके साथ कई बार जबरन दुष्कर्म किया।

### 'हम तीन दशक से ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उन्होंने कहा, "हम भारत द्वारा की गई किसी भी कार्रवाई का जवाब नाप तोल कर देंगे। अगर कोई पूर्ण हमला होता है, तो स्पष्ट है कि इसका उत्तर भी पूर्ण युद्ध होगा।" उन्होंने आगे कहा, "अगर चीजें गलत दिशा में गई, तो इस टकराव का दुखद परिणाम हो सकता है।"

जब उनसे पूछा गया कि दुनिया को चिंतित होना चाहिए, तो उन्होंने जवाब दिया: "हाँ, मुझे ऐसा लगता है। दो परमाणु शक्तिों के बीच टकराव हमेशा चिंता का विषय होता है।"

बिना किसी सबूत के, उन्होंने भारत पर पहलगाम हमले को "स्टेज" करने का आरोप लगाया और देश में चल रही इन अटकलों को बल दिया कि यह कदम शायद आगामी बिहार विधानसभा चुनावों के मद्देनज़र केंद्र सरकार की गिरती साख को बचाने के लिए उठाया गया हो।

उन्होंने दावा किया, "हम यह समझ सकते हैं कि यह पूरी घटना किसी प्रकार के क्षेत्रीय संकट को पैदा करने के लिए रची गई थी, विशेष रूप से हमारे खिलाफ।"

जब उनसे पूछा गया कि उनका क्या मतलब है, तो आसिफ ने कहा, "मैं व्यक्तिगत रूप से और हमारी सरकार भी, पिछले दो दिनों में इस घटना की बिना शर्त कड़ी निंदा कर चुकी है कि किसी भी प्रकार के आतंकवाद की कड़ी निंदा की जानी चाहिए।"

जब उनसे सीधा पूछा गया कि क्या वे भारत को दोषी ठहरा रहे हैं, तो आसिफ ने जवाब दिया: "हाँ, हाँ, हाँ। बिल्कुल, वे खुद ही ऐसी स्थितियां बनाते हैं।"

### पाक नागरिकों ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

इससे पहले केंदीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बात कर उनसे अपने-अपने राज्यों में पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर केंद्र सरकार को इसकी जानकारी देने को कहा था।

# भारत ने अपने "रैस्पाँस" से पाकिस्तान...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अलावा, देश का विदेशी कर्ज, जी.डी.पी. (सकल घरेलू उत्पाद) के 40 प्रतिशत से भी अधिक हो चुका है, जिसे चुकाना अब और भी मुश्किल होता जा रहा है। भारत के हालिया कदमों ने इन आर्थिक परेशानियों को और गहरा कर दिया है।

भारत द्वारा सिंधु जल संधि को निलंबित करने का फैसला पूरे पाकिस्तान में चिंता की लहर पैदा कर रहा है। सिंधु नदी पाकिस्तान की कृषि व्यवस्था की जीवन रेखा है, जो देश की जी.पी.डी. का लगभग 24 प्रतिशत है और करीब 40 प्रतिशत आबादी को रोजगार देती है। यदि भारत इस महत्वपूर्ण जल स्त्रोत को रोकता है, तो इससे कृषि उत्पादन में भारी गिरावट आ सकती है। इससे न केवल खाद्य संकट पैदा होगा, बल्कि कीमतों में भारी बढ़ोतरी होगी। पहले से ही कम पैदावार और बढ़ती लागत से परेशान किसान बुरी तरह प्रभावित होंगे। कृषि उत्पादन में गिरावट से जी.डी.पी. में 1.5 से 2 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है, जो पाकिस्तान की वित्तीय स्थिति को और बिगाड़ देगी। आम नागरिक इस प्रभाव को सबसे ज़्यादा महसूस करेगा, जब खाद्य सामग्री और ज़रूरी चीज़ों की कीमतें आसमान छूने लगेंगी।

इसके साथ ही, भारत और पाकिस्तान के बीच व्यापार मार्गों को बंद करना पाकिस्तान की लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था के लिए एक और बड़ा झटका है। दोनों देशों के बीच होने वाला, सालाना 2 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार ठप्प हो गया है, जिससे उन उद्योगों की आपूर्ति श्रृंखलाएं प्रभावित हुई हैं, जो भारतीय सामानों पर निर्भर थीं। मैनुफैक्चरिंग सैक्टर, जो पहले से ही कच्चे माल के बढ़ते दामों और महंगाई के दबाव में है, के सामने अब महंगे विकल्प तलाशने की नई समस्या भी खड़ी हो गई है।

इससे उत्पादन लागत बढ़ेगी, महंगाई और ज्यादा होगी, और पाकिस्तानी उत्पाद वैश्विक बाज़ार में प्रतिस्पर्धा खो बैठेंगे। पहले से ही चिंताजनक व्यापार घाटा और बढ़ने की आशंका है, क्योंकि अब पड़ोसी देश के बाज़ारों तक उसकी पहुँच नहीं है तथा उसे दूसरे ट्रेड रुटों पर निर्भर रहना होगा, जो अधिक महंगे हैं तथा जिनमें समय भी ज्यादा लगता है।

निवेशकों का विश्वास भी गहराई से प्रभावित हुआ है। बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के चलते पाकिस्तान को प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (फॉरैन डायरैक्टर इन्वैस्टमैंट/एफ.डी.आई.) में और गिरावट का सामना करना पड सकता है। 2025 की पहली तिमाही में, एफ.डी.आई. में 17 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी और यह गिरावट जारी रहने की संभावना है, क्योंकि निवेशक अधिक सावधान हो गए हैं। सुरक्षा तथा राजनीतिक खतरों में वृद्धि के कारण, पाकिस्तान निवेशकों के लिए कम आकर्षक होता जा रहा है। विदेशी पूंजी की कमी, पाकिस्तान की कर्ज चुकाने की क्षमता और विदेशी मुद्रा भंडार को बनाए रखने की क्षमता पर गंभीर असर डाल सकती है।

इन तमाम घटनाओं का सबसे बड़ा असर आम जनता पर पड रहा है। महंगाई पहले ही बहुत अधिक है, और कृषि उत्पादन और व्यापार में अवरोध के कारण खाद्य वस्तुओं की कीमतें और बढ़ने की संभावना है। खासकर ग्रामीण इलाकों में आम पाकिस्तानी परिवारों की क्रयशक्ति में भारी गिरावट आएगी। ऊर्जा क्षेत्र, जो पहले से ही संकटग्रस्त है, और अधिक चुनौतियों का सामना कर सकता है, क्योंकि जल प्रवाह कम होने से हइड्रो इलैक्ट्रिक बिजली उत्पादन प्रभावित होगा। इससे बार-बार बिजली कटौती होगी, जो रोज़मर्रा की जिंदगी और आर्थिक गतिविधियों को और बाधित करेगी। इस परिस्थिति में व्यापक असंतोष फैलेगा, विशेषरुप से यदि जनता को ऐसा लगा कि सरकार भारत द्वारा उठाए गए कदमों के आर्थिक परिणामों से निपटने में असमर्थ है।

पाकिस्तान के नेतृत्व के लिए वर्तमान स्थिति को अनदेखा करना संभव नहीं है। राजनीतिक और आर्थिक दबाव तेजी से बढ़ रहे हैं, और सरकार को इस स्थिति से निपटने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। सेना, जो पारंपरिक रूप से भारत के प्रति आक्रामक रुख अपनाती रही है, को अब अपने रुख पर गंभीरता से पुनर्विचार करना होगा। किसी भी तरह की सैन्य उग्रता के परिणाम विनाशकारी हो सकते हैं-विशेषकर जब दोनों देश परमाणु शक्ति संपन्न हैं। वहीं, पाकिस्तान की सरकार को कूटनीतिक प्रयासों और देश के भीतर मजबूत प्रतिक्रिया के बीच संतुलन बनाना होगा।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032, फैक्सः0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600